सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

गुरुवार, 28 मई, 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 21, अंक 144, पेज 12, 3.50 रुपये www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com



## सेंसेक्स में 142 अंकों की गिरावट

उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में बीएसई सेंसेक्स लगातार दूसरे दिन 142 अंक टूट गया जबकि एनएसई निफ्टी में मामूली छह अंक की गिरावट रही। } 10

## जनसांख्यिकीय परिवर्तन से उत्पन्न हुईं चुनौतियां

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जनसांख्यिकीय परिवर्तनों पर उच्च स्तरीय समिति के गठन के संबंध में कहा गया है कि अवैध प्रवासन के कारण जनसांख्यिकीय परिवर्तनों से व्यापक चुनौतियां उत्पन्न हुई हैं। } 12

## भीषण गर्मी में बरतें सावधानी : मोदी

### मौसम की मार झेल रहे पशु-पक्षियों का भी रखें ध्यान

एजेंसी



नयी दिल्ली। देश में भीषण गर्मी के मद्देनजर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों से ज्यादा से ज्यादा सावधानी बरतने की अपील करते हुए बुधवार को कहा कि इस मौसम में पर्याप्त पानी पीते रहना सबसे जरूरी है। प्रधानमंत्री ने एक्स पर पोस्ट कर कहा, बच्चे, बुजुर्ग और धूप में काम करने वाले लोग इस भीषण गर्मी में सबसे अधिक प्रभावित होते हैं। समय रहते ध्यान न देने पर यह स्थिति लू लगने (हीटस्ट्रोक) जैसी गंभीर समस्या का रूप ले सकती है। ऐसे समय में आपकी सतर्कता और देखभाल किसी का जीवन बचा सकती है। उन्होंने कहा देश के अलग-अलग हिस्सों में तापमान लगातार बढ़ रहा है और इसके साथ ही दैनिक जीवन में गर्मी से होने वाली कई कठिनाइयां भी बढ़ रही हैं। मैं सभी देशवासियों से आग्रह करता हूं कि जितनी अधिक सावधानी बरत सकें, अवश्य बरतें। कृपया पर्याप्त मात्रा में पानी पीते रहें, घर से बाहर निकलते समय पानी साथ रखें। ऐसे मौसम में आपकी संवेदनशीलता भी बहुत बड़ा सहारा बन जाती है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस प्रचंड गर्मी में पशु-पक्षियों को भी नहीं भूलना चाहिए। उन्होंने कहा अपने घर, बालकनी, छत, दुकान या ऑफिस के बाहर पानी से भरा एक छोटा-सा बर्तन रखना भी किसी प्यासे पक्षी के लिए जीवनदान बन सकता है। आइए, इन कठिन दिनों में पूरी ...शेष पृष्ठ 10 पर

## जेवर एयरपोर्ट से कनेक्टिविटी के लिए इलेक्ट्रिक बसें उपलब्ध

### ❍ वर्ष 2030 तक विकसित होंगे 10 हजार चार्जिंग स्टेशन ❍ सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था पूरी तरह सुदृढ़ करने के निर्देश

विशेष संवाददाता



लखनऊ। जेवर अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के संचालन के साथ यात्रियों को आधुनिक सार्वजनिक परिवहन सुविधा उपलब्ध कराने की तैयारी तेज हो गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट तक आवागमन के लिए प्राथमिक चरण में 110 इलेक्ट्रिक बसों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। गुरुवार को स्टेट ट्रांसफॉर्मेशन कमीशन की चौथी बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्यमंत्री ने नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यीडा क्षेत्र में 500 इलेक्ट्रिक बसों के संचालन की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि 15 जून से प्रस्तावित उड़ान संचालन से पहले सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को पूरी तरह सुदृढ़ किया जाए। बैठक में मुख्यमंत्री ने प्रदेश में इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर के तेजी से विस्तार पर भी जोर दिया। अधिकारियों ने अवगत कराया कि प्रदेश में वर्तमान में लगभग 15.5 लाख इलेक्ट्रिक वाहन पंजीकृत हैं तथा वर्ष 2030 तक 10 हजार चार्जिंग स्टेशन विकसित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अभी तक लगभग 2500 चार्जिंग स्टेशन संचालित हो चुके हैं। मुख्यमंत्री ने प्रस्तावित एक्सप्रेसवे परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए कहा कि बेहतर कनेक्टिविटी औद्योगिक विकास, निवेश और रोजगार सृजन को नई गति देगी। उन्होंने भूमि अधिग्रहण और विनिमय संबंधी कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि फरुर्खाबाद लिंक एक्सप्रेसवे के लिए लगभग 55 प्रतिशत भूमि प्राप्त की जा चुकी है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि आगरा-लखनऊ-पूर्वांचल लिंक एक्सप्रेसवे, जेवर लिंक एक्सप्रेसवे और झांसी लिंक एक्सप्रेसवे के लिए आवश्यक भूमि का अधिग्रहण जून माह के अंत तक पूरा कर लिया जाए। बैठक में यह भी जानकारी दी गई कि मेरठ-हरिद्वार एक्सप्रेसवे का एलाइनमेंट स्वीकृत हो चुका है तथा भूमि अधिग्रहण की कार्ययोजना तैयार की जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि निवेश संबंधी परियोजनाओं में अनावश्यक विलंब स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने लंबित मामलों के शीघ्र निस्तारण और निवेशकों के साथ सतत संवाद बनाए रखने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक हब के लिए 323 हेक्टेयर में से 301 हेक्टेयर भूमि पर कब्जा प्राप्त हो चुका है। डेवलपर चयन के लिए निविदा की अंतिम तिथि बढ़ाकर 6 जुलाई 2026 कर दी गई है। वहीं मल्टी मॉडल ट्रांसपोर्ट हब के लिए 200 हेक्टेयर में से 144 हेक्टेयर भूमि उपलब्ध हो चुकी है तथा शेष भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया जारी है। मुख्यमंत्री ने औद्योगिक विकास प्राधिकरणों के लिए मॉडल बिल्डिंग बायलॉज को निवेश ...शेष पृष्ठ 10 पर

## संक्षेप

### बिहार की नाबालिग पीड़िता को सीएम योगी ने दी दो लाख की मदद

लखनऊ/ वाराणसी। प्रदेश की योगी सरकार महिला अपराध को लेकर काफी सजग और संवेदनशील है। सरकार एक तरफ महिला अपराध से जुड़े अपराधियों पर सख्त कार्रवाई कर रही है, वहीं पीड़िता को आर्थिक मदद के साथ ही सामजिक संबल भी प्रदान कर रही है। वाराणसी के सारनाथ थाने की पुलिस द्वारा कथित रूप से बेची गई नाबालिग बालिका को बरामद करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार किया था। वाराणसी प्रशासन द्वारा मानव तस्करी और दुष्कर्म पीड़िता बालिका को तत्काल आर्थिक मदद के लिए मंगलवार को मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से दो लाख रुपये की सहायता का प्रस्ताव शासन को भेजा था, जो तत्काल स्वीकृत हो गया।

### पॉलीटेक्निक प्रवेश परीक्षा 2 जून से

लखनऊ। संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद द्वारा पॉलीटेक्निक के लिए प्रवेश पत्र जारी करने संबंधी महत्वपूर्ण सूचना जारी की गई है। परिषद के अनुसार प्रदेश की पॉलीटेक्निक संस्थाओं में संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आयोजित होने वाली कम्प्यूटर आधारित प्रवेश परीक्षा यूपीजेईई (पी)-2026 का आयोजन 2 जून से 9 जून तक किया जाएगा। परिषद द्वारा जारी सूचना के अनुसार परीक्षा प्रतिदिन तीन पालियों में आयोजित होगी। प्रथम पाली प्रातः 8:00 बजे से 10:30 बजे तक, द्वितीय पाली दोपहर 12:00 बजे से 2:30 बजे तक तथा तृतीय पाली शाम 4:00 बजे से 6:30 बजे तक संचालित की जाएगी।

### अवकाश की सूचना

ईद-उल-अजहा पर 'वॉयस ऑफ लखनऊ' के सुधी पाठकों, विज्ञापन दाता व समाचार पत्र वितरक बंधुओं और प्रदेशवासियों को ढेरों शुभकामनाएं।

28 मई यानी गुरुवार को वॉयस ऑफ लखनऊ कार्यालय बंद रहेगा। अगला अंक 30 मई शनिवार को प्रकाशित होगा।

-संपादक



### आज का मौसम

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 42.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 29.04 डिसे. |

### भीतर पढ़ें

❍ नौसेना शौर्य संग्रहालय का होगा लोकार्पण (पृष्ठ-02)
❍ चहक, कदम व कलांकुर से बदलेगी शिक्षा (पृष्ठ-02)
❍ सोना 1,100 गिरकर 1.61 लाख रुपये 10 ग्राम (पृष्ठ-10)
❍ डॉलर के मुकाबले रुपया तेजी के साथ 95.68 पर (पृष्ठ-10)
❍ आईटीआर-2 दाखिल करने की ऑनलाइन सुविधा (पृष्ठ-10)

# निर्वाचन आयोग को एसआईआर कराने का अधिकार

### निष्पक्ष चुनावों के संवैधानिक दायित्व में जान फूंकती है प्रक्रिया : उच्चतम न्यायालय

एजेंसी




नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को निर्वाचन आयोग को बड़ी राहत देते हुए मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कराने के उसके अधिकार को बरकरार रखते हुए कहा कि यह प्रक्रिया निष्पक्ष चुनावों के संवैधानिक दायित्व में जान फूंकती है। इस बेहद चर्चित मुद्दे पर अपने फैसले में भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने यह भी कहा कि एसआईआर प्रक्रिया स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव की संवैधानिक अनिवार्यता को आगे बढ़ाती है।

पीठ में न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची भी शामिल थे। पीठ ने कहा कि चुनाव आयोग को संविधान के अनुच्छेद 324 और जन प्रतिनिधित्व अधिनियम (आरपीए) की धारा 21 (3) के तहत विशेष पुनरीक्षण करने का अधिकार प्राप्त है। बिहार में एसआईआर को चुनौती देने वाली कई याचिकाओं का निपटारा करते हुए उच्चतम न्यायालय ने कहा कि मतदाता सूची से नाम हटाना इस बात की कानूनी घोषणा नहीं है कि कोई व्यक्ति नागरिक नहीं है। उच्चतम न्यायालय के इस फैसले पर राजनीतिक हलकों में तीखी प्रतिक्रियाएं देखने को मिलीं। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, उच्चतम न्यायालय ने एसआईआर प्रक्रिया को वैध और संवैधानिक करार दिया है। यह स्पष्ट है कि राहुल गांधी और कांग्रेस ने पूरे समय एसआईआर का विरोध इसलिए किया क्योंकि वे भारतीय मतदाताओं के नहीं, बल्कि अवैध घुसपैठियों के साथ खड़े थे। तृणमूल कांग्रेस सांसद महुआ मोइत्रा ने कहा, बिहार एसआईआर पर उच्चतम न्यायालय का आज का फैसला निर्वाचन आयोग की अतार्किक, जल्दबाजी में की गई और भेदभावपूर्ण प्रक्रियाओं पर मुहर लगाता है, जिसके कारण बंगाल एसआईआर के बाद 27 लाख वैध मतदाता मतदान नहीं कर सके और उनका भविष्य अब भी अधर में है। न्याय होना चाहिए और न्याय होता हुआ दिखना भी चाहिए। इस मामले में वादियों में से एक चुनाव विश्लेषक और सामाजिक कार्यकर्ता योगेंद्र यादव ने कहा कि वह जानबूझकर अदालत से दूर रहे क्योंकि औपचारिक फैसले से काफी पहले ही परिणाम स्पष्ट हो चुका था। यादव ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, खबर यह नहीं है कि उच्चतम न्यायालय ने आज निर्वाचन आयोग के एसआईआर को संवैधानिक घोषित कर दिया। असली खबर यह है कि अब इस देश में भाजपा तय करेगी कि कौन वोट दे सकता है और कौन नहीं। खबर यह है कि इस देश के संविधान का वह हिस्सा, जो शायद उसे बचाने का आखिरी स्तंभ था, उसका कुछ भाग आज टूटकर गिर गया है। उच्चतम न्यायालय के अनुसार, लोकतांत्रिक प्रक्रिया की विश्वसनीयता मतदाता सूची की सटीकता पर निर्भर करती है। पीठ ने कहा हम इस निष्कर्ष पर नहीं पहुंच सकते कि विवादित प्रक्रिया केवल प्रशासनिक सुविधा के लिए अपनाई गई थी। न्यायालय ने कहा, स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव केवल मतदान की प्रक्रिया पर निर्भर नहीं करते। वे मूल रूप से मतदाता सूचियों की शुचिता, सटीकता और विश्वसनीयता पर निर्भर करते हैं। उच्चतम न्यायालय ने इस दलील को खारिज कर दिया कि निर्वाचन आयोग ने अपनी वैधानिक शक्तियों की सीमा से बाहर जाकर काम किया। उसने कहा एसआईआर निष्पक्ष चुनावों के संवैधानिक दायित्व में जान फूंकती है। पहले चरण में निर्वाचन आयोग ने बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) शुरू किया था, जहां पिछले चार दशकों में तेजी से शहरीकरण और बड़े पैमाने पर पलायन के आधार पर मतदाता सूची से 65 लाख नाम हटाए गए थे। पीठ ने तीन सवालों पर विचार किया कि क्या निर्वाचन आयोग को एसआईआर जैसी प्रक्रिया चलाने का अधिकार है, क्या एसआईआर के तहत की गई जांच किसी वैध उद्देश्य पर आधारित है, और क्या अपनाई गई प्रक्रिया जन प्रतिनिधित्व अधिनियम (आरपीए) के प्रावधानों के विपरीत या उनका उल्लंघन करने वाली है। शीर्ष न्यायालय ने एसआईआर के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए कारणों से सहमति जताई। फैसले में कहा गया है, वैधानिक ढांचे और संबंधित संवैधानिक प्रावधानों की जांच करने के बाद अब हम उस महत्वपूर्ण प्रश्न का उत्तर देने की स्थिति में हैं कि क्या विवादित एसआईआर का सीधे तौर पर आरपीए और उसके तहत ...शेष पृष्ठ 10 पर

## एशियन गेम्स में स्वर्ण जीतने वाले निशानेबाज रणधीर सिंह का निधन



नयी दिल्ली। अनुभवी खेल प्रशासक और एशियाई खेलों में निशानेबाजी में भारत के पहले स्वर्ण पदक विजेता रणधीर सिंह का बुधवार को यहां उम्र संबंधित बीमारियों से जूझने के बाद निधन हो गया। वह 79 वर्ष के थे। उनके निधन से भारतीय खेल जगत के एक ऐसे युग का अंत हो गया जिस पर उन्होंने विभिन्न भूमिकाओं में अपनी अमिट छाप छोड़ी थी। कई दिनों तक अस्पताल में भर्ती रहने के बाद उन्होंने यहां अपने आवास पर अंतिम सांस ली। सिंह के परिवार में उनकी पत्नी विनीता और तीन बेटियां महिमा, सुनैना और राजेश्वरी हैं। राजेश्वरी भी एक निशानेबाज हैं। स्वास्थ्य संबंधित समस्याओं के ...शेष पृष्ठ 10 पर

## 2031 तक बढ़ायी गयी पीडीएस योजना

### केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने योजना के लिए 25,530 करोड़ किये मंजूर

एजेंसी



नयी दिल्ली। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) को मजबूत बनाने के उद्देश्य से सार्थक-पीडीएस योजना को पांच साल के लिए मार्च, 2031 तक बढ़ाने की मंजूरी दे दी। इस योजना के लिए 25,530 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई बैठक में राशन परिवहन और प्रबंधन में सहायता - सार्वजनिक वितरण में स्वचालन के साथ आय (सार्थक-पीडीएस) को 16वें वित्त आयोग चक्र की अवधि (अप्रैल 2026 से मार्च 2031) के दौरान एक छतरी योजना के रूप में लागू करने का निर्णय लिया गया। इसके साथ ही आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) ने राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को राज्य के भीतर खाद्यान्नों के परिवहन एवं प्रबंधन और उचित मूल्य की दुकानों (एफपीएस) के वितरकों के मार्जिन के लिए दी जाने वाली केंद्रीय सहायता के मानकों में संशोधन को भी मंजूरी दी। हालांकि, वित्तपोषण का मौजूदा ढांचा पहले की तरह कायम रखा गया है। सार्थक-पीडीएस योजना में दो मौजूदा योजनाओं- राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफएसए) के तहत राज्य एजेंसियों को खाद्यान्न के राज्य के भीतर परिवहन और एफपीएस वितरक मार्जिन के लिए सहायता तथा स्मार्ट पीडीएस को समाहित किया गया है। दोनों योजनाओं को मिलाने का उद्देश्य सार्वजनिक वितरण प्रणाली में वित्तीय सहायता और तकनीकी सुधारों को एकीकृत ढांचे में लाना है। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंत्रिमंडल के इस फैसले पर संवाददादाताओं से कहा कि यह योजना पीडीएस की समूची शृंखला को समाहित करती है। उन्होंने कहा, 'लाभार्थियों के चयन से लेकर खाद्यान्न के परिवहन, ...शेष पृष्ठ 10 पर

## नीट पेपर लीक मामले में दो और गिरफ्तार

नयी दिल्ली। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने नीट-यूजी प्रश्नपत्र लीक मामले में लातूर के एक डॉक्टर और पुणे स्थित एक कोचिंग संस्थान के भौतिकी विषय के शिक्षक को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी।

अधिकारियों के अनुसार, जांच एजेंसी ने मनोज शिरुरे को गिरफ्तार किया है, जिस पर आरोप है कि उसने तीन छात्रों को नीट का प्रश्न पत्र तैयार करने वाले पी वी कुलकर्णी से रसायन विज्ञान के प्रश्न दिलाने में अहम भूमिका निभाई। इन छात्रों में रेनुकाई कैमिस्ट्री क्लासेस (आरसीसी) के संस्थापक शिवराज मोटेगांवकर का बेटा भी शामिल था। लातूर में आरसीसी का संचालन करने वाले मोटेगांवकर को हाल ही में इस मामले में गिरफ्तार किया गया ...शेष पृष्ठ 10 पर

## विकास व पर्यावरण संरक्षण में संतुलन बना रहा उत्तराखंड

### उत्कृष्ट कार्य के लिए 32 संस्थानों, संगठनों व समूहों को धामी ने किया सम्मानित

प्रमुख संवाददाता



अल्मोड़ा। सतत विकास के संदेश के साथ अल्मोड़ा में आयोजित राज्य स्तरीय एसडीजी अचीवर्स अवार्ड समारोह में उत्कृष्ट कार्य करने वाली संस्थाओं का सम्मान किया गया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने समारोह में शामिल होकर 32 संस्थाओं, समूहों और संगठनों को उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया।

कार्यक्रम का आयोजन उदय शंकर नृत्य एवं संगीत अकादमी में किया गया, जहां मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड कठिन भौगोलिक परिस्थितियों और सीमित संसाधनों के बावजूद सतत विकास के क्षेत्र में निरंतर प्रगति कर रहा है और देश में अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित कर रहा है। उन्होंने कहा कि जनभागीदारी, सामाजिक जिम्मेदारी और दृढ़ संकल्प के बल पर समाज में सकारात्मक परिवर्तन संभव है और ऐसे प्रयासों को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार विकास कार्यों को पर्यावरणीय संतुलन के साथ आगे बढ़ा रही है। पर्वतीय राज्य होने के कारण विकास की चुनौतियां भिन्न हैं, लेकिन सरकार पर्यावरण ...शेष पृष्ठ 10 पर

विशेष खबर

### प्रोजेक्ट गंगा के सभी प्रमुख माइलस्टोन पूरे, सरकार और पार्टनर्स ने तेज की तैयारी

## फ्री वाई-फाई व डिजिटल सेवाओं से बदलेगी गांवों की तस्वीर

विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश तेजी से डिजिटल आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ रहा है। इसी क्रम में प्रदेश सरकार का महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट गंगा अब जल्द लाइव होने जा रहा है। सरकार की ओर से परियोजना से जुड़े लगभग सभी प्रमुख माइलस्टोन पूरे कर लिए गए हैं और अब इसे जमीनी स्तर पर लागू करने की तैयारी अंतिम चरण में पहुंच चुकी है। प्रोजेक्ट गंगा का उद्देश्य गांवों और छोटे शहरों तक आधुनिक डिजिटल सेवाओं को पहुंचाना है, ताकि ग्रामीण क्षेत्र भी हाई स्पीड इंटरनेट और नई तकनीकों से सीधे जुड़ सकें। परियोजना के तहत ग्रामीण इलाकों में ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी, फ्री पब्लिक वाई-फाई, साइबर सिक्योरिटी, आईपीटीवी और डिजिटल सेवाओं का बड़ा नेटवर्क तैयार किया जाएगा।

प्रोजेक्ट गंगा की शुरूआत जुलाई 2025 में प्रारंभिक सीडिंग के साथ हुई थी। इसके बाद दिसंबर 2025 में विभिन्न सरकारी विभागों और स्टेकहोल्डर्स के साथ रणनीतिक चर्चाएं शुरू हुईं। जनवरी 2026 में कॉन्सेप्ट नोट साझा किया गया, जबकि 9 मार्च 2026 को वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना की उपस्थिति में एमओयू साइन किया गया। अप्रैल 2026 तक बैंकिंग पार्टनर्स के साथ फाइनेंशियल एनेबलमेंट को लेकर भी रणनीतिक बातचीत शुरू कर दी गई, जिससे अब यह परियोजना लाइव के लिए पूरी तरह तैयार मानी जा रही है। प्रोजेक्ट गंगा के तहत डिजिटल सर्विस प्रोवाइडर नेटवर्क तैयार किया जाएगा, जो ग्रामीण क्षेत्रों में इंटरनेट और आधुनिक डिजिटल सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करेगा। इसके माध्यम से घर-घर हाई-स्पीड ब्रॉडबैंड, पब्लिक वाई-फाई और ओटीटी प्लेटफॉर्म्स तक पहुंच संभव होगी। साथ ही सीसीटीवी आधारित सुरक्षा समाधान, साइबर सिक्योरिटी सेवाएं और संस्थानों की डिजिटल कनेक्टिविटी को भी मजबूत किया जाएगा। परियोजना का लक्ष्य केवल इंटरनेट पहुंचाना नहीं, बल्कि गांवों को भविष्य की डिजिटल तकनीकों के लिए तैयार करना है। प्रोजेक्ट गंगा के जरिए ग्रामीण युवाओं को डिजिटल रोजगार से जोड़ने पर विशेष फोकस किया गया है। इसके तहत फ्रीलांसिंग, रिमोट वर्क, ऑनलाइन वोकेशनल ट्रेनिंग और डिजिटल लाइब्रेरी जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इससे गांवों में रहने वाले युवाओं को भी बड़े शहरों जैसी डिजिटल संभावनाओं का लाभ मिलेगा। माना जा रहा है कि यह परियोजना उत्तर प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल इकॉनामी को नई गति दे सकती है और रोजगार के नए अवसर पैदा कर सकती है। सरकार का मानना है कि डिजिटल ...शेष पृष्ठ 10 पर



## लखनऊ में प्रॉपर्टी डीलर की गोली मारकर हत्या

विशेष संवाददता

❍ पुलिस चौकी से चंद कदम दूर बाइक सवार बेखौफ बदमाशों ने घटना को दिया अंजाम

लखनऊ। रायबरेली रोड पर कल्ली पश्चिम में पुलिस चौकी से चंद कदम दूर बाइक सवार बेखौफ बदमाशों ने 41 वर्षीय प्रापर्टी डीलर संदीप सिंह पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर उनकी हत्या कर दी। घटना के बाद नकाबपोश बदमाश बिना नंबर की अपाचे बाइक से रायबरेली रोड की तरफ फरार हो गए। घटना की सूचना पर डीसीपी दक्षिण अमित कुमार आनंद पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और छानबीन की है। राजफाश के लिए सर्विलांस समेत पुलिस की पांच टीमों को लगाया गया है। रायबरेली रोड और किसान पथ के आसपास लगे कैमरों से पुलिस बदमाशों की तलाश कर रही है। जौनपुर के सिकरारा स्थित टिकारी गांव के रहने वाले संदीप का एक मकान आशियाना में है। बीते कुछ दिनों से संदीप अपनी पत्नी प्रीति, बेटी शिवि और बेटे सार्थक के साथ किराये के मकान में वृंदावन योजना सेक्टर तीन में रहते थे। मोहनलालगंज इलाके में उनकी प्लाटिंग साइट और कल्ली पश्चिम में रायबरेली रोड के किनारे उनका कार्यालय है। बुधवार दोपहर 12:42 बजे वह घर से हरदोई निवासी चालक विपिन के साथ ...शेष पृष्ठ 10 पर

# चहक, कदम व कलांकुर से बदलेगी बुनियादी शिक्षा की तस्वीर

## को-लोकेटेड आंगनबाड़ी केंद्रों में पहुंचेगी गतिविधि आधारित शिक्षण सामग्री

विशेष संवाददाता (vol)

- एनईपी-2020 के विजन को जमीन पर उतारते हुए प्री-प्राइमरी शिक्षा को दे रही नई दिशा
- किताब वितरण ऐप से होगी रियल टाइम मॉनिटरिंग, वितरण व्यवस्था को बनाया गया तकनीक

**लखनऊ।** प्रदेश के समस्त को-लोकेटेड आंगनबाड़ी केंद्रों और बालवाटिकाओं में 3 से 6 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों के लिए गतिविधि आधारित आधुनिक शिक्षण सामग्री का वितरण शुरू किया गया है। चहक-1, 2, 3, कदम, कलांकुर, बिग बुक, होलिस्टिक रिपोर्ट कार्ड और बालवाटिका पुस्तिका जैसी सामग्री के माध्यम से अब लाखों नौनिहालों को शुरूआती शिक्षा का नया और बेहतर वातावरण उपलब्ध कराया जाएगा। सरकार की यह पहल राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के उस विजन को जमीन पर उतारने की दिशा में महत्वपूर्ण मानी जा रही है, जिसमें प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा (ईसीसीई) को बच्चों की सीखने की बुनियाद माना गया है। अब उत्तर प्रदेश में आंगनबाड़ी केंद्रों और बालवाटिकाओं को केवल पोषण और देखभाल तक सीमित न रखते हुए उन्हें प्रारंभिक शिक्षा और गतिविधि आधारित शिक्षा के केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है।

जारी निर्देशों के अनुसार प्रदेश के सभी को-लोकेटेड आंगनबाड़ी केंद्रों और बालवाटिकाओं में आयु वर्ग के अनुसार शिक्षण सामग्री उपलब्ध कराई जाएगी। इसके अंतर्गत चहक-1, चहक-2, चहक-3, कदम, कलांकुर, बालवाटिका हस्तपुस्तिका, 12 प्रकार की बिग बुक, होलिस्टिक रिपोर्ट कार्ड और शिक्षण तालिकाएं वितरित की जाएंगी। प्रदेश में पहले ही बेसिक शिक्षा के अंतर्गत बड़े स्तर पर स्मार्ट स्कूल, ऑपरेशन कायाकल्प, डिजिटल मॉनिटरिंग और निपुण भारत मिशन जैसे अभियान संचालित किए जा रहे हैं। अब प्री-प्राइमरी शिक्षा को भी उसी व्यापक शिक्षा सुधार अभियान से जोड़ते हुए बच्चों की शुरूआती सीखने की क्षमता को मजबूत करने पर विशेष फोकस किया जा रहा है। ग्रामीण और वंचित परिवारों के बच्चों तक गुणवत्तापूर्ण प्रारंभिक शिक्षा पहुंचाने की दिशा में यह अभियान आने वाले समय में उत्तर प्रदेश को देश के अग्रणी राज्यों में शामिल कर सकता है। 3 से 6 वर्ष की आयु बच्चों के मानसिक, भाषाई और सामाजिक विकास की सबसे महत्वपूर्ण अवस्था होती है। इसी कारण गतिविधि आधारित, खेल आधारित और बाल-केंद्रित शिक्षण पद्धति को बढ़ावा दिया जा रहा है। ह्यचहकह्न श्रृंखला की पुस्तिकाएं बच्चों में भाषा विकास, बोलने-सुनने की क्षमता और बुनियादी सीखने की दक्षताओं को विकसित करेंगी। वहीं कदम और कलांकुर जैसी सामग्री बच्चों के बौद्धिक विकास, रचनात्मकता, जिज्ञासा और सीखने की रुचि को बढ़ाने में मदद करेगी। इसके साथ ही बिग बुक और टीचर गाइड के माध्यम से ईसीसीई एजुकेटर्स और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को भी आधुनिक शिक्षण तकनीकों से जोड़ा जाएगा। सरकार ने इस पूरी वितरण प्रक्रिया को तकनीक आधारित और पारदर्शी बनाने के लिए किताब वितरण ऐप के माध्यम से रियल टाइम मॉनिटरिंग व्यवस्था लागू की है। बीएसए, बीईओ, प्रधानाध्यापक, एआरपी, एसआरजी और डायट मेंटरों को वितरण प्रक्रिया की निगरानी और स्कैनिंग की जिम्मेदारी दी गई है। इस डिजिटल व्यवस्था से शासन स्तर पर यह सुनिश्चित किया जा सकेगा कि किस बालवाटिकाओं तक सामग्री पहुंच चुकी है। इससे वितरण व्यवस्था में पारदर्शिता और जवाबदेही दोनों को मजबूती मिलेगी। उत्तर प्रदेश में पहली बार प्री-प्राइमरी शिक्षा को इतने बड़े स्तर पर संस्थागत स्वरूप दिया जा रहा है। अभी तक सरकारी शिक्षा व्यवस्था में अधिकतर फोकस प्राथमिक और उच्च प्राथमिक कक्षाओं पर रहता था, लेकिन अब बच्चों की शुरूआती सीखने की अवस्था को भी समान प्राथमिकता दी जा रही है। अब शिक्षा सुधार बच्चों की सीखने की बुनियाद को मजबूत करने की दिशा में गंभीरता से काम किया जा रहा है।

# लखनऊ-वाराणसी के बीच एक और दैनिक ट्रेन

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** रेलवे प्रशासन ने लखनऊ और वाराणसी के बीच यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए एक नई इंटरसिटी ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। यह ट्रेन गुरुवार से रोजाना चलेगी और 15 कोचों के साथ संचालित होगी। ट्रेन संख्या 14225 वाराणसी से सुबह 06:20 बजे चलेगी और लखनऊ दोपहर 12:20 बजे पहुंचेगी। उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के सीनियर डीसीएम समर्थ गुप्ता के अनुसार रेल मंत्रालय ने वर्तमान में चल रही गाड़ी संख्या 04217/04218 वाराणसी-लखनऊ-वाराणसी स्पेशल एक्सप्रेस को नियमित करके नई गाड़ी संख्या 14225/14226 वाराणसी-लखनऊ-वाराणसी एक्सप्रेस के रूप में रोजाना चलाने का निर्णय लिया है। इस ट्रेन का दोनों तरफ से गुरुवार से संचालन शुरू कर दिया जाएगा, इसमें 15 कोच लगाए जाएंगे, जिनमें 13 सामान्य द्वितीय श्रेणी के होंगे। 14225 वाराणसी से प्रातः 06:20 बजे चलेगी। बाबतपुर, जौनपुर, शाहगंज, मालीपुर, अकबरपुर, गोशाईंगंज, अयोध्या धाम, अयोध्या कैंट, रुदौली, दरियाबाद, बाराबंकी जंक्शन होते हुए दोपहर 12:20 बजे लखनऊ पहुंचेगी। 14226 लखनऊ से शाम 04:20 बजे खुलेगी। उक्त स्टेशनों से होते हुए रात 10:20 बजे वाराणसी पहुंचेगी। इस ट्रेन के नियमित संचालन के कारण अब 13307 धनबाद-फिरोजपुर गंगा सतलुज एक्सप्रेस का मालीपुर, अकबरपुर, गोशाईंगंज, बिलहर घाट, अयोध्या धाम जं., अयोध्या कैंट, सोहावल, और रुदौली स्टेशनों पर आगमन और प्रस्थान के समय में संशोधन किया गया है। अब 20402 लखनऊ-वाराणसी सुपरफास्ट एक्सप्रेस वाराणसी स्टेशन पर रात्रि 10:40 बजे पहुंचेगी।

**उरूली स्टेशन पर ट्रेनों को मिलेगा अस्थायी ठहराव...** रेलवे प्रशासन द्वारा पुणे के निकट श्री प्रयागधाम उरूली में जून में मकर संक्रांति त्यौहोर पर होने वाले वार्षिक उत्सव में भाग लेने वाले श्रद्धालु यात्रियों की सुविधा के लिए निम्नलिखित गाड़ियों का 01 मिनट अस्थाई ठहराव उरूली स्टेशन पर किया जायेगा। मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी सुमित कुमार ने बताया कि पुणे से 6 जून को चलने वाली 15030 पुणे-गोरखपुर एक्सप्रेस उरूली स्टेशन पर 11.40 बजे पहुंचकर 11.41 बजे छूटेगी। गोरखपुर से 29 मई को चलने वाली 15029 गोरखपुर-पुणे एक्सप्रेस उरूली स्टेशन पर 01.15 बजे पहुंचकर 01.16 बजे छूटेगी। लखनऊ जं. से 28 मई, 2026 को चलने वाली 12104 लखनऊ जं.-पुणे एक्सप्रेस उरूली स्टेशन पर 17.04 बजे पहुंचकर 17.05 बजे छूटेगी। पुणे से 2 जून को चलने वाली 11407 पुणे-लखनऊ जं. एक्सप्रेस उरूली स्टेशन पर 22.15 बजे पहुंचकर 22.16 बजे छूटेगी। लखनऊ जं. से 29 मई को चलने वाली 11408 लखनऊ जं.-पुणे एक्सप्रेस उरूली स्टेशन पर 10 बजे पहुंचकर 10.01 बजे छूटेगी।

**लखनऊ स्टेशन पर एक पेड़ माँ के नाम पहल का आयोजन...** विश्व पर्यावरण दिवस अभियान के तहत बुधवार को लखनऊ रेलवे स्टेशन पर एक पेड़ माँ के नाम पहल के तहत विशेष वृक्षारोपण एवं जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अभियान का उद्देश्य केवल पौधारोपण करना ही नहीं, बल्कि प्रकृति संरक्षण को मातृ सम्मान एवं भावनात्मक जुड़ाव से जोड़ना है। कार्यक्रम के दौरान रेलवे कर्मचारियों एवं यात्रियों से अपील की गई कि वे अपनी माँ के सम्मान अथवा उनकी स्मृति में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाएं तथा उसकी नियमित देखभाल भी करें।

**जौनपुर जंक्शन यार्ड री-मॉडलिंग कार्य पूरा, यात्रियों को मिलेंगी बेहतर सुविधाएं...** उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के सहयोग से बुधवार को जौनपुर जंक्शन यार्ड री-मॉडलिंग कार्य सफलतापूर्वक कमीशन कर दिया गया। यह कार्य यात्री सुविधाओं में वृद्धि, परिचालन क्षमता के विस्तार तथा संरक्षा सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। उत्तर रेलवे, लखनऊ के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबन्धक समर्थ गुप्ता के अनुसार इस परियोजना के अंतर्गत कुल 157 रूटों में से 134 रूटों में विद्यमान इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग (एक) में आवश्यक परिवर्तन किए गए। साथ ही 1 नए ऑपरेशन कंसोल की व्यवस्था की गई।

# सपा प्रतिनिधि ने डीजीपी से की मुलाकात, सौंपा ज्ञापन

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** सपा प्रतिनिधिमण्डल ने बुधवार को लखनऊ में पुलिस महानिदेशक से मिलकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में प्रतिनिधिमण्डल ने डीजीपी से गाजीपुर करण्डा थानाध्यक्ष द्वारा अनिल यादव और उनके परिवार पर फर्जी मुकदमा लगाकर फंसाने की उच्च स्तरीय जांच कराने और उत्पीड़न रोककर पीड़ित को न्याय दिलाने की मांग की। हरदोई की शिल्पी कुशवाहा हत्याकाण्ड में शामिल अन्य अपराधियों और साजिशकर्ताओं के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

प्रतिनिधिमण्डल में शामिल सपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री राम आसरे विश्वकर्मा, पूर्व एमएलसी उदयवीर सिंह और सुनील सिंह साजन ने पुलिस महानिदेशक को दिये ज्ञापन में कहा कि गाजीपुर के करण्डा थाना के कटरिया ग्राम सभा के प्रधान पद के पूर्व प्रत्याशी अनिल सिंह यादव से नाराजगी और बदले की भावना के कारण वर्तमान ग्राम प्रधान प्रतिनिधि आशुतोष सिंह आशु तथा थानाध्यक्ष करण्डा द्वारा अनिल यादव के भाई सुनील यादव जो आर्मी में एनएसजी में कमाण्डो है और दूसरे भाई विक्की यादव को फर्जी तरीके से फंसाया जा रहा है। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि के इशारे पर थानाध्यक्ष करण्डा संतोष कुमार पाठक ने अनिल सिंह यादव और उनके भाईयों पर संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। घर पर मौजूद अनिल सिंह यादव की माता और छोटी बहू को थानाध्यक्ष करण्डा द्वारा लगातार बिना महिला कांस्टेबिल के घर पर जाकर गाजी गलौज और मारपीट तथा मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है। थानाध्यक्ष करण्डा पुलिस कर्मियों के साथ 28 अप्रैल 2026 की रात्रि 11 बजे घर पर आये और घर का ताला तोड़कर काफी सामान और ज्वेलरी उठा ले गये जिसकी सूचना डायल 112 और 1090 पर दिया गया है। थानाध्यक्ष करण्डा और ग्राम प्रधान प्रतिनिधि आशुतोष सिंह आशु की सीडीआर निकलवाने पर सारी सच्चाई सामने आ जायेगी। प्रशासन द्वारा लगातार अनिल यादव की मां को प्रताड़ित किया जा रहा है। उनके पैतृक निवास को बुल्डोजर से गिराने की धमकी दी जा रही है। अनिल यादव को करण्डा पुलिस तथा जिला प्रशासन द्वारा फर्जी एनकाउंटर करने की धमकी दी जा रही है। अनिल यादव के भाई आर्मी में एनएसजी कमाण्डो सुनील यादव को नौकरी नहीं करने देने और छोटे भाई विक्की यादव को कहीं नौकरी करने लायक नहीं छोड़ने की धमकी दी जा रही है।

# नौसेना शौर्य संग्रहालय का सीएम व रक्षा मंत्री करेंगे लोकार्पण

## पर्यटन मंत्री ने शौर्य वाटिका के लोकार्पण कार्यक्रम की तैयारियों का लिया जायजा

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बुधवार देर शाम सीजी सिटी में निर्माणाधीन नौसेना सौर्य संग्रहालय (नौसेना सौर्य वाटिका) के लोकार्पण के लिए की जा रही तैयारियों का निरीक्षण किया। इस संग्रहालय का 30 मई को पूर्वाह्न 11:00 बजे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की उपस्थिति में लोकार्पण किया जायेगा। उन्होंने कार्यदायी संस्था को निर्देश दिए कि संग्रहालय का कार्य समयबद्ध ढंग से पूरा किया जाए। उन्होंने निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्यों की प्रगति और गुणवत्ता का बारीकी से जानकारी प्राप्त की।

पर्यटन मंत्री ने नौसेना शौर्य संग्रहालय स्थल जाकर विधिवत स्थलीय निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा नौसेना सौर्य वाटिका एक पार्क नहीं है बल्कि यह हमारी सेना के बहादुर सेनानियों को श्रद्धान्जलि देने का प्रयास है। उन्होंने कहा कि यह राजधानी वासियों के लिए राज्य सरकार का एक तोहफा है। आगन्तुक इस संग्रहालय को देखकर नौसेना के कर्तव्य एवं पराक्रम पर गर्व करेंगे। गोमती पोत लखनऊ की पहचान बनेगा साथ ही एक पर्यटन केन्द्र के रूप में दर्शकों को आकर्षित करेगा। उन्होंने संग्रहालय के लिए मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन के प्रति आभार जताया है। उल्लेखनीय है कि इस नौसेना शौर्य वाटिका का निर्माण भारतीय नौसेना और उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में किया गया है। यह पार्क हमारे समुद्र की रक्षा करने वाली नौसेना की वीरता, शक्ति, पराक्रम और तकनीकी दक्षता को दर्शाता है। भारतीय नौसेना पोत गोमती 28 मई, 2022 को राष्ट्र की 34 वर्षों के गौरवशाली सेवा के बाद रिटायर हो गई थी। पार्क में घूमते हुए दर्शकों वास्तविक नौसैनिक यन्त्र दिखाई देंगे, जिसमें से कुछ भारतीय नौसेना पोत गोमती से संबंधित हैं। यहां दर्शायी गई हर वस्तु समुद्र में जीवन के कई महत्वपूर्ण पहलू को दर्शाती है। इस परियोजना के लिए वित्तीय वर्ष 2024-25 में 2366.92 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई थी।

पूर्व स्वीकृति परियोजना 2366.92 लाख रुपये के अंतर्गत प्रथम खण्ड में ओपेन म्यूजियम के लिए 939.76 लाख रुपये एवं द्वितीय खण्ड में इण्टरप्रिटेशन सेन्टर के लिए 1427.16 लाख रुपये की धनराशि सम्मिलित थी। नवीन ड्राइंग/डिजाइन एवं प्रथम फेज के कार्यों को सम्मिलित करते हुए 2366.92 लाख रुपये की धनराशि का संसोधित आगणन कराया गया जिस पर पीएफएडी की ओर से 2317.95 लाख रुपये की स्वीकृति प्राप्त हुई। वित्तीय वर्ष 2025-26 के कार्ययोजना में ओपन एयर म्यूजियम में टीयू-142 विमान की स्थापना एवं क्यूरेशन कार्य के लिए 5 करोड़ रुपये की धनराशि का प्राविधान किया गया है। भारतीय नौसेना की गोमती पोत पर विभिन्न उपकरण स्थापित किये गये हैं उनमें लंगर एके-726 मीडियम रेंज तोप, सीईटी-53एम पनडुब्बी अवरोध, जिफ-101 लॉन्चर विथ आरजे, कैपस्टन ड्रम, मुख्य मस्तूल जहाज को प्रोपेलर आदि शामिल हैं। लखनऊ स्थित नौसेना शौर्य संग्रहालय में क्यूरेशन कार्य तथा लखनऊ स्थित शौर्य वाटिका ओपन एयर म्यूजियम में टीयू-142 विमान और एसके-42बी हेलीकॉप्टर को स्थानान्तरित कर संग्रहालय में स्थापित किया जायेगा। निरीक्षण के दौरान परिवहन मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह, मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश अवस्थी, महानिदेशक पर्यटन वेदपति मिश्रा, प्रबन्ध निदेशक यूपीपीसीएल संतोष कुमार सिंह, जिलाधिकारी लखनऊ विषाख जी, नौसेना की ओर से कोमोडोर एस. दुरई बाबू उपस्थित थे।

# पं. नेहरू युग दृष्टा थे : अजय राय

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** देश के प्रथम प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न पं. जवाहर लाल नेहरू की पुण्यतिथि पर बुधवार को कांग्रेस के प्रदेश मुख्यालय में प्रदेश अध्यक्ष अजय राय की अध्यक्षता में मनायी गयी। इस मौके पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी विचार विभाग के तत्वावधान एवं विभाग के चेयरमैन एचएल दुसाध के संयोजकत्व में कल आज और कल विषय पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का संचालन सुरेन्द्र यादव ने किया।

अजय राय ने पं. नेहरू को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए नमन किया। उन्होने कहा कि पं. नेहरू युग दृष्टा थे। विश्व पटल पर भारत को सशक्त बनाने के लिए उनके द्वारा जो कदम उठाये गये, उसे कोई दूर-दूर तक नहीं छू सकता है। वह विश्व में सर्वमान्य नेता के तौर पर जाने जाते थे। उन्होने आजादी की बेड़ियों से मुक्त भारत में उस दौर में जिस प्रकार विश्व स्तरीय संस्थानों का निर्माण कराया और इंफ्रास्ट्रक्चर खड़ा किया जिससे देश ने हर क्षेत्र में तरक्की के नये आयाम को छुआ। आज हमारे देश के प्रधानमंत्री हर महत्वपूर्व संस्थानों को सिर्फ बेंचने और सिर्फ बेंचने का काम कर रहे हैं एक भी संस्थान इन्होने स्थापित नहीं किया। एक काम जरूर यह कर रहे हैं कि संस्थानों का नाम बदल रहे हैं। सरदार पटेल स्टेडियम का नाम बदलकर खुद अपने नाम पर कर लिया। आम जनता की भावनाओं को छलकर सरदार पटेल की प्रतिमा के निर्माण कराये जाने को लेकर किसानों से हल का लोहा मांगा लेकिन चीन देश से प्रतिमा मंगवाकर स्थापित किया गया। इससे बड़ा किसानों की भावनाओं के साथ छलावा क्या होगा। उन्होने कहा कि महोबा में एक दलित छात्रा के साथ हुए दुःखद सामूहिक दुष्कर्म और अत्याचार की घटना पर पीड़ित परिजनों से मिलने जाने पर इस अन्याय के खिलाफ आवाज उठाने पर सरकार के इशारे पर एआई के माध्यम से उनके शब्दों को एडिट कर प्रचारित किया गया और उनके विरूद्ध फर्जी मुकदमा दर्ज कराया गया लेकिन हम आम जनता की आवाज उठाते रहेंगे, पीछे नहीं हटेंगे। पं. नेहरू के बताये रास्ते पर चलकर इस जनविरोधी भाजपा सरकार को उखाड़ फेंकेंगे।

# लविवि : ऑनलाइन मोड में होगा एक महीने का इंडक्शन प्रोग्राम

- रोज 2 घंटे दी जाएगी सेंट्रल प्लेसमेंट सेल सहित लविवि की जानकारी

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय में शैक्षणिक सत्र को वैश्विक मानकों के अनुरूप और छात्र-अनुकूल बनाने के लिए एक बड़ा और दूरगामी निर्णय लिया गया है। विश्वविद्यालय में प्रवेश लेने वाले फर्स्ट ईयर (प्रथम वर्ष) के नए छात्र-छात्राओं को कैंपस के माहौल, यहाँ की परंपराओं और उपलब्ध सुविधाओं से पूरी तरह परिचित कराने के लिए एक व्यापक इंडक्शन प्रोग्राम आयोजित किया जाएगा। कुलपति प्रो. जेपी सैनी के दिशा-निर्देशन में तैयार की गई इस योजना का उद्देश्य नए छात्रों के मन से हिचक को दूर करना और उन्हें पहले ही दिन से विश्वविद्यालय परिवार का एक सक्रिय हिस्सा बनाना है।

विश्वविद्यालय प्रशासन के अनुसार, यह इंडक्शन प्रोग्राम मात्र एक औपचारिकता नहीं होगा, बल्कि पूरे एक महीने की विस्तृत अवधि तक चलेगा। इस अनूठी पहल के अंतर्गत प्रतिदिन नियम से 2 घंटे विशेष सत्र आयोजित किए जाएंगे। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि यह पूरा इंडक्शन प्रोग्राम ऑनलाइन मोड में संचालित किया जाएगा, ताकि विश्वविद्यालय से जुड़ने वाले दूर-दराज के छात्र भी घर बैठे बिना किसी असुविधा के इसमें शामिल हो सकें।

**सेंट्रल प्लेसमेंट सेल की जानकारी :** इस कार्यक्रम में छात्रों के करियर को ध्यान में रखते हुए विश्वविद्यालय के सेंट्रल प्लेसमेंट सेल के बारे में विशेष सत्र आयोजित किया जाएगा। प्लेसमेंट सेल की कार्यप्रणाली, इंटर्नशिप के अवसरों और कैंपस प्लेसमेंट के नियमों को विस्तार से ऑनलाइन समझाया जाएगा।

**विश्वविद्यालय का गौरवशाली इतिहास और मेडिकल सुविधाएं :** इंडक्शन प्रोग्राम के तहत एक पूरा दिन विश्वविद्यालय के समृद्ध और गौरवशाली इतिहास के नाम होगा। नए छात्रों को लखनऊ विश्वविद्यालय की स्थापना, इसके ऐतिहासिक महत्व और यहां से निकले महान विभूतियों के बारे में विस्तार से बताया जाएगा। इसके साथ ही, कैंपस के भीतर उपलब्ध मेडिकल फैसिलिटी के बारे में भी पूरी जानकारी ऑनलाइन दी जाएगी।

**ऑनलाइन सिस्टम, स्पोर्ट्स और सांस्कृतिक गतिविधियों से जुड़ाव :** चूंकि यह प्रोग्राम तकनीक पर आधारित है, इसलिए छात्रों को विश्वविद्यालय के ऑनलाइन पोर्टल, डिजिटल लाइब्रेरी और तकनीकी संसाधनों का उपयोग करना सिखाया जाएगा। इसके साथ ही, छात्रों के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए स्पोर्ट्स और सांस्कृतिक गतिविधियों की रूपरेखा साझा की जाएगी।

**लाइब्रेरी, हॉस्टल, प्रॉक्टर और काउंसलिंग गाइडेंस :** नए छात्रों को केंद्रीय पुस्तकालय के नियमों, हॉस्टल प्रबंधन की व्यवस्था और कैंपस में अनुशासन बनाए रखने वाले प्रॉक्टर कार्यालय की कार्यप्रणाली समझायी जाएगी। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि छात्रों को काउंसलिंग सेल्स से परिचित कराया जाएगा, ताकि वे किसी भी प्रकार के तनाव या करियर संशय के समाधान के लिए सही विशेषज्ञों से संपर्क कर सकें।

**छात्रों के सर्वांगीण विकास पर ध्यान :** कुलपति प्रो. जे.पी. सैनी ने इस संबंध में स्पष्ट किया कि जब कोई छात्र पहली बार विश्वविद्यालय में आता है, तो वह एक नए माहौल में थोड़ा असहज महसूस करता है। इस एक महीने के व्यवस्थित ऑनलाइन इंडक्शन प्रोग्राम के जरिए हमारा प्रयास छात्रों को एक ऐसा सुरक्षा कवच और मार्गदर्शन देना है, जिससे वे घर बैठे ही कैंपस के नियमों, प्लेसमेंट सेल और उपलब्ध सुविधाओं को अच्छी तरह जान लें।

# 28 मई की परीक्षा स्थगित, दूसरी तिथि घोषित

**लखनऊ।** डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के सत्र 2025-26 के सम सेमेस्टर परीक्षा के तहत कुछ विषयों की 28 मई को होने वाली परीक्षा को स्थगित करते हुए नयी परीक्षा तिथि घोषित कर दी गयी है। यह निर्णय बकरीद के मौके पर होने वाले अवकाश की वजह से लिया गया है।

# लविवि के एमबीए इन फार्मास्यूटिकल मैनेजमेंट में नये अवसर

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के इंस्टिट्यूट ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 से एमबीए इन फार्मास्युटिकल मैनेजमेंट कार्यक्रम में प्रवेश प्रारम्भ है। इस पाठ्यक्रम में अभ्यर्थी प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन पत्र विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। बी.फार्मा, बी.टेक (केमिकल इंजीनियरिंग), बायोटेक्नोलॉजी, बायोमेडिकल इंजीनियरिंग, बीएससी (केमिस्ट्री) अथवा एमएससी वर्ग के अभ्यर्थी जिन्होंने न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक (सामान्य वर्ग) तथा 45 प्रतिशत अंक (अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग) से उत्तीर्ण है। प्रवेश परीक्षा जनरल एप्टीट्यूड टेस्ट के आधार पर आयोजित की जाएगी। दो वर्षीय इस स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम को चार सेमेस्टरों में विभाजित किया गया है तथा इसमें कुल 60 सीटें निर्धारित हैं। पाठ्यक्रम राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के अनुरूप विशेषज्ञों द्वारा तैयार किया गया है। कोर्स के कुल 80 क्रेडिट निर्धारित किए गए हैंक कोर्स की फीस 81,080/- प्रति सेमेस्टर है। यह कार्यक्रम विद्यार्थियों को फार्मास्यूटिकल उद्योग की प्रबंधन एवं व्यावसायिक आवश्यकताओं के अनुरूप प्रशिक्षित करेगा।

# बिजली संकट के लिए भाजपा सरकार जिम्मेदार : अखिलेश

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने प्रदेश में बिजली संकट के लिए भाजपा सरकार को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा है कि अगले चुनाव में जनता भाजपा को अच्छे से धो-पटककर हमेशा के लिए सुखा देगी। उन्होंने कहा कि ये स्पष्ट किया जाए कि मुख्यमंत्री की समीक्षा बैठक में बिजली मंत्री आते नहीं हैं या बुलाये नहीं जाते हैं। अगर आते हैं तो माननीय से अनुरोध है कि उनके कंधे पर हाथ रखकर एक तस्वीर आप पोस्ट कर दीजिए, जनता को आपकी आपसी गर्मी से तो राहत मिल जाएगी क्योंकि जनता ने आप दोनों को कभी एकांत में साथ देखा नहीं। उन्होंने कहा कि भाजपा राज में बिजली के सब-स्टेशनों पर पीएसी लगती है और विधायक-सांसद अपनी ही सरकार के खिलाफ चिट्ठी लिखकर, जनता के आक्रोश से बचने का कायराना काम करते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने दस साल में बिजली विभाग को बर्बाद कर दिया है। मुख्यमंत्री ने अपने पूरे कार्यकाल में बिजली का एक भी नया कारखाना नहीं लगाया और न एक यूनिट बिजली का उत्पादन बढ़ाया। भाजपा सरकार केवल मीटरों को बदल-बदल कर जनता से उगाही करती रही। भाजपा ने जनता को ठगने और लूटने का काम किया। आज प्रदेश की जनता बिजली के लिए त्राहि-त्राहि कर रही है।

# खेती को बनाना है टिकाऊ और लाभकारी : सूर्य प्रताप शाही

## कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही और पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह ने की कृषि एवं पशुधन विभाग की संयुक्त रणनीति बैठक

विशेष संवाददाता (vol)



- ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ ऊर्जा और जैविक खाद उत्पादन के लिए सीबीजी मॉडल पर मंथन
- गौशालाओं को आत्मनिर्भर बनाने पर दिया जाय जोर : मंत्री धर्मपाल सिंह

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार प्राकृतिक खेती, जैविक कृषि, गौसंवर्धन एवं किसानों की आय बढ़ाने की दिशा में लगातार ठोस और दूरदर्शी कदम उठा रही है। इसी क्रम में प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही तथा पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह ने बुधवार को विधान भवन, लखनऊ स्थित समिति कक्ष-8 में गोबर खाद के प्रयोग, सीबीजी (कंप्रेस्ड बायोगैस) प्लांटों के संचालन तथा एफओएम (फर्मेंटेड ऑर्गेनिक मैन्योर) उत्पादन की वर्तमान स्थिति तथा भविष्य की बेहतर रणनीति के लिए एक संयुक्त विभागीय बैठक की।

कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार खेती को केवल उत्पादन तक सीमित नहीं रखना चाहती, बल्कि उसे टिकाऊ, पर्यावरण अनुकूल एवं आर्थिक रूप से लाभकारी बनाना चाहती है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिन तकनीकों एवं मॉडलों में व्यवहारिकता और किसानों के हित की संभावना दिखाई दे रही है, उन्हें प्रदेश के विभिन्न कृषि जलवायु क्षेत्रों में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में लागू कर परीक्षण कराया जाए, ताकि वैज्ञानिक आधार पर उनकी उपयोगिता का मूल्यांकन किया जा सके।

बैठक में पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह ने कहा कि गौशालाओं को केवल संरक्षण केंद्र नहीं बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था और प्राकृतिक कृषि के सशक्त केंद्र के रूप में विकसित करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि गोबर एवं गोमूत्र के वैज्ञानिक उपयोग से गौशालाओं को आत्मनिर्भर बनाया जा सकत. है तथा किसानों को कम लागत वाली खेती का विकल्प उपलब्ध कराया जा सकता है।

बैठक में गौ-आधारित जैविक खेती, गोबर एवं गोमूत्र आधारित उत्पादों, बायोचार, लिक्विड ऑर्गेनिक फर्टिलाइजर, बायोगैस एवं सीबीजी प्लांटों की कार्यप्रणाली तथा प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित करने के विभिन्न नवाचारों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। विभिन्न संस्थाओं एवं विशेषज्ञों द्वारा ऐसे मॉडल प्रस्तुत किए गए जिनके माध्यम से गोबर एवं गोमूत्र का वैज्ञानिक उपयोग कर मिट्टी की गुणवत्ता में सुधार, कार्बन कंटेंट में वृद्धि, रासायनिक उर्वरकों की खपत में कमी तथा किसानों की लागत घटाने की संभावनाएं व्यक्त की गयीं। कई प्रस्तुतियों में बताया गया कि जैविक खाद एवं लिक्विड फर्टिलाइजर के उपयोग से मिट्टी में कार्बन स्तर को क्रमिक रूप से बढ़ाया जा सकता है। विशेषज्ञों ने किसानों को रासायनिक खेती से प्राकृतिक खेती की ओर प्रेरित करने के लिए व्यापक जागरूकता अभियान चलाने पर भी बल दिया। बैठक के दौरान सुझाव दिया कि गांव स्तर पर छोटे एवं मध्यम आकार के बायोगैस एवं सीबीजी प्लांट स्थापित कर ऊर्जा उत्पादन के साथ-साथ जैविक खाद का उत्पादन बढ़ाया जा सकता है। इससे एक ओर ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा मिलेगा, वहीं दूसरी ओर खेतों की उर्वरता बढ़ाने में भी मदद मिलेगी। बैठक में गौशालाओं में हरित चारे की उपलब्धता, गोबर आधारित ऊर्जा उत्पादन, जैविक खाद के विपणन, किसानों के प्रशिक्षण तथा वैज्ञानिक परीक्षणों को लेकर भी विस्तार से चर्चा हुई। अधिकारियों ने बताया कि यदि इन मॉडलों को व्यवस्थित रूप से लागू किया जाए तो इससे किसानों की आय बढ़ाने, लागत घटाने तथा पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण योगदान मिल सकता है।

# परिवार समेत बच्चों को म्यूजियम व स्मारकों में प्रवेश निःशुल्क

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री के निर्देशों के अनुरूप पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि जिन अधिकारियों को वाहन आवंटित है उसके उपयोग में मितव्ययिता बरती जाये और इस पर आने वाले व्यय को 50 प्रतिशत के स्तर पर लाये जाने के प्रयास किये जाये। पर्यटन मंत्री ने एक ही रूट पर रहने वाले अधिकारियों को एक ही गाड़ी का उपयोग करने तथा शासकीय भ्रमण आदि के लिए संयुक्त रूप से एक ही वाहन उपयोग करने के निर्देश दिये है। इसके अलावा अधिकारी गण पब्लिक ट्रांस्पोर्ट, मेट्रो का उपयोग करें। कार्यालय में बिजली का उपयोग भी न्युनतम किया जाये और ए0सी0 का उपयोग भी कम किया जाये। अवकाश के दिनों में कार्यालयों को अपरिहार्य स्थिति में ही खोला जाये। जयवीर सिंह ने विभागीय अधिकारियों को स्मारकों में निःशुल्क प्रवेश करने के निर्णय का व्यापक प्रचार-प्रसार किये जाने की अपेक्षा की है। प्रदेश में डेस्टिनेशन वेडिंग की विद्यमान अपार संभावनाओं को देखते हुए पीपीपी योजना में लीज पर दी गई इकाईयों एवं पर्यटक आवास गृहों में डेस्टिनेशन वेडिंग को प्रोत्साहित करने के लिए कहा है। पर्यटन विभाग के राही पर्यटक आवास गृहों, होटलों में मई एवं जून 2026 में बच्चों एवं परिवार के यात्रियों को 20 से 25 प्रतिशत छूट प्रदान करने को कहा है।

# होम्योपैथिक अनुसंधान को मिलेगा बढ़ावा सीसीआरएच के बीच हुआ एमओयू

**लखनऊ।** आयुष भवन जनकपुरी नई दिल्ली में नेशनल होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज, लखनऊ के प्राचार्य प्रो. विजय पुस्कर एवं केंद्रीय होम्योपैथी अनुसंधान परिषद (सीसीआरएच), नई दिल्ली के डॉयरेक्टर जनरल सीसीआरएच के डा. सुभाष कौशिक की उपस्थिति में एक एमओयू किया गया। इस समझौते के अंतर्गत अब नेशनल होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज द्वारा विभिन्न बीमारियों एवं स्वास्थ्य समस्याओं पर वैज्ञानिक एवं प्रभावी होम्योपैथिक अनुसंधान कार्यों को प्रोत्साहित किया जाएगा। यह पहल चिकित्सा शिक्षा, शोध एवं रोगियों को बेहतर उपचार उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगी। यह जानकारी राजकीय होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एवं चिकित्सालय के प्राचार्य डा. विजय पुस्कर ने दी।

संक्षेप

## तीन आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में केस

प्रतापगढ़। सरकारी पत्थर नसब के बाद मेड़ क्षतिग्रस्त करने को लेकर लालगंज पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। कोतवाली के अगई निवासी रामनेवाज के पुत्र दुर्गा प्रसाद ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि एसडीएम कोर्ट के आदेश पर राजस्व एवं पुलिस टीम की मौजूदगी में उसकी भूमिधरी की मेडबंदी करायी गयी। इस बीच विपक्षी गांव के विवेक जायसवाल पुत्र गिरीश तथा शिवकुमार गौड पुत्र रामखेलावन एवं गिरीश जायसवाल ने मेड़ को क्षतिग्रस्त करते हुए उसके अंश की जमीन पर अपने खेत में मिला लिया। बांस बल्ली गाड़े जाने को लेकर विरोध करने पर आरोपियो ने पीडित के साथ फौजदारी का प्रयास किया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी विवेक समेत तीन के खिलाफ गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है।

## मरीजों का हुआ परीक्षण

प्रतापगढ़। सांगीपुर विकासखण्ड के राजमतीपुर में बुधवार को निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में एक सौ छिहत्तर मरीजों का परीक्षण हुआ। मरीजों को प्रधान संजय सिंह की ओर से परामर्शी दवाएं वितरित करायी गयीं। संजय गांधी हास्पिटल मुंशीगंज अमेठी से आये चिकित्सा विशेषज्ञ डा0 आनन्द शुक्ल एवं पैरामेडिकल स्टाफ के सत्यदेव मिश्र, गौरव सिंह, राकेश पाण्डेय व प्रशिक्षार्थी अर्पिता, आस्था तथा बबिता ने शिविर के संयोजन में सराहनीय योगदान दिया। इस मौके पर संत प्रताप सिंह, राम सुमेर, भाईलाल, पप्पू आदि रहे।

## मारपीट का आरोप

प्रतापगढ़। उदयपुर थाना के अन्तर्गत चाहिन गांव में आम तोड़ने के विवाद में मारपीट तथा गालीगलौज को लेकर दो आरोपियों के खिलाफ पीड़ित ने तहरीर दी है। गांव के रामदेव ने दी गई तहरीर में कहा है कि मंगलवार को वह दिन में बारह बजे बाग की हिस्सेदारी में आम तोड़ने पहुंचा। इस बीच विपक्षियों ने उसे तोड़ने से मना किया। वाद विवाद को लेकर पीडित पर आरोपियो ने लाठी डंडे से हमला कर दिया। शोर मचाने पर आरोपियों द्वारा गालीगलौज के साथ जानलेवा धमकी दी गयी। दरोगा संजय यादव ने बताया कि तहरीर मिली है, जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## पंचायतों में प्रधान बने प्रशासक

सिद्धार्थनगर। जिले में ग्राम पंचायतों का पांच वर्षीय कार्यकाल समाप्त होने के बाद प्रशासनिक व्यवस्था को लेकर बड़ा निर्णय लिया गया है। पंचायतीराज विभाग के शासनादेश के तहत जिले की सभी ग्राम पंचायतों में निवर्तमान ग्राम प्रधानों को प्रशासक नियुक्त किया गया है। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी.एन. ने आदेश जारी करते हुए स्पष्ट किया है कि 27 मई 2026 से पूर्व प्रधान नई ग्राम पंचायतों के गठन या अधिकतम छह माह तक पंचायतों के सामान्य प्रशासनिक कार्यों का संचालन करेंगे। यह व्यवस्था 26 मई 2026 को वर्ष 2021 में गठित पंचायतों का कार्यकाल समाप्त होने के बाद लागू की गई है, ताकि नई पंचायतों के गठन और पहली बैठक तक प्रशासनिक कार्य बाधित न हों। आदेश में यह भी साफ किया गया है कि प्रशासक के रूप में कार्य कर रहे पूर्व प्रधान केवल सामान्य प्रशासनिक कार्य ही कर सकेंगे, जबकि किसी भी प्रकार के नीतिगत निर्णय लेने पर रोक रहेगी। इस फैसले के बाद जिले में राजनीतिक और प्रशासनिक हलचल बढ़ गई है। जहां कुछ लोग इसे प्रशासनिक निरंतरता बनाए रखने का कदम बता रहे हैं।

# प्रसव के दौरान नवजात की मौत

### जनता सेवा हॉस्पिटल पर एफआईआर बिना विशेषज्ञ डॉक्टर ऑपरेशन का आरोप

- इटवा के निजी अस्पताल में कथित लापरवाही का मामला, प्रसूता की हालत गंभीर; स्वास्थ्य विभाग ने बनायी जांच समिति

जिला संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** जिले के इटवा कस्बे स्थित जनता सेवा हॉस्पिटल में कथित चिकित्सीय लापरवाही का गंभीर मामला सामने आया है। प्रसव के दौरान नवजात शिशु की मौत के बाद पीड़ित परिवार ने अस्पताल प्रबंधन पर बिना विशेषज्ञ डॉक्टरों और प्रशिक्षित मेडिकल स्टाफ के ऑपरेशन करने का आरोप लगाया है।

मामले में इटवा पुलिस ने अस्पताल संचालक और संबंधित कर्मचारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार, थाना इटवा क्षेत्र के ग्राम सहदेड्या निवासी चंद्रमणी अपनी पत्नी वंदना को प्रसव पीड़ा होने पर 23 मई 2026 की रात करीब 11 बजे जनता सेवा हॉस्पिटल लेकर पहुंचे थे। परिजनों का आरोप है कि अस्पताल प्रशासन ने सुरक्षित प्रसव और महिला डॉक्टर की उपलब्धता का भरोसा देकर भर्ती तो कर लिया, लेकिन ऑपरेशन के समय कोई विशेषज्ञ चिकित्सक मौजूद नहीं था।

पीड़ित पति का कहना है कि बिना स्त्री रोग विशेषज्ञ, एनेस्थीसिया विशेषज्ञ, बाल रोग विशेषज्ञ और प्रशिक्षित पैरामेडिकल स्टाफ के ऑपरेशन किया गया। आरोप है कि



प्रसव से पहले जरूरी चिकित्सीय जांच भी नहीं कराई गई। ऑपरेशन के बाद जन्मे नवजात की समुचित देखभाल न होने से उसकी मौत हो गई, जबकि प्रसूता वंदना की हालत अब भी गंभीर बनी हुई है। घटना के बाद परिवार में मातम पसरा है। परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाते हुए सख्त कार्रवाई की मांग की है। मामले की सूचना मिलने पर इटवा पुलिस ने चंद्रमणी की तहरीर के आधार पर अस्पताल संचालक और ड्यूटी पर मौजूद स्टाफ के खिलाफ ऋक्रदर्ज कर ली है। पुलिस अस्पताल के रिकॉर्ड, ड्यूटी चार्ट और प्रसव प्रक्रिया से जुड़े सभी तथ्यों की जांच कर रही है।

उधर, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. रजत कुमार चौरसिया ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तीन सदस्यीय जांच समिति गठित की है। समिति को एक सप्ताह के भीतर विस्तृत रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिए गए हैं।

जांच समिति में अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी (आरसीएच) डॉ. आर.जी. सिंह, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आशीष कुमार अग्रहरी और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इटवा के अधीक्षक डॉ. संदीप कुमार द्विवेदी को शामिल किया गया है। समिति अस्पताल में उपलब्ध सुविधाओं, चिकित्सकीय मानकों, ऑपरेशन प्रक्रिया और मेडिकल स्टाफ की भूमिका की जांच करेगी। घटना के बाद स्थानीय लोगों में आक्रोश है। लोगों ने जिले में संचालित निजी अस्पतालों की व्यापक जांच कराने और नियमों के उल्लंघन पर कठोर कार्रवाई की मांग की है। फिलहाल पुलिस और स्वास्थ्य विभाग दोनों स्तरों पर जांच जारी है।

# ई-रिक्शा और बाइक की जोरदार भिड़ंत: युवक की मौत, साथी गंभीर घायल



सिद्धार्थनगर। जिले के शोहरतगढ़ थाना क्षेत्र में बुधवार दोपहर करीब 12 बजे हुए सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। यह दुर्घटना चोड़ार चौराहे के पास ई-रिक्शा और मोटरसाइकिल की आमने-सामने की टक्कर में हुई। मृतक की पहचान करहिया गांव निवासी 35 वर्षीय कृष्णा गौतम पुत्र घनश्याम के रूप में हुई है। वह अपने साथी दीपक पुत्र रमेश, निवासी महादेवा नानकार, के साथ बाइक से कहीं जा रहे थे। इसी दौरान चोड़ार चौराहे के पास सामने से आ रहे ई-रिक्शा से उनकी बाइक की जोरदार भिड़ंत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी भीषण थी कि मोटरसाइकिल बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और दोनों युवक सड़क पर दूर जा गिरे। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और बड़ी संख्या में लोग इकट्ठा हो गए। स्थानीय लोगों ने घायलों को संभालते हुए पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस और एंबुलेंस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शोहरतगढ़ भेजा गया। वहां डॉक्टरों ने कृष्ण गौतम को मृत घोषित कर दिया, जबकि गंभीर रूप से घायल दीपक का इलाज जारी है। उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है। हादसे की खबर मिलते ही परिजन और ग्रामीण अस्पताल पहुंच गए, जहां माहौल गमगीन हो गया। परिवार में कोहराम मच गया है और लोगों का रो-रोकर बुरा हाल है। शोहरतगढ़ थानाप्रभारी निरीक्षक नवीन सिंह ने बताया कि पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर दोनों वाहनों को कब्जे में ले लिया है। मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# सराहनीय सेवा के लिए सम्मानित हुए चिकित्सक, खुशी



प्रतापगढ़। डिफेंस टाइगर्स द्वारा बुधवार को नगर स्थित ट्रामा सेंटर में चिकित्सा सेवा सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संस्था के सचिव मनीष मिश्र फौजी व चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी ने चिकित्सकों एवं पैरामेडिकल स्टाफ को अंगवस्त्रम तथा माल्यार्पण के जरिए सेवा सम्मान सौंपा। कार्यक्रम में संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष राजेशचंद्र तिवारी ने चिकित्सा सेवा को मानवीय सेवा का सबसे पुनीत सेवा कहा। वहीं आयोजन समिति द्वारा डा0 धर्मेन्द्र, डा0 पंकज मिश्र, डा0 राहुल कुमार, डा0 दिवाकर पाण्डेय, डा0 ओवैद अंसारी, मान सिंह व स्टाफ नर्स पूनम को सराहनीय चिकित्सीय सेवा के लिए सम्मानित किया गया। संयोजक मनीष मिश्र ने आयोजन के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मानव जीवन की रक्षा में चिकित्सकों का योगदान प्रशंसनीय है। सह संयोजक राजकुमार मिश्र ने आभार प्रदर्शन किया। इस मौके पर रूरल बार के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल, अभिषेक शुक्ल, दीपक, आकाश तिवारी, प्रवीण शुक्ल, विपिनचंद्र शुक्ल, दिनेश सिंह आदि रहे।

# भगवान शिव का स्वरूप सृष्टि के लिए कल्याणकारी : आनन्दाश्रम



प्रतापगढ़। रानीगंज कैथौला के समीप जगन्नाथपुर में दस दिवसीय श्रीशिवमहापुराण कथा के विश्राम दिवस पर भगवान शंकर की भव्य आरती में श्रद्धालु मंत्रमुग्ध दिखे। कथाव्यास आनंदाश्रम जी ने कहा कि भगवान शिव की पुरूषोत्तम माह में कथा सुनने से भक्तों की मनोकामना पूरी हुआ करती है। उन्होने कहा कि भगवान शिव का स्वरूप सदैव कल्याणकारी है। उन्होने कहा कि जगत के कल्याण के लिए भगवान शिव के आदर्श को आत्मसात करना चाहिए। उन्होने कहा कि सृष्टि के मंगल के लिए भगवान शिव ने विषपान किया। उन्होने श्रद्धालुओं से कहा कि कथा को सुनने से उन्हें जीवन में नैतिक मार्ग पर चलने की शक्ति प्राप्त हो सकेगी। उन्होने कहा कि सामाजिक बुराईयों व कुरीतियों को मिटाने के लिए तत्पर रहना ही धर्म का पालन है। संयोजक गायत्री प्रसाद तिवारी व अधिवक्ता शिवेन्द्र तिवारी तथा यादवेन्द्र तिवारी भोला ने कथाव्यास आनंदाश्रम जी को सम्मानित किया। इस मौके पर प्रधान शांती सिंह, संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष राजेशचंद्र तिवारी, ज्ञानपाल तिवारी, पप्पू तिवारी, भूपेन्द्र तिवारी काजू, श्याम नारायण तिवारी, सिंटू मिश्र, धीरेन्द्र सिंह आदि रहे।

# खलीलाबाद-श्रावस्ती- बहराइच नयी रेल लाइन परियोजना

### भूमि मुआवजा भुगतान के लिए 29 व 30 को बुलाये गये किसान

श्रावस्ती। अपर जिलाधिकारी (वि०/रा०) एवं सक्षम प्राधिकारी (भूमि अध्याप्ति) श्रावस्ती ललित कुमार ने बताया कि पूर्वोत्तर रेलवे गोरखपुर की खलीलाबादझबहराइच नई रेल लाइन परियोजना के अंतर्गत जनपद श्रावस्ती में



अधिग्रहीत भूमि का प्रतिकर (मुआवजा) भुगतान किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि परियोजना के निष्पादन, अनुरक्षण एवं संचालन के लिए तहसील भिनगा, इकौना और जमुनहा के कुल 34 ग्रामों की भूमि अधिग्रहीत की गई है। इसमें तहसील भिनगा के 14 ग्राम, इकौना के 13 ग्राम तथा जमुनहा के 7 ग्राम शामिल हैं। अधिनिर्णय के बाद जिन किसानों को अभी तक भूमि का मुआवजा प्राप्त नहीं हुआ है, उन्हें भुगतान के लिए अंतिम सूचना जारी की गई है। मुआवजा वितरण हेतु 29 एवं 30 मई 2026 को पूर्वान्ह 11 बजे से कार्यालय सक्षम प्राधिकारी भूमि अध्याप्ति/अपर जिलाधिकारी (वि०/रा०), कलेक्ट्रेट भिनगा में उपस्थित होना होगा। अपर जिलाधिकारी ने अवशेष किसानों से निर्धारित तिथि, समय और स्थान पर आवश्यक अभिलेखों के साथ उपस्थित होने की अपील की है। किसानों को अपने साथ एक पासपोर्ट आकार का फोटो, बैंक पासबुक की छायाप्रति, आधार कार्ड की छायाप्रति तथा एक रसीदी टिकट लाना अनिवार्य होगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह मुआवजा प्राप्त करने के लिए अंतिम सूचना है। निर्धारित तिथि तक प्रतिकर राशि प्राप्त न करने पर धनराशि को कोषागार के राजस्व मद में जमा कर दिया जाएगा।

# बकरीद को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क

### सीओ बृजेश वर्मा और तहसीलदार रवि यादव ने हल्लौर में किया फ्लैग मार्च



डुमरियागंज, सिद्धार्थनगर। आगामी ईद-उल-जुहा (बकरीद) पर्व को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने के उद्देश्य से डुमरियागंज प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद दिखाई दे रहा है। जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन के निर्देश पर क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज बृजेश कुमार वर्मा एवं तहसीलदार मजिस्ट्रेट रवि यादव ने संयुक्त रूप से कस्बा हल्लौर में पुलिस बल के साथ पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। अपर पुलिस अधीक्षक प्रशान्त कुमार प्रसाद के निर्देशन में आयोजित इस विशेष अभियान के दौरान क्षेत्राधिकारी बृजेश कुमार वर्मा ने थाना डुमरियागंज पुलिस के साथ संवेदनशील इलाकों में भ्रमण कर कानून व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के निर्देश दिए। वहीं तहसीलदार रवि यादव ने प्रशासनिक जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए लोगों से आपसी भाईचारे और शांति बनाए रखने की अपील की। पैदल गश्त के दौरान पुलिस बल ने प्रमुख चौराहों, बाजारों एवं संवेदनशील क्षेत्रों में व्यापक जांच अभियान चलाया। संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की सघन तलाशी लेकर सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत किया गया। साथ ही दंगा नियंत्रण ड्रिल का आयोजन कर पुलिस की तत्परता एवं तैयारियों का प्रदर्शन भी किया गया। क्षेत्राधिकारी बृजेश कुमार वर्मा की सक्रिय निगरानी एवं तहसीलदार रवि यादव की सजग प्रशासनिक भूमिका को लेकर क्षेत्रवासियों में भरोसा और सुरक्षा का माहौल देखने को मिला। दोनों अधिकारियों ने स्पष्ट संदेश दिया कि त्योहार के दौरान शांति व्यवस्था भंग करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर प्रभारी निरीक्षक डुमरियागंज सहित थाना पुलिस के अधिकारी एवं कर्मचारीगण मौजूद रहे। प्रशासन की इस सक्रियता और सतर्कता की स्थानीय नागरिकों ने भी सराहना की।

# 29 और 30 मई को चलेगा फैमिली आईडी बनाने का विशेष अभियान

श्रावस्ती। जनपद में शासन के निर्देश पर 29 एवं 30 मई 2026 को विशेष अभियान चलाकर फैमिली आईडी बनाने का कार्य किया जाएगा। जिलाधिकारी अन्नपूर्णा गर्ग ने जनपदवासियों से इस अभियान का लाभ उठाने की अपील की है। जिलाधिकारी ने बताया कि जिन परिवारों की अभी तक फैमिली आईडी नहीं बनी है, वे अपने नजदीकी जन सेवा केंद्र, ग्राम पंचायत कार्यालय, नगर निकाय कार्यालय या निर्धारित कैंप स्थल पर पहुंचकर फैमिली आईडी बनवा सकते हैं। उन्होंने बताया कि फैमिली आईडी बनवाने के लिए आधार कार्ड, मोबाइल नंबर तथा अन्य जरूरी दस्तावेज साथ लाना आवश्यक होगा। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिए हैं कि अभियान को पूरी गंभीरता, पारदर्शिता और सुचारु व्यवस्था के साथ संचालित किया जाए, ताकि कोई भी पात्र परिवार फैमिली आईडी से वंचित न रह जाए। उन्होंने कहा कि फैमिली आईडी शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। इसलिए सभी नागरिक समय रहते अपना पंजीकरण अवश्य करा लें और अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लें।

# सिद्धार्थनगर पुलिस का बड़ा अभियान: दुष्कर्म, पॉक्सो व वारंटी मामलों में कई अभियुक्त गिरफ्तार




सिद्धार्थनगर जनपद में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक के आदेश एवं संबंधित क्षेत्राधिकारियों के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत जिले की विभिन्न थाना पुलिस ने दुष्कर्म, पॉक्सो एक्ट, धर्म परिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम तथा वारंटी अभियुक्तों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए कई आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा। वहीं शोहरतगढ़ क्षेत्राधिकारी मयंक द्विवेदी के निर्देशन तथा थानाध्यक्ष नवीन सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने नाबालिग से दुष्कर्म, पॉक्सो एक्ट एवं धर्म परिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम से संबंधित आरोपी इम्तियाज उर्फ राजा पुत्र मो. रशीद निवासी वार्ड नंबर 11 रघुनाथ नगर, थाना व कस्बा शोहरतगढ़ को डुहिया नाला पुल के पास से गिरफ्तार किया। पुलिस ने आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी कर आरोपी को न्यायालय भेज दिया। वही जिले के इटवा थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार मिश्रा के नेतृत्व में थाना पुलिस ने मुकदमा अपराध संख्या 096/2026 धारा 69/352 बीएनएस से संबंधित आरोपी जाहिर पुत्र जमीरूउल्लाह निवासी पकडिहवा थाना ढेबरुआ, जनपद सिद्धार्थनगर को टिकरिया पुल के पास से गिरफ्तार किया। आरोपी पर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का आरोप है। पुलिस ने विधिक कार्रवाई पूरी कर उसे न्यायालय भेज दिया। इस गिरफ्तारी को इटवा थाना पुलिस की बड़ी सफलता माना जा रहा है। उसके उपरांत जिले के मोहाना थानाध्यक्ष जितेन्द्र सिंह के नेतृत्व में चलाए जा रहे वांछित एवं वारंटी गिरफ्तारी अभियान के तहत आर्म्स एक्ट से संबंधित वारंटी अभियुक्त फजलुर्रहमान पुत्र सलाम निवासी शिवपति नगर टोला गौहनिया, थाना मोहाना को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध क्रिमिनल केस संख्या 1000566/2011 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट दर्ज था। गिरफ्तारी की कार्रवाई उपनिरीक्षक खुशीलाल शर्मा एवं हेड कांस्टेबल भूपेंद्र कुमार सिंह द्वारा की गई। बाद में आरोपी को न्यायालय भेज दिया गया। वहीं मिश्रौलिया में पुलिस अधीक्षक के आदेश के अनुपालन में मिश्रौलिया थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में थाना पुलिस ने वारंटी अभियुक्त सुखारी उर्फ सुबराती पुत्र मालगोदे निवासी मोहम्मद नगर टेंउआ ग्रांट थाना मिश्रौलिया को गिरफ्तार किया।

# नेहरू जी ने राष्ट्र को एक मजबूत अर्थव्यवस्था सौंपी

लखनऊ/प्रतापगढ़। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने आजाद भारत के निर्माण में देश के प्रथम प्रधानमंत्री पं0 जवाहर लाल नेहरू के योगदान को सर्वाधिक सशक्त चिंतन करार दिया है। उन्होने कहा कि पण्डित नेहरू का पंचशील सिद्धांत एवं पंचवर्षीय योजना की सोच से देश को समृद्धि का मजबूत आधार मिल सका। उन्होने कहा कि नेहरू जी ने राष्ट्र को एक मजबूत अर्थव्यवस्था सौंपी। विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने कहा कि भाजपा की केंद्र सरकार ने नेहरू की विरासत को संजोने की जगह गलत और अदूरदर्शी नीतियों से आज राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था को तबाह कर दिया है। उन्होनें यूपी की राजधानी लखनऊ में पण्डित नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की है।

वहीं प्रतापगढ़ के रामपुरखास में प्रथम प्रधानमंत्री पं0 नेहरू की पुण्यतिथि पर यहां क्षेत्रीय विधायक



आराधना मिश्रा मोना के कैम्प कार्यालय पर भी बड़ी संख्या में जुटे कांग्रेसियों ने पुष्पांजलि अर्पित की। कार्यक्रम का शुभारंभ राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी के प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी व चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी ने पं0 नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। पुष्पांजलि कार्यक्रम में जुटे कांग्रेसियों तथा अधिवक्ताओं व व्यापारियों एवं सभासदों ने सांसद प्रमोद तिवारी एवं विधायक मोना के नेतृत्व में राष्ट्र निर्माण में योगदान का सामूहिक संकल्प लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व प्रधानाचार्य सुधाकर पाण्डेय व संचालन मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने किया। विशिष्ट अतिथि संयुक्त अधिवक्ता संघ के उपाध्यक्ष नामवर सिंह तथा महामंत्री शिवरंजन यादव व पूर्व अध्यक्ष देवी प्रसाद मिश्र रहे। सभासद आशीष कौशल ने आभार प्रदर्शन किया। इस मौके पर संतोष सिंह, कमाल अहमद, प्रमोद तिवारी, शिव नारायण शुक्ल, संदीप तिवारी, अशोक मौर्य, अजय शुक्ल, अतुल मिश्र चंदन, दिनेश सिंह आदि रहे।

# मिशन शक्ति के तहत महिलाओं को किया जा रहा लगातार जागरूक




श्रावस्ती। जनपद में महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण को लेकर श्रावस्ती पुलिस द्वारा मिशन शक्ति फेज- 5 के द्वितीय चरण के अंतर्गत व्यापक जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक चंद्रकेश सिंह एवं क्षेत्राधिकारीगण के पर्यवेक्षण में संचालित किया जा रहा है। अभियान के तहत शक्ति मोबाइल टीम द्वारा ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों, विद्यालयों तथा सार्वजनिक स्थानों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। चौपाल और संवाद कार्यक्रमों के माध्यम से महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों और पुलिस सहायता सेवाओं की जानकारी दी जा रही है। साथ ही उन्हें शक्ति दीदी के रूप में निर्भीक होकर अपनी समस्याएं सामने रखने और आवश्यकता पड़ने पर तत्काल पुलिस सहायता लेने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। पुलिस टीम द्वारा साइबर अपराधों से बचाव के बारे में भी लोगों को जागरूक किया गया। महिलाओं को ऑनलाइन ठगी, फर्जी कॉल, साइबर ब्लैकमेलिंग और संदिग्ध लिंक से सावधान रहने की सलाह दी गई। इसके साथ ही ओटीपी किसी से साझा न करने, मजबूत पासवर्ड का प्रयोग करने तथा साइबर अपराध होने पर तुरंत साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर सूचना देने के लिए कहा गया।

# सिद्धार्थनगर में पति को जिंदा जलाने के आरोप में पत्नी सहित दो गिरफ्तार

सिद्धार्थनगर। जिले में पति को जिंदा जलाने के मामले में पुलिस ने पत्नी और उसके प्रेमी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस के मुताबिक, इस घटना के पीछे का कारण कथित तौर पर अवैध संबंध है और पीड़ित का बस्ती मेडिकल कॉलेज में उपचार जारी है। पुलिस के मुताहिक, डुमरियागंज थाना क्षेत्र के रेहरा गांव निवासी 28 वर्षीय लालजी गौतम की शादी करीब आठ साल पहले बस्ती के रुधौली क्षेत्र के सुगिया गांव की पूजा गौतम से हुई थी। पुलिस ने बताया कि दोनों के दो बच्चे हैं, जिनकी उम्र सात और चार साल है। पुलिस के मुताबिक, पूजा का गोरखपुर के पीपीगंज क्षेत्र के बगही बारी गांव निवासी फिरोज से प्रेम संबंध था और आरोपी फिरोज पिछले करीब दो साल से पूजा का जीजा बनकर घर आता-जाता था इसलिए किसी को उस पर शक नहीं हुआ। घटना 21 मई की रात उस समय की है, जब पत्नी ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर पति को रास्ते से हटाने के लिए चारपाई से बांधा और ज्वलनशील पदार्थ डालकर उसे आग लगा दी। पुलिस के मुताबिक, आग की लपटों में घिरे लालजी की चीख सुनकर परिजन दौड़े और किसी तरह आग बुझाई लेकिन तब तक वह गंभीर रूप से झुलस चुका था।

# आंधी में घायल अमित से मिले अधिकारी

### सहायता प्रक्रिया हुई शुरू



**श्रावस्ती।** 13 मई को अचानक आए खराब मौसम और तेज आंधी के दौरान ब्लॉक इकौना परिसर में पेड़ की डाल गिरने से घायल हुए 13 वर्षीय अमित गुप्ता पुत्र स्वर्गीय अनोखी लाल गुप्ता का हाल जानने बुधवार को अधिकारी उनके घर पहुंचे। जिलाधिकारी अन्नपूर्णा गर्ग के निर्देश पर नायब तहसीलदार विजय गुप्ता, जिला आपदा विशेषज्ञ अरुण कुमार मिश्र तथा लेखपाल मनीष ने परिवार से मुलाकात कर सहायता प्रक्रिया आगे बढ़ाई। अधिकारियों ने बताया कि घटना के तुरंत बाद घायल अमित को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया था, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे मेडिकल कॉलेज बहराइच रेफर कर दिया गया। वहां जटिल ऑपरेशन के बाद उसके पैर में रॉड डाली गई है। चिकित्सकों के अनुसार बच्चे के उपचार में अभी लगभग तीन माह और लगेंगे। नायब तहसीलदार विजय गुप्ता ने बताया कि पीड़ित परिवार को तत्काल अनुमन्य अहेतुक सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। वहीं जिला आपदा विशेषज्ञ एवं रेडक्रॉस सचिव अरुण कुमार मिश्र ने कहा कि आपदा टीम लगातार परिवार के संपर्क में है और हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी। उन्होंने बताया कि रेडक्रॉस की ओर से घायल बच्चे को आवश्यक सहायक उपकरण भी उपलब्ध कराए जाएंगे। साथ ही समाजसेवियों से भी परिवार की मदद के लिए आगे आने की अपील की जाएगी, ताकि पीड़ित परिवार को अधिक से अधिक सहयोग मिल सके।

# एक लाख की रिश्वत लेते अभियंता और चालक गिरफ्तार

मेरठ। राजकीय निर्माण निगम के एक जूनियर इंजीनियर (जेई) और एक चालक को एक लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने यह जानकारी दी।

पुलिस के मुताबिक आरोपी 25 लाख रुपये का भुगतान जारी करने के बदले रिश्वत मांग रहे थे। उत्तर प्रदेश पुलिस के भ्रष्टाचार निरोधक संगठन (एसीओ) के मेरठ प्रकोष्ठ के प्रभारी निरीक्षक योगेंद्र कुमार ने बताया कि बागपत निवासी ठेकेदार सत्येंद्र सिंह तोमर ने शिकायत दर्ज कराई थी। कुमार ने बताया कि शिकायत के अनुसार, निर्माण कार्य पूरा होने के बावजूद उनका करीब 25 लाख रुपये का भुगतान लंबे समय से रोका गया था। आरोप है कि भुगतान जारी कराने के एवज में निगम के जेई योगेंद्र सिंह ने रिश्वत मांगी थी। शिकायत के बाद एसीओ ने जाल बिछाया और मंगलवार सुबह ठेकेदार को रसायन लगे नोट देकर राजकीय निर्माण निगम के कार्यालय भेजा गया। बताया गया कि जेई ने सीधे रकम लेने के बजाय परियोजना प्रबंधक की गाड़ी के चालक नीरज पाल को पैसे लेने भेजा। जैसे ही चालक ने एक लाख रुपये लिए, टीम ने उसे मौके पर पकड़ लिया। इसके बाद टीम चालक को लेकर कार्यालय पहुंची। वहां मौजूद जेई योगेंद्र सिंह ने निकलने की कोशिश की, लेकिन टीम ने उसे भी हिरासत में ले लिया। ठेकेदार का आरोप है कि वर्ष 2023 में निर्माण कार्य पूरा होने के बाद भी भुगतान नहीं किया गया। विभिन्न बहाने बनाकर फाइल रोकी गई। पहले 1.70 लाख रुपये की मांग की गई थी, जिसे बाद में घटाकर एक लाख रुपये कर दिया गया। पुलिस के अनुसार यह कार्रवाई मेडिकल थाना क्षेत्र के राजीवपुरम स्थित राजकीय निर्माण निगम कार्यालय में की गई। दोनों आरोपियों से पूछताछ जारी है। भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## सड़क हादसे में पिता-पुत्र की मौत, महिला घायल

नोएडा। गौतमबुद्ध नगर जिले के रबूपुरा क्षेत्र में एक सड़क हादसे में पिता-पुत्र की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना मंगलवार को चचूरा-दनकौर मार्ग पर हुई जब अलीगढ़ जिले टप्पल थाना क्षेत्र के मानपुर निवासी ओमप्रकाश (50) अपनी पत्नी देवेंद्री (48) और पुत्र अनिल (21) के साथ मोटरसाइकिल से बुलंदशहर जा रहे थे तभी उनका दोपहिया वाहन बीच सड़क पर खड़े एक डंपर से टकरा गया। रबूपुरा थाना प्रभारी श्याम बाबू शुक्ला ने बताया कि टक्कर के बाद तीनों सड़क पर गिर पड़े और इसी दौरान तेज रफ्तार कार ने उन्हें कुचल दिया। हादसे में तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए।

संक्षेप

## बकरीद पर्व शांति से संपन्न कराने के लिए प्रशासन मुस्तैद



सफीपुर, उन्नाव। बकरीद पर्व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने को लेकर प्रशासन मुस्तैद है। एसडीएम एवं कोतवाली प्रभारी प्रशिक्षु आईपीएस ने भ्रमण कर जानी हकीकत। दिए आवश्यक दिशा निर्देश। उपजिलाधिकारी शिवेंद्र कुमार वर्मा एवं कोतवाली प्रभारी प्रशिक्षु आईपीएस संचित शर्मा ने नगर पंचायत स्थित शीशे वाली मस्जिद के पास ऊंचवा, जोगियाना, मदरसा एवं ग्राम पीखी में मदरसा आदि स्थानों पर पहुंचकर निर्धारित कुबार्नी स्थलों का निरीक्षण किया। एसडीएम ने मौके पर साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने लोगों से शासन की गाइडलाइन का पालन करने तथा आपसी भाईचारा एवं सौहार्द बनाए रखने की अपील की। निरीक्षण के दौरान पुलिस बल एवं नगर पंचायत कर्मी भी मौजूद रहे। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि पर्व को शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराना उनकी प्राथमिकता है। संचित शर्मा ने सभी से आपसी सौहार्द से त्योहार मनाए जाने की अपील की। इस बीच उन्होंने आपसी सौहार्द बिगाड़ने वालो पर नजर बनाए एवं किसी प्रकार की समस्या के लिए प्रशासन का सहारा लेने की अपील की।

# प्रस्तावित रेल उपरिगामी सेतु का निरीक्षण



गोरखपुर। जनपद में यातायात व्यवस्था को सुगम और सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से प्रस्तावित रेल उपरिगामी सेतुओं (आरओबी) के निर्माण कार्यों ने गति पकड़ ली है। इसी क्रम में मण्डलायुक्त अनिल ढींगरा एवं जिलाधिकारी दीपक मीणा ने गोरखपुर-आनन्दनगर रेल खंड के मानीराम और पीपीगंज रेलवे स्टेशनों के मध्य किमी 21/7-6 पर स्थित समपार संख्या 14सी पर प्रस्तावित रेल उपरिगामी सेतु के निर्माण स्थल का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने कार्यदायी संस्था सेतु निर्माण इकाई, गोरखपुर को स्पष्ट निर्देश दिए कि सेतु का निर्माण इस प्रकार किया जाए कि बढ़या एवं सहजनवां की ओर से आने-जाने वाले वाहनों को चढ़ने-उतरने में किसी प्रकार की असुविधा न हो। इसके लिए उपयुक्त स्थान पर रोटरी (चौराहा घुमाव) बनाने पर विशेष जोर दिया गया। साथ ही यह भी निर्देशित किया गया कि प्रस्तावित सेतु को राष्ट्रीय राजमार्ग-29 (गोरखपुर-सोनौली मार्ग) से सुरक्षित ढंग से जोड़ा जाए, जिसमें रोटरी अथवा मेटल क्रैश बैरियर जैसी व्यवस्थाओं का प्रयोग कर दुर्घटनाओं की संभावना को न्यूनतम किया जा सके। मौके पर उपस्थित उपजिलाधिकारी कैम्पियरगंज को निर्देशित किया गया कि प्रस्तावित सरेखण के अनुसार प्रभावित निजी भूमि एवं भवनों का शीघ्र चिन्हांकन, मापन और मूल्यांकन कराया जाए, ताकि निर्माण कार्य में कोई बाधा न उत्पन्न हो और प्रभावित लोगों को समय पर उचित मुआवजा मिल सके। इसके पश्चात मण्डलायुक्त एवं जिलाधिकारी ने पिपराईच-हाटा मार्ग पर स्थित क्रासिंग संख्या-6सी पर प्रस्तावित चार लेन रेल उपरिगामी सेतु के निर्माण स्थल का भी निरीक्षण किया। इस दौरान रेलवे के एईएन (पूर्वोत्तर रेलवे), महाप्रबंधक (गोरखपुर) तथा उत्तर प्रदेश राज्य सेतु निगम के परियोजना प्रबंधक सहित अन्य अभियंता भी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान मण्डलायुक्त ने निर्देश दिया कि सेतु निर्माण के दौरान स्थानीय निवासियों के मकानों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को न्यूनतम प्रभावित किया जाए। परियोजना प्रबंधक को यह भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए कि हाटा, कुशीनगर एवं सोनबरसा की दिशा से आने-जाने वाले वाहनों को सेतु पर चढ़ने-उतरने में कोई दिक्कत न हो, जिसके लिए रोटरी का निर्माण किया जाए। इसके अतिरिक्त, गोरखपुर की ओर से सेतु के निर्माण में यह ध्यान रखने को कहा गया कि पिपराईच बाजार की तरफ से आने-जाने वाले वाहनों के लिए पर्याप्त सर्विस रोड उपलब्ध हो।

## जमीन विक्रय में धोखाधड़ी व धमकी मामले में केस दर्ज

सरहरी, गोरखपुर। गुलरिहा थाना अन्तर्गत सरहरी चौकी क्षेत्र के महराजगंज में जमीन बैनामा में धोखाधड़ी और धमकी के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। ग्राम सभा महाराजगंज निवासी पीड़ित जितेंद्र गुप्ता के लिखित तहरीर देकर बताया कि पुलिस वर्ष 2010 में कराए गए जमीन बैनामे में तथ्यों को छिपाकर धोखाधड़ी की गई और जिस भूमि का बैनामा किया गया वह पहले से ही किसी अन्य व्यक्ति के नाम बेची जा चुकी थी। विरोध करने पर गाली-गलौज और जान-माल की धमकी देने का भी आरोप लगाया गया है।

पुलिस ने मामले में भारतीय न्याय संहिता (इठर) की धारा 318(4), 351(3) व 352 के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित ने निष्पक्ष कार्रवाई और न्याय की मांग की है।

## कच्ची अमिया, पतला सत्तू गर्मी के लिए लाभकारी: डॉ. कमल कुमार



इटावा। भीषण गर्मी और नौतपा के इस दौर में लगातार बढ़ता तापमान लोगों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रहा है। तेज धूप, गर्म हवाएं और लू के कारण शरीर में पानी की कमी, थकान, चक्कर, पेट संबंधी समस्याएं और कमजोरी जैसी शिकायतें तेजी से बढ़ रही हैं। ऐसे समय में आयुर्वेद प्राकृतिक और पारंपरिक खानपान को अपनाने की सलाह देता है। आयुष विभाग से जुड़े चिकित्सक डॉ. कमल कुमार कुशवाहा ने बताया कि नौतपा के दौरान भोजन और पेय पदार्थों में थोड़ी सावधानी रखकर गर्मी के दुष्प्रभाव से काफी हद तक बचा जा सकता है। आयुर्वेद में इस मौसम में शीतल, हल्का, सुपाच्य एवं शरीर में जल संतुलन बनाए रखने वाले आहार को विशेष महत्व दिया गया है। डॉ. कुशवाहा के अनुसार इस समय कच्ची अमिया कच्चा आम को दाल और सब्जियों में डालकर अवश्य सेवन करना चाहिए। कच्ची अमिया शरीर को ठंडक प्रदान करती है तथा लू के प्रभाव को कम करने में सहायक होती है। इसके सेवन से पाचन शक्ति भी बेहतर रहती है और भोजन में स्वाद बढ़ जाता है। ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी अरहर की दाल, कढ़ी और विभिन्न सब्जियों में कच्ची अमिया डालने की परंपरा स्वास्थ्य की दृष्टि से अत्यंत लाभकारी मानी जाती है।

## किन्नर बेला रानी ने उठाया अत्याचार व भेदभाव का मुद्दा

इटावा। किन्नर समाज से जुड़ी बेला रानी ने मीडिया के सामने अपनी व्यथा रखते हुए अत्याचार और भेदभाव के गंभीर मुद्दों को उठाया है। उन्होंने आरोप लगाया कि उनके खिलाफ झूठे मुकदमे दर्ज किए जा रहे हैं। वहीं, दो दिन पूर्व हुई एक घटना में उनके साथ अपहरण की कोशिश भी की गई बेला रानी ने बताया दो दिन पहले मैं एक बारात में नेक माँगने आशीर्वाद व दक्षिणा लेने गई थी। जब मैं वहाँ से बाहर निकली, तो कुछ गुंडों ने मुझे उठाने की कोशिश की। उन्होंने यह भी बताया कि इससे पहले भी उनके खिलाफ फर्जी मामले दर्ज कराए जा रहे हैं, ताकि उन्हें प्रताड़ित किया जा सके ।

# ब्लॉक मुख्यालय के आवासीय परिसर में उगी झाड़ियां

## खोल रही सफाई व्यवस्था की पोल



चौरीचौरा, गोरखपुर। विकास खंड ब्रम्हपुर परिसर स्थित अधिकारियों व कर्मचारियों के आवास अपनी दुर्व्यवस्था पर आंसू बहा रहा है। परिसर में उगी बड़ी बड़ी झाड़ियां इस ब्लाक की मुख्य पहिचान बनी हुई है। सफाई के अभाव के कारण लोगो कों रहना मुश्किल हो रहा है। मच्छरों का भरमार पड़ा हुआ है। संक्रामक बिमारियों के फैलने का भय बना हुआ है। परिसर में फैली गंदगी , अधिकारियों कर्मचारियों को नित्य मुख्यालय पर निवास न करने की गवाही देती नजर आ रही है। बताते चलें कि ब्रम्हपुर ब्लाक परिसर में उगी झाड़ियां, सफाई व्यवस्था की पोल खोलने के लिए काफी है। पूरे ब्लाक क्षेत्र के गांवों में सफाई की जिम्मेदारी उठाने वाला यह ब्लाक मुख्यालय स्वयं भीषण गंदगी से जूझ रहा है। ब्लाक मुख्यालय का चाहे बीडीओ आवास हो अथवा कर्मचारी आवास, सभी बड़ी बड़ी झाड़ियों के घेरे में दम तोड़ती नजर आ रही है। सबसे बड़ी विडंबना यह है कि ब्लाक मुख्यालय स्वयं गंदगी से घिरा हुआ है। पूरा आवास परिसर गंदगी से घिरा होने के कारण कोई कर्मचारी ब्लाक मुख्यालय पर रहने का जहमत नहीं उठाता है। आवास परिसर में मच्छरों का भरमार है। जिससे संक्रामक बिमारियों के फैलने का भय बना हुआ है। स्थानीय कुछ लोगों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि जब ब्लाक मुख्यालय पर सफाई व्यवस्था दम तोड रही है तो गांवों में क्या हालत हो सकती है। लोगों ने बताया कि इस ब्लाक मुख्यालय पर केवल कार्यालय के सामने ही चमक दमक रहता है। लेकिन यहां का आवासीय परिसर गंदगी व झाड़ियों से पटा रहता है। इसी कारण अधिकारी व कर्मचारी रहना पसंद नहीं करते हैं। लोगों ने उक्त ब्लाक मुख्यालय स्थित आवासीय परिसर को साफ सफाई कराने की मांग किया है।

## समाजसेवी राजू गुप्ता का बाह अड्डा पर हुआ जोशीला स्वागत



इटावा। समाजसेवी राजू गुप्ता के जन्मदिन की खुशी बुधवार को शहर के विभिन्न इलाकों में समाजसेवी संस्थाओं सहित अनेक लोगों ने भीषण गर्मी में लोगों राहत पहुंचाने के लिए जगह जगह ठंडा शर्बत व मिष्ठान वितरण किया और केक भी काटे गए। समाजसेवी राजू गुप्ता लगभग सभी कार्यक्रमों में शामिल हुए जहां उनका समाज सेवी संस्थाओं ने मालाओं से लादकर गर्मजोशी से स्वागत किया और उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर गरीबों, मजलूमों, बेसहाराओं की निस्वार्थ मदद करने का संकल्प लिया। यहां बाह अड्डा स्थित मो. कासिम अंसारी के आवास पर बुनकर एकता समिति की ओर से राजू गुप्ता के जन्मदिन पर भीषण गर्मी से राहत पहुंचाने के लिए शर्बत वितरण व स्वागत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बुनकर एकता समिति के अध्यक्ष मो. इदरीस अंसारी व प्रवक्ता एवं सलाहकार कासिम अंसारी ने टीम के साथ समाजसेवी राजू गुप्ता का अभूतपूर्व स्वागत किया और हजारों राहगीरों को शर्बत पिलाकर उनकी प्यास बुझाई। बुनकर एकता समिति के प्रवक्ता एवं सलाहकार कासिम अंसारी ने कहा कि हर नेक इंसान को राजू गुप्ता की तरह समाज के कमजोर लोगों की निस्वार्थ सेवा करना चाहिए। इस अवसर पर सलाहउद्दीन अंसारी, फजलुर रहमान, इजहार अहमद, इमरान एडवोकेट, शावेज नकवी, फुरकान अहमद, शाहिद हुसैन, अजरूद्दीन अज्जू, जीशान अहमद, मो. मुजीब, मो. आरिफ आदि उपस्थित रहे।

## ईदगाह में नमाज दो शिफ्टों में अदा होगी

इटावा। ईदगाह कमेटी के सेकेटरी डा. मोहम्मद अफजाल व कोषाध्यक्ष हन्नान मंसूरी चांद ने बताया कि ईदगाह परिसर में ईद उल अजहा के दिन नमाज दो शिफ्टों में होगी। डा. मोहम्मद अफजाल व कोषाध्यक्ष हन्नान मंसूरी चांद ने बताया कि ईद उल अजहा की नमाज ईदगाह परिसर में दो शिफ्टों में होगी, पहली शिफ्ट में नमाज सुबह 6.45 बजे मौलाना कमाल उद्दीन अशरफी और दूसरी शिफ्ट में नमाज सुबह 7.45 बजे मौलाना फरहान बरकाती अदा कराएंगे। शासन और प्रशासन की मंशा के अनुरूप ईदगाह के बाहर सड़क पर कोई भी नमाजी नमाज अदा नही करेगा। ईदगाह कमेटी के वालनटियर ईदगाह के बाहर नमाजियों को सड़क पर नमाज अदा करने से रोकने के लिए तैनात रहेंगे। इसी तरह पचराहा मस्जिद में 7.15 बजे, चैखरकुआं 7 बजे, शाहगंज 7 बजे, लालपुरा 6.30 बजे, शेख जलाल 7.15 बजे, शहगदाली 8 बजे, पक्कातालाब 6.10 बजे, चाणक्य वाली मस्जिद में 7 बजे अदा की जाएगी।

## श्रद्धा भाव से मनी पुरुषोत्तम मास एकादशी

इटावा। शहर के छैराहा स्थित वृंदावन धाम राधाबल्लभ मंदिर पर बुधवार को पुरुषोत्तम मास की पद्मिनी एकादशी श्रद्धाभाव के साथ परंपरागत ढंग से बनाई गई। इस मौके पर ठाकुर जी का फूल बंगला सजाकर विशेष श्रृंगार किया गया और छप्पन भोग भी लगाया गया। मंदिर में भजन कीर्तन की भी घूम रही वहीं फूलों की भीनी भीनी खुशबू से मंदिर और आसपास का क्षेत्र महकता रहा।

व्रजधाम में गर्मी के दिनों में फूल बंगले का विशेष महत्व होता है। अप्रैल के महीने में कामदा एकादशी से लेकर जुलाई के महीने में हरियाली तीज तक बांके बिहारी मंदिर सहित अन्य मंदिरों में खूब फूल बंगले सजाए जाते हैं। यहां के राधाबल्लभ मंदिर में ब्रज धाम की सभी परंपराओं का निर्वहन किया जाता है। पद्मिनी एकादशी सिर्फ पुरुषोत्तम मास जिसे अधिक मास भी कहा जाता है इसी में पड़ती है। इस विशेष एकादशी पर श्री राधावल्लभ लाल जी महाराज के चरण सेवक गोपाल प्रकाश चंद्र गोस्वामी सुबह पूजा अर्चना के बाद ठाकुर जी का विशेष श्रृंगार किया और और शीतलता देने वाले विभिन्न प्रकार के फूलों से ठाकुर जी के गर्भ ग्रह में फूल बंगला सजाया गया और भगवान को छप्पन भोग भी लगाया गया। महिला मंडल के द्वारा भजन कीर्तन का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें श्रद्धालु खूब झूमे। फूल बंगला और छप्पन भोग के दर्शन के लिए काफी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचे थे सभी को प्रसाद वितरण किया गया ।

# पूर्वांचल पत्रकार एसोसिएशन का राष्ट्रीय अधिवेशन 30 को

## मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे केन्द्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री कमलेश पासवान

चौरीचौरा, गोरखपुर। पूर्वांचल पत्रकार एसोसिएशन ऑफ इंडिया द्वारा राष्ट्रीय अधिवेशन विचार गोष्ठी एवं पत्रकार सम्मान समारोह का आयोजन आगामी 30 मई दिन शनिवार को चौरीचौरा में किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारत सरकार के केन्द्रीय ग्रामीण विकास राज्यमंत्री तथा बांसगांव संसदीय क्षेत्र के सांसद कमलेश पासवान होंगे। इसके साथ ही साथ कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि राज्यसभा सांसद तथा महिला मोर्चा के राष्ट्रीय मंत्री संगीता यादव तथा विधानसभा चौरीचौरा के वरिष्ठ समाजसेवी एसके शर्मा होंगे। उक्त अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम सहित तमाम कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे। उक्त आशय की जानकारी पूर्वांचल पत्रकार एसोसिएशन आफ इंडिया के प्रदेश महासचिव उमाशंकर शुक्ल व तहसील अध्यक्ष चौरीचौरा योगेंद्र मोर्य ने दी है। तथा सभी से कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील किया है।

## फर्जी एमएसपी आदेश को किसानो ने फूंका

इटावा। संयुक्त किसान मोर्चा एसकेएम के देशव्यापी आहवान पर 27 से 31 मई तक गांवों में सरकार की फर्जी एमएसपी आदेश की प्रतियों का दहन कर डीजल-पेट्रोल के दामों में मूल्य वृद्धि, उरर्वर लूट के खिलाफ किसान सभा ने ताखा तहसील की बिरतिया गांव और इटावा सदर तहसील के खडकोली में फर्जी एम.एस.पी का पुतला फूंका गया। किसान सभा के पूर्व जिलाध्यक्ष नाथूराम यादव, जिलामंत्री संतोष शाक्य जिला संयुक्त मंत्री शिववचन उर्फ बच्चू सहित दर्जनो किसानो ने भाग लिया। जिलामंत्री संतोष शाक्य ने बताया अभियान के दौरान किसान सभा पूरे जिले के तमाम गांवो में फर्जी एमएसपी का पुतला दहन कर स्वामीनाथन के अनुरूप लागत का डेढ गुना एम.एस.पी की गांरटी, कृषि कार्यो के लिए टैक्स फ्री डीजल, बिजली कटौती रोककर निर्बाध सप्लाई देने, बिजली का निजीकरण रोकने, आदि मांगों उठायेगी।

## भीषण गर्मी, तापमान 45 डिग्री पहुंचा

इटावा। भीषण गर्मी और हीट वेव का असर लगातार बढ़ता जा रहा है। जिले में तापमान 44 से 45 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित है। सड़कों पर दोपहर के समय सन्नाटा देखने को मिल रहा है, वहीं जिला अस्पताल में उल्टी, दस्त, डायरिया और गर्मी से बीमार होने वाले मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। हालात को देखते हुए जिला आपदा प्रबंधन विभाग और स्वास्थ्य विभाग ने विशेष इंतजाम शुरू कर दिए हैं। जिला अस्पताल में सचल जल सेवा, ओआरएस घोल वितरण, एयर कंडीशन कोल्ड रूम और विशेष बेड की व्यवस्था की गई है, जबकि लोगों को लगातार गर्मी से बचाव के लिए जागरूक भी किया जा रहा है। इटावा में लगातार चल रही हीट वेव से आम लोगों की परेशानी बढ़ गई है।

पूर्वोत्तर रेलवे

ई-प्रापण निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-प्रापण निविदाएं आमंत्रित करते हैं :

**क्र.सं. :** 1, **ई-प्रापण निविदा संख्या :** उपमु.इं.-नि.-मुख्या.-गोर.-04-2026, **कार्य का नाम :** गोरखपुर में स्थित मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण के कार्यालय भवन में वर्क स्टेशन/क्यूबिक्ल, विशेष मरम्मत एवं सरकुलेटिंग एरिया, पार्किंग शेड के नवीनीकरण सहित नए सभा कक्ष और निविदा अनुभाग के निर्माण का कार्य, **अनुमानित निविदा मूल्य :** रु. 3,88,25,450.06, **बयाना राशि :** रु. 7,76,500.00, **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** रु. 0.00, **कार्य पूर्ण करने की अवधि :** 04 (चार) माह।

• बिडिंग प्रारम्भ करने की तिथि - **08.06.2026** • उपरोक्त ई-निविदा सबमिशन की अन्तिम तिथि - **दिनांक 22.06.2026 को 15.00 बजे तक।** • उपरोक्त ई-निविदा खुलने की तिथि - **दिनांक 22.06.2026 को 15.30 बजे।** • निविदा सूचना, योग्यता मापदण्ड, नियम एवं शर्तें वेबसाइट **https://ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है। • निविदा सूचना में यदि हिन्दी या अंग्रेजी के आलेखों में कोई भिन्नता होती है तो अंग्रेजी के ही आलेख मान्य होंगे।

**श्री आर. के. चौधरी, सहायक कार्यपालक इंजीनियर/निर्माण/मुख्या./II मो.नं. 9794844281**

**उप मुख्य इंजीनियर/नि./मुख्या.,**

**मुजाधि/डब्ल्यू-123 पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर**

ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें

## चादर पोशी व जवाबी कव्वाली के साथ सालाना उर्स सम्पन्न



पाटन, उन्नाव। हजरत बिस्मिल्लाह शाह आलम गीर शाह का 41 वां दो रोजा सालाना उर्स समारोह गागर, सागर व बाबा की मजार पर चादर पोसी तथा जवाबी कव्वाली के साथ संपन्न हुआ। तहसील बीघापुर मुख्यालय पाटन क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम मनिकापुर में आलम गीरी कमेटी द्वारा बाबा आलमगीर शाह का दो रोजा यानी समारोह हर्षोल्लास एवं पूरी अकीकत के साथ संपन्न हुआ। इस मौके पर गागर व चादर का भृमण कव्वाली के साथ पूरे गांव में किया गया, देर शाम बाबा की मजार पर चादर चढ़ाई गई। जिसमें सैकड़ो लोग मौजूद रहे। बाबा के उर्स के इस मौके पर लंगर विशेष का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र व गैर जनपद से आए लोगों ने सिन्नी ग्रहण किया। गौरतलब हो कि बाबा के चाहने वाले सुबह से ही उनकी दरगाह में पहुंचकर यथा शक्ति चादर व सिन्नी चढ़कर उनकी मजार पर सजदा कर मन वांछित कामना की। बाबा की याद में रात में कव्वाली विशेष का आयोजन किया गया। जिसमें जावेद हुसैन कव्वाल रामपुर व अफ्फान वारसी कव्वाल देवा शरीफ के मध्य भोर पहर तक जवाब सवाल व सवाल जवाब हुए। कमेटी की ओर से आए हुए अतिथियों का अंग वस्त्र माल्यार्पण कर स्वागत सम्मान किया गया। इस मौके पर पुष्प फाउंडेशन के अध्यक्ष पुष्पेंद्र प्रताप सिंह व उनके भाई मानवेंद्र प्रताप सिंह ने पहुंच कर बाबा की मजार पर सजदा किया तथा अमन चैन की दुआ मांगी। इस मौके पर माजिद हस्सानी आलम गीरी, ताहिर हस्सानी, अनिल सिंह, सुरेश कुमार मिश्रा, जमील, अनिल सिंह बी डी सी सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## बीएसए कार्यालय में खेल मद में 10 लाख रुपये के घोटाले का आरोप

उन्नाव। प्रदेश सरकार जहां भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाने की बात कर रही है, वहीं जनपद उन्नाव के बेसिक शिक्षा विभाग में कथित वित्तीय अनियमितताओं का मामला सामने आया है। आरोप है कि खेल मद के खाते से लगभग 10 लाख रुपये निकालकर बिल-बाउचर गायब कर दिए गए। मामले में पूर्व जिला व्यायाम शिक्षिका अनीता वर्मा तथा उच्च प्राथमिक विद्यालय सराय कटियान, बिछिया से जुड़े अनुदीप श्रीवास्तव का नाम सामने आया है। आरोप है कि उच्च प्राथमिक विद्यालय अजुर्नामऊ, नवाबगंज एवं अन्य विद्यालयों से संबंधित खेल खाते भारतीय स्टेट बैंक शाखा शाहगंज के खाता संख्या 10997951048 से गुपचुप तरीके से धनराशि निकाली गई।

- पूर्व जिला व्यायाम शिक्षिका समेत दो लोगों पर रकम निकालने और बिल-बाउचर गायब करने का आरोप

सूत्रों के अनुसार, निकाली गई रकम से संबंधित अभिलेख और बिल-बाउचर भी विभागीय रिकॉर्ड से गायब बताए जा रहे हैं। मामले की जानकारी होने पर भाजपा नेता एवं पूर्व आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री भारत सरकार कौशल किशोर ने 19 जनवरी 2026 को जिलाधिकारी उन्नाव को पत्र भेजकर पूरे प्रकरण की त्रिस्तरीय जांच कराए जाने की मांग की थी। बताया जा रहा है कि कार्रवाई न होने पर बाद में बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह को भी शिकायत भेजी गई। अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस मामले में निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों पर कार्रवाई करता है या मामला फाइलों में ही दबकर रह जाएगा।

## सपा का भाजपा सरकार पर पीडीए आरक्षण घोटाले का आरोप




इटावा। समाजवादी पार्टी ने पीडीए आरक्षण घोटाले को लेकर भाजपा सरकार पर बड़ा राजनीतिक हमला बोला है। पार्टी कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में सपा जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू ने कहा कि भाजपा सरकार संविधान द्वारा दिए गए आरक्षण के अधिकार को कमजोर करने का काम कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि पीडीए परिवार के बेटे, बेटियों और बहुओं को सरकारी नौकरियों में उनका हक नहीं मिल पा रहा है और आरक्षित वर्ग के अधिकारों के साथ लगातार अन्याय किया जा रहा है। प्रेसवार्ता के दौरान सपा नेताओं ने कई भर्तियों का विवरण जारी करते हुए आरक्षण में गड़बड़ी का आरोप लगाया। बुधवार 12 बजे सपा जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू ने कहा कि बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर ने संविधान के माध्यम से पिछड़े, दलित और वंचित समाज को बराबरी का अधिकार देने के लिए आरक्षण व्यवस्था लागू कराई थी, लेकिन भाजपा सरकार धीरे-धीरे उसी व्यवस्था को कमजोर कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकारी नौकरियों में आरक्षित वर्ग के पदों को सही तरीके से नहीं भरा जा रहा और पीडीए समाज के युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के 10 वर्षों के कार्यकाल में कई भर्ती प्रक्रियाओं में गड़बड़ी सामने आई है। सपा नेताओं का दावा है कि आरक्षित सीटों में कटौती और अनियमितताओं के कारण हजारों युवाओं को नौकरी से वंचित होना पड़ा। प्रेसवार्ता के दौरान महासचिव वीरू भदोरिया, वरिष्ठ नेता लाखन सिंह जाटव, पूर्व प्रत्याशी सर्वेश शाक्य, उपाध्यक्ष उत्तम सिंह प्रजापति, सपा प्रवक्ता विक्की गुप्ता, विधानसभा अध्यक्ष उमेश राजपूत डुल्ले, सचिव रमेश यादव प्रवीन कुशवाह, इंजीव शुगर सिंह दोहरे, नरेंद्र प्रजापति आदि उपस्थित रहे।

## असफल प्रेमी ने युवती के घर पेट्रोल छिड़क लगा दी आग

सरहरी, गोरखपुर। चिलुआताल थाना क्षेत्र के एक गाँव का रहने वाला युवक बगल के गाँव की एक युवती से बात चीत कर रहा था, युवती की शादी कही और तय हो जाने के कारण छुब्ध होकर रात में युरवती के घर अपने अन्य दो साथियो के साथ पहुच पेट्रोल छिड़क कर आग लगा दिया। आग जिससे स्कूटी व कपड़ो में आग लग गयी। परिजन किसी तरह से आग पर काबू पाये युवती के भाई के लिखित तहरीर पर चिलुआताल पुलिस मुकदमा कायम कर आरोपी युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। चिलुआताल पुलिस को युवती के भाई द्वारा लिखित तहरीर देकर बताया गया कि मेरी बहन का ओमप्रकाश नगर सिक्टौर मानीराम निवासी रोहित साहनी पुत्र अनिरुद्ध साहनी से कुछदिनो पर्व आपस में बात चीत चल रहा था मेरी बहन की शादी तय हो जाने की वजह से उसने रोहित से बातचीत करना बन्द कर दी थी। इसी बात को लेकर रोहित अपने दो अन्य साथियो के साथ मंगलवार को रात लगभग डेढ़ बजे मेरे घर पहुच पेट्रोल छिड़क कर आग लगा दिया।

## 108/102 एंबुलेंस कर्मियों ने मनाया पायलट दिवस




उन्नाव। 108/102 एंबुलेंस सेवा के कर्मियों द्वारा पायलट दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर एंबुलेंस में तैनात पायलटों के उत्कृष्ट कार्य एवं मानव जीवन की रक्षा के प्रति उनकी कर्तव्यनिष्ठा को सराहा गया। कार्यक्रम में प्रभारी सीएमओ डा. हरिनन्दन प्रसाद उन्नाव द्वारा पायलटों को सम्मानित किया गया। प्रभारी सीएमओ हरिनन्दन प्रसाद उन्नाव ने कहा कि 108/102 एंबुलेंस सेवा के पायलट कठिन परिस्थितियों में भी अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए समय पर मरीजों को अस्पताल पहुंचाकर अनगिनत लोगों की जान बचाने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने पायलटों की सेवाओं को मानवता के प्रति समर्पण की मिसाल बताया। पायलट दिवस के अवसर पर सीएमओ ने सभी पायलटों को अपने कर्तव्यों का इसी प्रकार निष्ठा एवं समर्पण के साथ पालन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि समय पर मरीजों को उपचार उपलब्ध कराना ही एंबुलेंस सेवा का मुख्य उद्देश्य है और इसमें पायलटों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम के दौरान एंबुलेंस कर्मचारियों ने एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं तथा मरीजों की सेवा और मानव जीवन की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहने का संकल्प लिया। इस अवसर पर एंबुलेंस सेवा से जुड़े कर्मचारी एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

## जाइंट्स मैत्री ने बांटा आम पन्ना व ठंडा शरबत




इटावा। जाइंट्स मैत्री ग्रुप की तरफ से साईं मंदिर पक्का तालाब पर भीषण गर्मी से राहगीरों को राहत के लिए ठंडा शरबत और आम पन्ना वितरित किया गया। नौतपा के दिनों में गर्मी अपने प्रचंड रूप में होती है ऐसे में ठंडा पानी या शर्बत प्यासे राहगीरों के लिए अमृत के समान होते है। इस भयंकर गर्मी में आम पन्ना गर्मी से बचाव के लिए एक जादुई औषधि का काम करता है। ग्रुप की सदस्य संध्या वर्मा खुद घर से आम का पन्ना बना कर लायी थी। एकादशी के मौके पर मंदिर के बाहर उपस्थित साधु संतों को फल भी वितरित किए गए। शरबत कार्यक्रम में पर्यावरण को पूरी तरह से ध्यान में रखते हुए किसी भी प्रकार के प्लास्टिक ग्लास का उपयोग नही किया गया। प्लास्टिक की जगह पेपर ग्लास उपयोग में लाएं गए। इस मौके पर मैत्री ग्रुप की अध्यक्ष सारिका अग्रवाल, फेडरेशन कोऑर्डिनेटर स्मिता यादव, यूनिट निदेशक प्रेरणा जैन, मैत्री की वित्त निदेशक राजश्री वर्मा, अपर्णा अग्रवाल, डॉ अरुणा सिंह, विभा मित्तल, स्वेता अग्रवाल, संध्या वर्मा का योगदान रहा।

मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड

अधीक्षण अभियन्ता-तकनीकी, गोमती नगर क्षेत्र, लखनऊ

ई-निविदा सूचना वि.आ.सं. 1556 दिनांक 25.05.2026

निविदा सं. एवं कार्य का संक्षिप्त विवरण

1. 31/SE(T)/GNZ/2026-27 अधिशासी अभियन्ता 11 के.वी. एण्ड एल.टी. गोमती नगर, लखनऊ के मंत्री आवास उपकेन्द्र क्षेत्रान्तर्गत अतिरिक्त परिवर्तक स्थापित करने एवं 11 के.वी. लाइन सुदृढ़ीकरण का कार्य, प्रपत्र शुल्क रु. 3540.00, धरोहर राशि रू. 26,500.00
2. 32/SE(T)/GNZ/2026-27 अधिशासी अभियन्ता 11 के.वी. एण्ड एल.टी. गोमती नगर, लखनऊ के ग्वारी कलवर्ट उपकेन्द्र क्षेत्रान्तर्गत अतिरिक्त परिवर्तक स्थापित करने एवं 11 के.वी. लाइन सुदृढ़ीकरण का कार्य, प्रपत्र शुल्क रु. 3540.00, धरोहर राशि रू. 14,800.00
3. 33/SE(T)/GNZ/2026-27 अधिशासी अभियन्ता 33 के.वी. गोमती नगर, लखनऊ के अगराईगांव उपकेन्द्र क्षेत्रान्तर्गत न्यू 33 के.वी लाइन का कार्य, प्रपत्र शुल्क रु. 1180.00, धरोहर राशि रू. 9800.00
4. 34/SE(T)/GNZ/2026-27 अधिशासी अभियन्ता 11 के.वी. एण्ड एल.टी. गोमती नगर, लखनऊ के कमता उपकेन्द्र अतिरिक्त परिवर्तक स्थापित करने, विभक्तिकरण एवं 11 के.वी. लाइन/फीडर बाइफरकेशन का कार्य, प्रपत्र शुल्क रु. 3540.00, धरोहर राशि रू. 51,000.00
5. 35/SE(T)/GNZ/2026-27 अधिशासी अभियन्ता 11 के.वी. एण्ड एल.टी. गोमती नगर, लखनऊ के सेक्टर-1 उपकेन्द्र क्षेत्रान्तर्गत अतिरिक्त परिवर्तक स्थापित करने एवं 11 के.वी. लाइन सुदृढ़ीकरण का कार्य, प्रपत्र शुल्क रु. 3540.00, धरोहर राशि रू. 67,600.00
6. 36/SE(T)/GNZ/2026-27 अधिशासी अभियन्ता 11 के.वी. एण्ड एल.टी. गोमती नगर, लखनऊ के विश्वास खण्ड उपकेन्द्र अतिरिक्त परिवर्तक स्थापित करने एवं विभक्तिकरण का कार्य, प्रपत्र शुल्क रु. 3540.00, धरोहर राशि रू. 84,500.00
7. 37/SE(T)/GNZ/2026-27 अधिशासी अभियन्ता 11 के.वी. एण्ड एल.टी. गोमती नगर, लखनऊ के कमता उपकेन्द्र क्षेत्रान्तर्गत अतिरिक्त परिवर्तक स्थापित करने, विभक्तिकरण एवं 11 के.वी. लाइन सुदृढ़ीकरण का कार्य, प्रपत्र शुल्क रु. 3540.00, धरोहर राशि रू. 18,400.00
8. 38/SE(T)/GNZ/2026-27 अधिशासी अभियन्ता 11 के.वी. एण्ड एल.टी. इन्दिरा नगर, लखनऊ के एच.ए.एल. उपकेन्द्र क्षेत्रान्तर्गत 11 के.वी लाइन के सुदृढीकरण का कार्य, प्रपत्र शुल्क रु. 3540.00, धरोहर राशि रू. 22,400.00
9. 39/SE(T)/GNZ/2026-27 अधिशासी अभियन्ता 11 के.वी. एण्ड एल.टी. इन्दिरा नगर, लखनऊ के सेक्टर-14 (ओल्ड एवं न्यू) उपकेन्द्र क्षेत्रान्तर्गत 11 के.वी./एल.टी. लाइन के सुदृढ़ीकरण का कार्य, प्रपत्र शुल्क रु. 3540.00, धरोहर राशि रू. 24,600.00
10. 40/SE(T)/GNZ/2026-27 अधिशासी अभियन्ता 11 के.वी. एण्ड एल.टी. इन्दिरा नगर, लखनऊ के सुगामऊ एं अमराईगंव उपकेन्द्र क्षेत्रान्तर्गत 11 के.वी. लाइन सुदृढ़ीकरण का कार्य, प्रपत्र शुल्क रु. 3540.00, धरोहर राशि रू. 25,800.00

ई-निविदा की अन्तिम तिथि 10.06.2026 17.00 बजे

विस्तृत जानकारी एवं प्रपत्र वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। अग्रेतर समस्त सूचनायें वेबसाइट पर प्रदर्शित की जायेगी।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित हो कि अर्जुन प्रसाद ने अपने पुत्र गंगेश कुमार के अनैतिक कार्यो से तंग आकर उससे अपने सभी संबंध विच्छेद करता हूँ। मेरी समस्त चल.अचल संपत्ति से उपरोक्त पुत्र का कोई भी वास्ता या अधिकार नहीं होगा तथा भविष्य में भी नहीं रहेगा। वह अपने कृत्यों के लिए स्वयं उत्तरदायी होगा। अर्जुन प्रसाद पुत्र भोगई, निवासी शाहपुर तोंदा जिला उन्नाव।

संक्षेप

## संदिग्ध परिस्थिति में अधेड़ की मौत

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। कोतवाली क्षेत्र में एक अधेड़ की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो जाने से हड़कंप मच गया। उपचार के लिए उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद चालक शव को कार में छोड़कर मौके से फरार हो गया। जानकारी के अनुसार ग्राम नाथूपुर निवासी करीब 50 वर्षीय विश्राम को गांव का ही एक युवक संदिग्ध परिस्थितियों में उपचार के लिए सीएचसी लेकर पहुंचा था। अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद चालक शव को कार में छोड़कर वहां से फरार हो गया। मृतक की पत्नी सागरपति ने आरोप लगाया कि उसके पति विश्राम के गांव की एक महिला से अवैध संबंध थे। आरोप है कि महिला ने उसके पति की कुछ जमीन भी बिकवा दी थी। पत्नी ने आशंका जताई है कि उसके पति को जहर देकर मार दिया गया है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस पूरे मामले की जांच पड़ताल में जुटी हुई है।

## पैमाइश करने पहुंची राजस्व टीम पर हमला

सीतापुर। सदरपुर थाना क्षेत्र के अफसेरिया गांव में भूमि पैमाइश करने पहुंची राजस्व टीम पर दबंगों ने हमला कर दिया। आरोप है कि सरकारी कार्य में बाधा डालते हुए आरोपियों ने टीम के साथ अभद्रता की और मारपीट पर आमादा हो गए। पुलिस की मौजूदगी के बावजूद हालात बिगड़ते देख राजस्व टीम को बिना पैमाइश लौटना पड़ा। बताया गया कि गाटा संख्या 297,2, 304,2, 305,2 व 265,1 की पैमाइश के लिए एसडीएम न्यायिक के आदेश पर नायब तहसीलदार राज बहादुर के नेतृत्व में लेखपाल सरिता देवी व अन्य कर्मी मौके पर पहुंचे थे। इसी दौरान गांव के सुधीर उर्फ ब्रजेंद्र, शालिनी वर्मा, रोहन, पुष्कर व जूली ने विरोध शुरू कर दिया। महिला लेखपाल सरिता देवी की तहरीर पर सदरपुर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ सरकारी कार्य में बाधा डालने समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन की बैठक आयोजित

लखीमपुर खीरी। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन (उ.प्र.) जनपद लखीमपुर खीरी द्वारा बुधवार को नगर पालिका परिषद सभागार में पूर्वज पत्रकार एवं समाजसेवी स्वर्गीय बाबू बालेश्वर लाल जी की 39वीं पुण्यतिथि पर भावपूर्ण श्रद्धांजलि सभा एवं विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिले के पत्रकारों ने बाबू बालेश्वर लाल जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। वक्ताओं ने उनके पत्रकारिता, सामाजिक सरोकारों और जनहित के कार्यों को याद करते हुए कहा कि उनका जीवन समाज के लिए प्रेरणास्रोत है। गोष्ठी के दौरान पत्रकारिता के बदलते स्वरूप, ग्रामीण क्षेत्रों की समस्याओं और निष्पक्ष पत्रकारिता की आवश्यकता पर भी चर्चा की गई। कार्यक्रम में मौजूद वरिष्ठ पत्रकार, नंद किशोर मिश्रा, अभिषेक वर्मा, मनोज शर्मा, अमीर रजा पम्मी, राजेन्द्र प्रसाद अपने साथी पत्रकारों के साथ उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का संचालन ग्रामीण पत्रकार एसोशिएशन के जिलाध्यक्ष नितेश अग्रवाल ने किया गया।

# बकरीद सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए फ्लैग मार्च



जिला संवाददाता(vol)

सीतापुर। बकरीद को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए बुधवार को सीतापुर जिले में पुलिस और प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में नजर आया। जिला मुख्यालय से लेकर कस्बों और संवेदनशील इलाकों तक पुलिस ने फ्लैग मार्च निकालकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. और पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने शहर के कोट चैराहे से सिटी स्टेशन तक पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों के साथ रूट मार्च किया। इस दौरान अधिकारियों ने मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों, प्रमुख बाजारों, ईदगाहों और भीड़भाड़ वाले स्थानों का निरीक्षण कर लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने और भाईचारा बनाए रखने की अपील की। डीएम ने कहा कि त्योहार पर कानून व्यवस्था बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। एसपी अंकुर अग्रवाल ने बताया कि जिले के सभी संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। ड्रोन कैमरों और सीसीटीवी के जरिए निगरानी कराई जाएगी। जिले के महोली, मिश्रिख, महमूदाबाद, लहरपुर, सिधौली, बिसवां, तंबौर, रामकोट, कमलापुर, अटरिया और हरगांव समेत विभिन्न थाना क्षेत्रों में भी पुलिस ने पैदल गश्त और फ्लैग मार्च कर लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया। अधिकारियों ने प्रतिबंधित पशुओं की कुबार्नी न करने और सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट से बचने की भी चेतावनी दी। रूट मार्च में नगर मजिस्ट्रेट मीनाक्षी पाण्डेय, एसडीएम सदर जनार्दन समेत कई अधिकारी मौजूद रहे।

## एएसपी-सीओ ने संभाली कमान बाजार से चीनी मिल तक मार्च

सीतापुर। बकरीद पर्व को लेकर हरगांव थाना क्षेत्र में बुधवार को पुलिस ने फ्लैग मार्च निकालकर सुरक्षा का संदेश दिया। अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी आलोक सिंह और सीओ सदर नेहा त्रिपाठी के नेतृत्व में निकला रूट मार्च हरगांव थाने से शुरू होकर मुख्य चैराहे, बाजार और चीनी मिल क्षेत्र तक पहुंचा। इसके बाद पुलिस टीम वापस थाना परिसर पहुंची। मार्च के दौरान अधिकारियों ने लोगों से त्योहार को सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाने और एक-दूसरे का सहयोग करने की अपील की। साथ ही स्पष्ट चेतावनी दी गई कि प्रतिबंधित जानवरों की कुबार्नी किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



पुलिस अधिकारियों ने दुकानदारों और स्थानीय लोगों से संवाद कर अफवाहों से दूर रहने की सलाह भी दी। इस मौके पर अपराध निरीक्षक वीरेंद्र कुमार, उपनिरीक्षक राजेश कुमार सरोज, ऋषभ यादव, बसंत कुमार, रंजीत यादव समेत बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

## एसपी ने पुलिस चौकी का किया उद्घाटन

लखीमपुर खीरी। थाना कोतवाली सदर क्षेत्र में स्थित नव निर्मित पुलिस चौकी गढ़ी का गुरुवार को उद्घाटन पुलिस अधीक्षक खीरी डॉ. ख्याति गर्ग द्वारा किया गया।



इस अवसर पर सदर विधायक योगेश वर्मा, अपर पुलिस अधीक्षक पवन गौतम, पुलिस क्षेत्राधिकारी सदर विवेक तिवारी उपस्थित रहे। उद्घाटन समारोह के दौरान पुलिस अधीक्षक डॉ. ख्याति गर्ग ने कहा, नवनिर्मित पुलिस चौकी गढ़ी जनपद की कानून-व्यवस्था को बनाये रखने के लिए बनाई गई है। आम जनता को त्वरित पुलिस सेवाएं उपलब्ध कराने तथा अपराध पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। यह चौकी स्थानीय नागरिकों की सुरक्षा, शांति-व्यवस्था तथा उनके किसी भी प्रकार के संकट में तुरंत सहायता सुनिश्चित करेगी। इस मौके पर सदर कोतवाल राजेश कुमार सिंह भी मौजूद रहे।

## अवैध तमंचे से युवक ने खुद को मारी गोली

पिपरिया धनी, खीरी। वीओएल। रेहरिया चौकी अंतर्गत ग्राम गौरैया कोल्हापुर बाबा में गोलीकांड के बाद पुलिस कार्रवाई से परिवारों में हड़कंप मचा हुआ है। पीड़ित पक्ष ने पुलिस कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। ग्राम गौरैया कोल्हापुर बाबा निवासी अकबर अली पुत्र रफी अली का



परिवार कई वर्षों से गांव में रह रहा है। परिवार में पत्नी गुलशन राठौर, बड़ा बेटा अरशद, बेटी बाबली व छोटा पुत्र हैदर अली शामिल हैं। आरोप है कि अकबर अली की पत्नी गुलशन राठौर का पड़ोस में रहने वाले जितेंद्र कुमार राठौर पुत्र बलराम राठौर से प्रेम प्रसंग चल रहा था। ग्रामीणों के अनुसार जितेंद्र कुमार राठौर ने करीब एक वर्ष पूर्व गुलशन राठौर के साथ प्रेम विवाह किया था। बताया जा रहा है कि बुधवार शाम करीब साढ़े सात बजे गुलशन राठौर किसी बात को लेकर अकबर अली के घर पहुंच गईं। इसी बात से नाराज होकर जितेंद्र कुमार राठौर ने कथित रूप से अपने अवैध तमंचे से अपने ही पैर में गोली मार ली, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। गोली चलने की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। इसके बाद परिजनों ने 108 एंबुलेंस की सहायता से घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहम्मदी पहुंचाया, जहां हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने जिला अस्पताल लखीमपुर रेफर कर दिया। घटना की सूचना पर सीओ मोहम्मदी अरुण कुमार सिंह, थाना प्रभारी उमेंश चैरसिया व रेहरिया चैकी इंचार्ज हिमांशु आनंद सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने अकबर अली व सरवर अली को हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। घटना के बाद दोनों परिवारों में तनाव का माहौल बना हुआ है। वहीं अकबर अली के बच्चों व बुजुर्ग मां का रो-रोकर बुरा हाल बताया जा रहा है। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है।

## पत्रकारिता के पुरोधा को पत्रकार एसोसिएशन ने दी श्रद्धांजलि



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के तत्वावधान में संगठन के संस्थापक स्वर्गीय बाबू बालेश्वर लाल की 39वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा एवं विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार एवं पब्लिक इंटर कॉलेज के अवकाश प्राप्त प्रवक्ता सुरेंद्र शर्मा ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ सुरेंद्र शर्मा, तहसील अध्यक्ष करन सिंह, महामंत्री सचिन शर्मा, वरिष्ठ पत्रकार राजीव अग्निहोत्री, विकास शुक्ला, मनदीप वर्मा, देवेश त्रिवेदी, शिवकुमार वर्मा, श्रीकृष्ण शर्मा, राजेश कश्यप, फराज खान, रफी अहमद एवं शुभम अग्निहोत्री ने संस्थापक बाबू बालेश्वर लाल के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर किया। वरिष्ठ पत्रकार सुरेंद्र शर्मा ने कहा कि बाबू बालेश्वर लाल ने ग्रामीण पत्रकारों की समस्याओं को समझते हुए संगठन की स्थापना की थी। उन्होंने जीवनभर पत्रकारों के हितों के लिए कार्य किया और उनकी आवाज शासन-प्रशासन तक पहुंचाने का काम किया।

## बाढ़ से निपटने के लिए डीएम ने की अफसरों संग बैठक

लखीमपुर-खीरी। डीएम अंजनी कुमार सिंह ने अफसरों संग सम्बन्धित विभागों द्वारा की जाने वाली तैयारियों के सम्बन्ध में कलेक्ट्रेट में द्वितीय जिलास्तरीय बाढ़ स्टेरिंग ग्रुप बैठक ली। डी एम ने अफसरों को सम्भावित बाढ़ को देखते हुए कारगर और प्रभावी कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए।



बैठक का संचालन एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने किया। बैठक में शासन की प्राथमिकताओं और चेकलिस्ट की समीक्षा करते हुए डीएम ने दो टूक शब्दों में कहा कि सभी संवेदनशील विभागों को आपसी तालमेल के साथ एक अभेद्य और प्रभावी कार्ययोजना समय से तैयार करनी होगी संवेदनशील इलाकों की मैपिंग की जाएगी। क्लस्टर में बंटेंगे गांव डीएम ने अधिशासी अभियंता (बाढ़ खंड) तथा लखीमपुर, निघासन, धौरहरा, गोला व पलिया के एसडीएम को निर्देश दिया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में बाढ़ की आशंका वाले गांवों, तहसीलों और ब्लॉकों की अचूक पहचान करें। उन्होंने समानताओं के आधार पर गांवों को सेक्टर और जोन (क्लस्टर) में समूहीकृत करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही पूरी कार्ययोजना का एक विस्तृत मैप तैयार करने को कहा गया ताकि जरूरत पड़ने पर त्वरित रेस्क्यू किया जा सके। सुरक्षित मार्ग, अभेद्य संचार और राहत शिविरों का खाका तैयार बाढ़ के दौरान संपर्क टूटने की आशंका को देखते हुए प्रशासन ने हर गांव के लिए वैकल्पिक मार्गों का पहले से खाका तैयार करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही नेटवर्क फेल होने की स्थिति से निपटने के लिए हाईटेक कम्युनिकेशन प्लान बनाया जा रहा है। बैठक में यह भी तय हुआ कि प्रत्येक राहत शिविर का संचालन बहु-विभागीय टीम करेगी। शिविरों में दवाओं, एंटी-स्नेक वेनम और टीकाकरण व्यवस्था की जिम्मेदारी सीएमओ को सौंपी गई है, ताकि आपदा के समय राहत कार्यों में किसी तरह की बाधा न आए।

## नेहरू की पुण्यतिथि पर सीजीएन कॉलेज में श्रद्धांजलि सभा आयोजित

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। सी.जी.एन.(पी.जी.) कॉलेज में भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। कार्यक्रम में महाविद्यालय परिसर स्थित नेहरू जी की प्रतिमा पर पुष्पमाला अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। महाविद्यालय के प्राचार्य पंकज सिंह ने कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरू आधुनिक भारत के निमार्ता थे। उन्होंने विद्यार्थियों को नेहरू जी



की पुस्तक डिस्कवरी ऑफ इंडिया के बारे में जानकारी देते हुए उनके पंचशील सिद्धांत और गुटनिरपेक्ष नीति पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि विश्व पटल पर भारत को अलग पहचान दिलाने में नेहरू का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। प्राचार्य ने कहा कि देश में औद्योगीकरण, आधुनिक संस्थानों की स्थापना और शिक्षा के विस्तार में नेहरू की भूमिका अहम रही। आज देश में स्थापित कई प्रमुख शैक्षणिक संस्थान उनकी दूरदृष्टि का परिणाम हैं। राजनीति विज्ञान विभाग के सहायक आचार्य विवेक सिंह ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए नेहरू के योगदान को याद किया। उन्होंने बताया कि नेहरू का निधन हृदयाघात के कारण 74 वर्ष की आयु में हुआ था। उन्होंने देश में औद्योगीकरण को बढ़ावा देने के लिए किए गए प्रयासों को सराहनीय बताया। कार्यक्रम में पुस्तकालयाध्यक्ष अनिल कुमार सहित डॉ. अरुण, प्रमोद गौरव अवस्थी, विकास चौरसिया, प्रशांत सिंह, श्रवण कुमार, प्रदीप कुमार, विपिन कुमार समेत महाविद्यालय के शिक्षक व छात्र मौजूद रहे।

## नैमिष पुलिस ऑफिसर्स स्टे बना समर्पण और सुविधा का प्रतीक



जिला संवाददाता(vol)

सीतापुर। आदि तीर्थ एवं ऋषियों की तपोस्थली नैमिषारण्य धाम में अब पुलिस विभाग के अधिकारियों और उनके परिवारों के लिए एक नई सौगात तैयार हो चुकी है। जनपद पुलिस द्वारा निर्मित नैमिष पुलिस ऑफिसर्स स्टे गेस्ट हाउस का निर्माण कार्य पूर्ण होने पर बुधवार को पुलिस कार्यालय में आयोजित सादे लेकिन गरिमामय समारोह में पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने उत्कृष्ट योगदान देने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

नैमिषारण्य केवल एक धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, अध्यात्म और पुराणों की जीवंत धरोहर माना जाता है। मान्यता है कि इसी पावन भूमि पर 88 हजार ऋषियों ने तप किया और यहीं से अनेक पुराणों की कथाएं जनमानस तक पहुंचीं। देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं, प्रशासनिक अधिकारियों और पुलिस कर्मियों के लिए यह स्थल सदैव विशेष महत्व रखता है। ऐसे में नैमिष पुलिस ऑफिसर्स स्टे का निर्माण न केवल एक भवन निर्माण है, बल्कि पुलिस परिवार के लिए सुविधा, सुरक्षा और आध्यात्मिक जुड़ाव का महत्वपूर्ण प्रयास भी माना जा रहा है। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने कहा कि इस परियोजना को सीमित संसाधनों के बावजूद समर्पण और जिम्मेदारी के साथ पूरा किया गया।

उन्होंने निर्माण कार्य में अहम भूमिका निभाने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों की सराहना करते हुए कहा कि टीमवर्क और सकारात्मक सोच से हर लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। इस अवसर पर प्रतिसार निरीक्षक शिव बालक वर्मा, थानाध्यक्ष नवनीत मिश्रा तथा हेड कांस्टेबल याकूब को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। अधिकारियों ने बताया कि इन सभी ने निर्माण कार्य को समयबद्ध और व्यवस्थित ढंग से पूर्ण कराने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। समारोह के दौरान पुलिस विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों में उत्साह का माहौल दिखाई दिया। उपस्थित लोगों ने कहा कि नैमिषारण्य जैसे विश्वविख्यात तीर्थ स्थल पर पुलिस विभाग की यह पहल आने वाले समय में जनपद पुलिस की कार्यशैली और व्यवस्थाओं को नई पहचान देगी। नैमिष पुलिस ऑफिसर्स स्टेह्व अब केवल एक गेस्ट हाउस नहीं, बल्कि सेवा, समर्पण और सांस्कृतिक आस्था के संगम का प्रतीक बनकर उभरा है।

## बीडीओ ने गर्मी से राहत के लिए गौशालाओं में लगवाये फागर



धौरहरा खीरी। भीषण गर्मी और लगातार बढ़ रहे तापमान के बीच धौरहरा ब्लॉक प्रशासन ने गौवंशों को राहत देने के लिए सराहनीय पहल की है। संदीप कुमार तिवारी खण्ड विकास अधिकारी धौरहरा के निर्देश पर बबुरी, बसन्तापुर समेत ब्लॉक की कई गौशालाओं में पशुओं के लिए फागर सिस्टम लगवाए गए हैं। तेज धूप और लू के थपेड़ों से परेशान गौवंशों को अब फागर से निकलने वाली ठंडी पानी की फुहारों के जरिए राहत मिलेगी। गौशाला परिसरों में लगाए गए फागर सिस्टम से वातावरण का तापमान कम रहेगा, जिससे पशुओं को गर्मी से बचाने में मदद मिलेगी। बीडीओ संदीप कुमार ने बताया कि गर्मी के मौसम में गौवंशों की सुरक्षा प्रशासन की प्राथमिकता है। सभी गौशाला प्रभारियों को निर्देश दिए गए हैं कि फागर नियमित रूप से चलाए जाएं तथा पशुओं के लिए स्वच्छ पेयजल, हरा चारा और छायादार व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप बेसहारा गौवंशों की देखभाल में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। गौशालाओं का लगातार निरीक्षण भी किया जा रहा है ताकि व्यवस्थाएं सुचारु बनी रहें। ग्रामीणों ने प्रशासन की इस पहल की जमकर सराहना की है। लोगों का कहना है कि भीषण गर्मी में यह व्यवस्था सैकड़ों बेसहारा गौवंशों के लिए जीवनदायिनी साबित होगी। इन दिनों क्षेत्र में तापमान लगातार बढ़ रहा है और लू के चलते जनजीवन के साथ पशु भी प्रभावित हो रहे हैं। ऐसे में धौरहरा ब्लॉक प्रशासन की यह पहल राहत पहुंचाने वाली साबित हो रही है।

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नेहरू को दी श्रद्धांजलि

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में देश के प्रथम प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न पंडित जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि मनाई गई। कार्यक्रम का आयोजन पूर्व सांसद रवि प्रकाश वर्मा के आवास पर किया गया, जहां कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने पंडित नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। पूर्व सांसद रवि प्रकाश वर्मा ने कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरू की लोकतंत्र, वैज्ञानिक सोच और राष्ट्रीय एकता की विचारधारा आज भी देश के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने कहा कि नेहरू के आदर्शों पर चलकर ही देश को मजबूत और समावेशी बनाया जा सकता है। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष अजीत जैन, नारायण लाल वर्मा, आदेश गुप्ता, राकेश विश्वकर्मा, रामकुमार वर्मा, सुधीर शुक्ला, हाजी नसीर अहमद, धीरज गुप्ता सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# तीन साल पूरे होने पर पालिकाध्यक्ष ने कराया सुंदरकांड व विशाल भंडारा



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। नगर पालिका परिषद गोला के अध्यक्ष पद पर तीन वर्ष सफलतापूर्वक पूर्ण होने के अवसर पर पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू द्वारा कैम्प कार्यालय एवं गौशाला परिसर में सुंदरकांड पाठ और विशाल भंडारे का आयोजन कराया गया। कार्यक्रम में नगर के गणमान्य नागरिकों, भाजपा पदाधिकारियों और हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लेकर धार्मिक आयोजन में सहभागिता निभाई।

सुंदरकांड पाठ के दौरान पूरा परिसर भक्ति रस में डूबा नजर आया। जय श्रीराम के जयकारों और भजन-कीर्तन से वातावरण भक्तिमय बना रहा। पाठ समाप्त होने के बाद श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण किया गया तथा देर रात तक भंडारे में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

इस अवसर पर पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने नगरवासियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि बीते तीन वर्षों में उन्हें जनता का भरपूर स्नेह, विश्वास और सहयोग मिला है। उन्होंने कहा कि नगर में स्वच्छता, सुंदरीकरण, सड़क निर्माण, प्रकाश व्यवस्था और अन्य मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए लगातार कार्य किए गए हैं। आगे भी नगर के विकास और जनहित से जुड़े कार्य पूरी निष्ठा और पारदर्शिता के साथ जारी रहेंगे। कार्यक्रम में भाजपा जिला महामंत्री मनोज वर्मा, अनुराग मिश्रा, सुर्जन लाल वर्मा, विश्वनाथ सिंह, ठाकुर प्रसाद गंगवार, अशोक अवस्थी, नीरज सिंह चैहान, राम गुलाम पाण्डेय, धीरज बाजपेई, अशोक सक्सेना, अनुज खरे, संजय तिवारी, विजय बाजपेयी, डॉ. सौरभ दीक्षित, डॉ. आदर्श दीक्षित, डॉ. कमलेश वर्मा, डॉ. अनुपम बाला, सभासद हरिओम वर्मा, आशीष अवस्थी, सुफियान खान, रियाजुद्दीन, रज्जन खान, गीता विश्वकर्मा, रेखा मिश्रा, सीमा सक्सेना सहित बड़ी संख्या में नगरवासी मौजूद रहे।

## सुजानपुर में राजकीय इंटर कॉलेज के निर्माण का हुआ भूमि पूजन

धौरहरा खीरी। क्षेत्र की ग्राम पंचायत सुजानपुर में राजकीय इंटर कॉलेज निर्माण को लेकर भूमि पूजन किया गया। कार्यक्रम में निघासन विधायक शशांक वर्मा, भाजपा नेता अनुकूल दास, विद्यालय के प्रधानाचार्य विनोद कुमार सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण, जनप्रतिनिधि और गणमान्य लोग मौजूद रहे। ग्रामीणों ने विधायक शशांक



वर्मा के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि यह केवल एक विद्यालय नहीं, बल्कि क्षेत्र के बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव है। लोगों का कहना था कि अब गांव के छात्र-छात्राओं को इंटरमीडिएट की पढ़ाई के लिए दूर-दराज नहीं जाना पड़ेगा। विद्यालय के प्रधानाचार्य विनोद कुमार ने बताया कि अब तक यहां हाईस्कूल स्तर तक ही शिक्षा की व्यवस्था थी। क्षेत्र में इंटर कॉलेज की आवश्यकता लंबे समय से महसूस की जा रही थी। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि विकास श्रीवास्तव के सहयोग से डीआईओएस से इंटर कॉलेज की मांग की गई थी, जिस पर शासन से मंजूरी मिलने के बाद निर्माण प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। भूमि पूजन के साथ ही निर्माण कार्य की औपचारिक शुरूआत भी कर दी गई। ग्रामीणों में कार्यक्रम को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। लोगों ने उम्मीद जताई कि इंटर कॉलेज बनने से क्षेत्र में शिक्षा का स्तर मजबूत होगा और विशेष रूप से बेटियों को उच्च शिक्षा के बेहतर अवसर मिल सकेंगे।

## डूबी किशोरी का 48 घंटे बाद मिला शव

/सीतापुर। तंबौर इलाके में शारदा नदी में तीन दिन पहले डूबी किशोरी का शव बुधवार को घटना स्थल से करीब छह किलोमीटर दूर लखनीपुर के पास नदी में उतराता मिला। शव दिखाई देने की सूचना पर मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जुट गई। जानकारी मिलते ही लखपड़ा निवासी जगदीश समेत परिजन मौके पर पहुंचे और शव की पहचान 15 वर्षीय कोमल के रूप में की। बताया गया कि सोमवार को किशोरी मीतमऊ के पास नदी पार करते समय गहरे पानी में चली गई थी, जिससे वह डूब गई। घटना के बाद से स्थानीय गोताखोर लगातार उसकी तलाश में जुटे थे। करीब 48 घंटे बाद शव मिलने की सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी बृजेश राय ने कहा कि मामले में परिजनों की ओर से कोई तहरीर नहीं दी गई।

## अवैध क्लिनिक सील

महोली/सीतापुर। जिला अधिकारी डाव राजा गणपति आर के आदेश पर अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महोली द्वारा चल रही अवैध क्लिनिक में छापामार कार्यवाही की। बुधवार को डॉक्टर दीपांशु शुक्ला अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, नायाब तहसीलदार वसुंधरा त्रिपाठी, जिला औषधि निरीक्षक अनीता कुरील की संयुक्त टीम द्वारा मस्जिद बाजार मे अवैध रूप से संचालित क्लिनिक अस्पताल




पर की गई बड़ी कार्यवाही करते हुए वर्मा मेडिकल स्टोर द्वारा अवैध रूप से संचालित क्लिनिक का संचालन बंद कराते हुए सील करने की कार्यवाही की गई। छापेमारी के दौरान भारी मात्रा में एक्स पायरी दवाये पायी गयी और बायो मेडिकल वेस्ट का निस्तारण मानक विहीन पाया गया। इस छापामार कार्यवाही से क्षेत्र के सभी झोलाछाप मे डर का माहौल बना हुआ है। अधीक्षक डॉ दीपांशु शुक्ला ने बताया गया कि इस प्रकार की कार्यवाही लगातार की जाएगी और अवैध अस्पताल का संचालन बंद किया जाएगा।

संक्षेप

## ठेला लगाने को लेकर दो पक्षों में विवाद जमकर मारपीट

**रायबरेली।** शहर के मिल एरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत सारस चैराहा पर बुधवार को ठेला लगाने को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि जमकर मारपीट हो गई। घटना में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित करते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार 27 मई को करीब सुबह 11 बजे सारस चैराहा पर ठेला लगाने को लेकर कहासुनी शुरू हुई, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गई। विवाद के दौरान राजकुमार नामक व्यक्ति को गंभीर चोटें आई। मौके पर मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई और घटना की सूचना तत्काल पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही मिल एरिया थाना पुलिस मौके पर पहुंची और विवाद कर रहे लोगों को शांत कराया। पुलिस ने मारपीट के आरोप में तीन लोगों को हिरासत में लेकर थाने पहुंचाया, जहां उनका मेडिकल परीक्षण कराया गया। साथ ही घटनास्थल पर लगे ठेलों को भी हटवाया गया ताकि दोबारा विवाद की स्थिति न बने।

## वादकारियों के हित में लालगंज की तहसील में संपन्न न्यायिक कार्य

**लालगंज, रायबरेली।** वादकारियों के हित को देखते हुए बुधवार को लालगंज तहसील की एसडीएम कोर्ट और नायब तहसीलदार खीरो की अदालत में काम चला। वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने दोनों कोर्ट में पहुंचकर अपने-अपने न्यायिक कार्यों का संपादन किया। बताते चले कि कुछ अधिवक्ता तहसीलदार शिवम राठौड़ की कार्यप्रणाली से नाराज हैं। वहीं तहसीलदार का कहना है कि आए दिन की हड़ताल से वादकारी परेशान होता है और शासन का भी दबाव है कि मुकदमों का निस्तारण किया जाए जिसके चलते अदालतें चलाई जा रही हैं। बुधवार को भी वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने एसडीएम और तहसीलदार के द्वारा की जा रही अदालत की सुनवाई में भागेदारी करते हुए न्यायिक कार्य संपन्न कराया। कोर्ट चलने से फरियादी भी संतुष्ट नजर आए। वही अध्यक्ष राजेंद्र नाथ चैधरी की अध्यक्षता में कुछ अधिवक्ताओं ने डीएम के यहां अधिकारियों की शिकायत की थी। डीएम ने मामले की जांच एडीएम प्रशासन को सौंपी है।

## शिविर का मुख्य उद्देश्य छात्रों में अनुशासन की भावना विकसित करना

**नसीराबाद, रायबरेली।** छतोह विकास क्षेत्र के एस डी पांडेय इण्टर कॉलेज डीघा में 500 एनसीसी कैडेट्स का दस दिवसीय संयुक्त प्रशिक्षण शिविर संचालित किया जा रहा है। 66 यूपी बटालियन एनसीसी द्वारा आयोजित इस शिविर में अनुशासन, नेतृत्व और देशभक्ति के मूल्यों को विकसित करने के उद्देश्य से क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों और कॉलेजों के 500 से ज्यादा जूनियर डिवीजन एवं जूनियर विंग एनसीसी कैडेट्स प्रतिभाग कर रहे हैं। कैडेट्स को संबोधित करते हुए कमांडिंग ऑफिसर कर्नल उदयभानु ने कहा कि इस शिविर का मुख्य उद्देश्य छात्रों में अनुशासन की भावना विकसित करना तथा उन्हें भविष्य के लिए एक जिम्मेदार एवं अच्छा नागरिक बनाना है। छात्रों को वेपन ट्रेनिंग, फील्ड क्राफ्ट, बैटल क्राफ्ट, मैप रीडिंग, ड्रोन प्रशिक्षण, फर्स्ट एड और हेल्थ एंड हाइजीन आदि की जानकारी दी जाएगी।

# हरचंदपुर में अघोषित बिजली कटौती से भड़के व्यापारी

## एसडीओ को ज्ञापन सौंपकर दिन में रोस्टिंग करने की मांग



**हरचंदपुर, रायबरेली।** हरचंदपुर क्षेत्र में इन दिनों जारी भयंकर अघोषित बिजली कटौती से स्थानीय लोगों और व्यापारियों का गुस्सा फूट पड़ा है। रात-रात भर होने वाली ट्रिपिंग और अघोषित कटौती से त्रस्त होकर व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने बिजली विभाग के उपखंड अधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा। व्यापारियों ने दो टूक शब्दों में कहा कि रात की कटौती बंद कर भले ही दिन में बिजली काट ली जाए, ताकि कम से कम रात में लोग चैन की नींद सो सकें। व्यापारियों का कहना है कि भीषण गर्मी के इस मौसम में रात के समय कई-कई घंटों तक बिजली गुल रहती है। इससे बच्चों, बुजुर्गों और आम जनता की नींद हराम हो चुकी है। रात भर जागने के कारण लोग दिन में अपने व्यवसाय और दैनिक कार्यों पर ध्यान नहीं दे पा रहे हैं। व्यापारियों ने मांग रखी है कि यदि बिजली की कमी के कारण रोस्टिंग (कटौती) अनिवार्य ही है, तो उसे रात के बजाय दिन के समय निर्धारित किया जाए।

बिजली विभाग के खिलाफ इस विरोध प्रदर्शन और ज्ञापन सौंपने के दौरान हरचंदपुर व्यापार मंडल के तमाम प्रमुख पदाधिकारी और व्यापारी एकजुट नजर आए। इस मौके सरदार मंजीत सिंह (अध्यक्ष, हरचंदपुर व्यापार मंडल) आशीष अवस्थी (महामंत्री) उबैद अली, अनूप अवस्थी, मुकेश, शिव बाबू, बड़े चैधरी, हर्ष बाजपेई, अंकुर जायसवाल, राम दास सहित भारी संख्या में स्थानीय व्यवसाई उपस्थित रहे। व्यापारियों ने चेतावनी दी है कि यदि बिजली आपूर्ति के शेड्यूल में जल्द सुधार नहीं किया गया, तो व्यापार मंडल उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगा। वहीं उपखंड अधिकारी (एसडीओ) अखिलेश कुमार यादव ने बताया कि व्यापारियों द्वारा बिजली समस्या को लेकर ज्ञापन दिया गया है तथा व्यापारियों की समस्या को प्राथमिकता देते हुए ज्ञापन उच्चाधिकारियों को भेजा जाएगा जिससे समस्या है उच्चाधिकारियों द्वारा जो फैसला लिया जाएगा उस अमल किया जाएगा।

## भीषण सड़क हादसे में किशोरी समेत तीन की मौत, पांच घायल

**रायबरेली।** गंगा एक्सप्रेसवे पर मंगलवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक किशोरी और दो महिलाओं समेत तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा रायबरेली जिले के सलोन थाना क्षेत्र के रसूलपुर गांव के पास हुआ, जो प्रतापगढ़ और रायबरेली की सीमा क्षेत्र में बताया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार दिल्ली से जौनपुर लौट रहे परिवार की तेज रफ्तार कार गंगा एक्सप्रेसवे पर खड़े ट्रैक्टर से जा टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और मौके पर चीख-पुकार मच गई। हादसे में समृद्धि (11), सरोज (35) और संगीता (22) की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं समर्थ (4), नीरज सिंह (45), प्रतिमा सिंह (35), गुरुचरण सिंह (48) और सविता सिंह (40) गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को पहले प्रतापगढ़ के संग्रामगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां से पांच लोगों को रायबरेली एम्स भेजा गया। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और राहत टीम मौके पर पहुंची। सभी घायलों को तत्काल प्रतापगढ़ के सीएचसी संग्रामगढ़ में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है। हादसे के बाद मृतकों के परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर सीओ सलोन भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने मृतकों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है तथा हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

## सीसीटीवी में कैद हुई आगजनी, धान के पैरे में लगायी आग

**सुलतानपुर (वीओएल)।** धम्मौर थाना क्षेत्र के हाजीपट्टी मजरे पूरे लखई पांडेय का पुरवा में धान के पैरे में आग लगाने का मामला सामने आया है। परमेश्वर चैहान ने गांव के ही एक व्यक्ति पर देर रात आगजनी का आरोप लगाते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। परमेश्वर चैहान ने बताया कि वह अपने घर के सामने धान का पैरा रखा था। आरोप है कि 24 मई की रात करीब 10:18 बजे गांव निवासी राम किशोर ने उसमें आग लगा दी। पूरी घटना घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। सुबह जब परमेश्वर चैहान ने आरोपी से इस बारे में पूछा तो उसने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी और मौके से चला गया। शिकायत पर पुलिस ने तहरीर लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## गंगा दशहरा मेले में सेवा का संगम, अखंड योगदान एसोसिएशन को मिला सम्मान



**सुलतानपुर (वीओएल)।** गंगा दशहरा के पावन अवसर पर धोपाप धाम में आयोजित मेले के दौरान अखंड योगदान एसोसिएशन, सुलतानपुर द्वारा श्रद्धालुओं की सेवा के लिए शरबत वितरण एवं सहयोग कार्यक्रम आयोजित किया गया। संस्था के सदस्य एक दिन पूर्व ही धोपाप पहुंचकर व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित करने में जुट गए थे। कार्यक्रम के दिन सुबह सात बजे से ही संस्था के कार्यकर्ता श्रद्धालुओं की सेवा में सक्रिय रहे। टीम ने गंगा स्नान के साथ मेले में आने वाले लोगों को शरबत वितरित किया तथा भीड़ व्यवस्था बनाए रखने में भी सहयोग किया। श्रद्धालुओं की सुविधा और सेवा भावना को देखते हुए लोगों ने संस्था की सराहना की। ग्राम प्रधान शुभम सोनकर ने भी श्रद्धालुओं के ठहरने, जलपान और विश्राम की बेहतर व्यवस्था कर कार्यक्रम में महत्वपूर्ण सहयोग दिया। संस्था के सेवा कार्यों से प्रभावित होकर उत्तर प्रदेश अपराध निरोधक समिति, लखनऊ एवं अयोध्या मंडल के वरिष्ठ जेल विजिटर अमर बहादुर सिंह ने अखण्ड योगदान एसोसिएशन के संस्थापक ओम कुमार वर्मा को माला पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष सागर वर्मा, मीडिया प्रभारी विकास राज, दिनेश कुमार, राजकुमार सोनकर समेत कई पदाधिकारी और सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे। संस्था के संस्थापक ओम कुमार वर्मा ने कहा कि सामूहिक प्रयास से समाज सेवा के कार्य और अधिक प्रभावी बनते हैं।

## नायब तहसीलदार बन एएनएम से 97 हजार ठगे

**सुलतानपुर (वीओएल)।** लंभुआ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में तैनात एएनएम अनीता यादव को जालसाजों ने नायब तहसीलदार बनकर अपने झांसे में लिया और 97,980 रुपये की ठगी कर ली। एएनएम के मुताबिक 4 मई को सीएचसी के आधिकारिक व्हाट्सऐप ग्रुप में एक मैसेज भेजा गया, जिसमें अशोक मीना नायब तहसीलदार के फोन आने की जानकारी दी गई। कुछ देर बाद खुद को नायब तहसीलदार बताने वाले व्यक्ति ने कॉल कर उपकेंद्र के शौचालय और मरम्मत के नाम पर धनराशि भेजने की बात कही। विश्वास दिलाने के लिए कर्मचारियों की नाम और मोबाइल नंबर वाली सूची भी भेजी गई। इसके बाद जालसाज ने ऑनलाइन भुगतान के लिए परिवार के सदस्य का फोन नंबर लिया। पहले 20 रुपये भेजकर भरोसा जीता, फिर लिंक भेजकर ओटीपी हासिल कर खाते से पहली बार में 34,990 रुपये, दूसरी बार 27,990 रुपये समेत कुल 97,980 रुपये निकाल लिए। ठगी का एहसास होते ही अनीता यादव ने सहकर्मियों को जानकारी दी और तत्काल 1930 हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराई। कार्रवाई नहीं होने पर पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर साइबर थाना प्रभारी ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## दिनेश चंद्र तिवारी हत्याकांड के क्रॉस केस में चिकित्सक की गवाही दर्ज

**सुलतानपुर (वीओएल)।** अमेठी के गौरीगंज थाने के ग्राम पूरे बलुवन कुशवैरा में वर्ष 2014 में हुए दिनेश चंद्र तिवारी हत्याकांड के क्रास केस में बुधवार को चिकित्सक अजय कुमार सोनी की गवाही एडीजीसी क्रिमिनल पवन दुबे ने दर्ज कराई। उनसे बचाव पक्ष के अधिवक्ता अरविंद सिंह राजा ने जिरह की। एडीजे प्रथम संध्या चैधरी ने मामले में अगली सुनवाई के लिए आठ जून की तिथि तय की है। 19 अगस्त 2014 को वादी मुकदमा अशोक तिवारी के चाचा दिनेश चंद्र तिवारी की जमीन के विवाद में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। अशोक तिवारी ने मामले में आरोपित उमाशंकर उर्फ मदन तिवारी, कमलाकर, शिवशंकर, जयशंकर व महेश तिवारी के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था। इसी मामले में दूसरे पक्ष के रविकांत तिवारी ने संत प्रसाद, सुरेश, धर्मेंद्र, अशोक व विकास के खिलाफ क्रास केस के तहत मारपीट का केस दर्ज कराया था।

## एम्स रायबरेली में चल रहे समर कैंप का समापन




**रायबरेली।** एम्स में 18 मई से 27 मई तक चल रहा समर कैंप सफलता पूर्वक संपन्न हो चुका है। डॉ सुनीता सिंह की अध्यक्षता में क्रेच समिति द्वारा आयोजित समर कैंप समापन समारोह में छोटे बच्चों हेतु एक रंगारंग एवं ज्ञानवर्धक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कार्यकारी निदेशक डॉ अमिता जैन, उप निदेशक प्रशासन कर्नल अखिलेश सिंह एवं वित्तीय सलाहकार कर्नल यू एन राय की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दौरान बच्चों द्वारा साइंस एग्जीबिशन प्रस्तुत की गई, जिसमें जल घनत्व, हल्दी एवं डिटर्जेंट मिलाने पर रंग परिवर्तन जैसे रोचक वैज्ञानिक प्रयोगों का प्रदर्शन किया गया। बच्चों ने इन प्रयोगों के माध्यम से विज्ञान के सिद्धांतों को सरल एवं आकर्षक तरीके से प्रस्तुत किया। इसके अतिरिक्त फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने कैप्टन अमेरिका, काशी बाई, माता सीता आदि विभिन्न आकर्षक वेशभूषाओं में भाग लेकर सभी का मन मोह लिया। कुछ बच्चों ने वॉइस मिमिक्री प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया, जिसे उपस्थित सभी अधिकारियों एवं अभिभावकों द्वारा खूब सराहा गया। कार्यक्रम के अंत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कार वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। समर कैंप के इस आयोजन ने बच्चों में आत्मविश्वास, रचनात्मकता एवं वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# स्वर्णकार समाज ने राजनीतिक भागीदारी की उठायी मांग, आंदोलन की दी चेतावनी



**महराजगंज, रायबरेली।** महराजगंज कस्बे के प्रतिष्ठित व्यापारी शिव कैलाश सोनी की दुकान पर बुधवार को स्वर्णकार समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें समाज की राजनीतिक भागीदारी और अधिकारों को लेकर जोरदार आवाज उठाई गई। बैठक में बड़ी संख्या में समाज के लोगों ने हिस्सा लेकर संगठन की मजबूती और राजनीतिक प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने पर चर्चा की।

बैठक को संबोधित करते हुए स्वर्णकार समाज के वरिष्ठ नेता एवं समाजसेवी विमल रस्तोगी ने कहा कि स्वर्णकार समाज वर्षों से राजनीतिक उपेक्षा का सामना कर रहा है। उन्होंने कहा कि समाज की संख्या और योगदान के बावजूद राजनीतिक दलों द्वारा उचित प्रतिनिधित्व नहीं दिया जा रहा है। अब समाज अपने अधिकारों और सम्मान की लड़ाई के लिए एकजुट होकर आवाज बुलंद करेगा। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि यदि स्वर्णकार समाज की मांगों को लगातार नजरअंदाज किया गया, तो आने वाले समय में जिला स्तर पर बड़ा आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने समाज के युवाओं से आगे आकर संगठन को मजबूत बनाने और सामाजिक व राजनीतिक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। बैठक में समाज के लोगों ने एक स्वर में कहा कि अब समय आ गया है कि स्वर्णकार समाज अपनी राजनीतिक ताकत को पहचानते हुए संगठित रूप से आगे बढ़े। साथ ही समाज के हितों की रक्षा और नई पीढ़ी को नेतृत्व देने पर भी जोर दिया गया। इस अवसर पर अशोक रस्तोगी, शिव भजन स्वर्णकार, विमल रस्तोगी, सत्रोहन लाल वर्मा, शिव कैलाश वर्मा, सूर्य प्रकाश वर्मा, राजेश कुमार सोनी, राजीव रस्तोगी, विजय शंकर (लल्लू) रस्तोगी, मोहित वर्मा, अंशु वर्मा (देवेश), प्रमोद वर्मा, अर्पित वर्मा, शक्ति रस्तोगी, प्रदीप रस्तोगी, राजकुमार रस्तोगी, शुभम रस्तोगी सहित बड़ी संख्या में स्वर्णकार समाज के लोग उपस्थित रहे।

# प्रशासक बने प्रधानों ने सरकार को दिया धन्यवाद, गोले दागे, बांटीं मिठाइयां



**नसीराबाद ,रायबरेली।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार द्वारा प्रधानों को ही प्रशासक बनाए जाने पर ब्लॉक प्रधान संघ छतोह ने विशेष आयोजन करके खुशी मनाई। प्रदेश के इतिहास में यह पहला मौका है जब कार्यकाल समाप्त होने पर प्रधानों को ही प्रशासक का दायित्व सौंप कर जनता की सेवा करने का अतिरिक्त अवसर प्रदान किया गया है। सरकार के इस निर्णय से ग्राम प्रधानों में खुशी का माहौल है।

बुधवार को छतोह ब्लॉक सभागार में छतोह प्रधान संघ अध्यक्ष बृजपाल सिंह पासवान के नेतृत्व में प्रधानगण इकट्ठे हुए और एक दूसरे का मुंह मीठा करके बधाई दी। ब्लॉक परिसर और परिसर के आसपास मौजूद लोगों में मिठाई बांटकर खुशी का इजहार किया गया। प्रधानों ने सरकार तक अपनी बात पहुंचाने और आशातीत परिणाम मिलने तक संघर्ष करने के लिए राष्ट्रीय और प्रांतीय संगठन का आभार व्यक्त किया। छतोह प्रधान संघ के ब्लॉक अध्यक्ष बृजपाल सिंह पासवान सहित सभी वक्ताओं ने प्रधानों की मांग को मानकर इस अभूतपूर्व निर्णय के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति कृतज्ञता पूर्वक धन्यवाद दिया। इस अवसर पर मुख्य रूप से राम समुझ पांडेय, जान मोहम्मद, राजाराम यादव, राम बहादुर सरोज, अमरनाथ सरोज, नाथूराम यादव, उमेश प्रताप सिंह, मोहम्मद असलम, अनिल यादव, करन सरोज, तुलसीराम पासी, लाल जी यादव, लाल बाबू, मोहम्मद असलम खां, राममिलन मौर्य,, अविनाश साहू पिन्टू, राजाराम, आदि प्रधान और प्रधान प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## चार बीईओ-बीएसए व समकक्ष पद पर पदोन्नत



**रायबरेली।** वर्षों संघर्ष व कोर्ट की लड़ाई के बाद आखिरकार प्रदेश के खंड शिक्षाधिकारियों को प्रादेशिक शैक्षिक सेवा (पीईएस) के पद पर बुधवार को पदोन्नति मिल गई है। शिक्षा निदेशालय की तरफ से 164 खण्ड शिक्षा अधिकारियों की जारी हुई सूची में जिले के चार बीईओ का नाम शामिल है। खण्ड शिक्षा अधिकारी संघ के महामंत्री बृजलाल वर्मा ने बताया कि वर्षों कोर्ट संघर्ष के बाद आखिरकार आज वर्ष 1997 बैच के उत्तर प्रदेश में खंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) की पदोन्नति प्रादेशिक शैक्षिक सेवा (पीईएस) समूह-ख श्रेणी अधिकारी के पद पर हो गई है। अब पदोन्नत होने के बाद इन अधिकारियों को बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए), जीआईसी प्रधानाचार्य और वरिष्ठ डायट प्रवक्ता जैसे महत्वपूर्ण पदों पर तैनात किया जाता है। उन्होंने बताया कि जिले के चार खण्ड शिक्षाधिकारी बीईओ सरेनी वीरेन्द्रनाथ द्विवेदी, खीरों मुकेश कुमार, शिवगढ़ अनिल मिश्रा व बीईओ बछरावां इंद्रा देवी का नाम पदोन्नति की सूची में शामिल है। बुधवार को पदोन्नति हुए बीईओ ने बीएसए राहुल सिंह से मुलाकात की। बीएसए ने सभी पदोन्नति बीईओ को बधाई देते हुए कहा कि अब विभाग को और अधिकारी मिल जाएंगे।

## तेज रफ्तार बाइक की टक्कर में जन सुविधा केंद्र संचालक समेत दो की मौत

**कादीपुर, सुलतानपुर (वीओएल)।** कादीपुर-दोस्तपुर राजमार्ग पर बुधवार सुबह हुए दर्दनाक सड़क हादसे में जन सुविधा केंद्र संचालक समेत दो लोगों की मौत हो गई। हादसे के बाद क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। जानकारी के अनुसार, कोतवाली क्षेत्र के दामोदरपुर गांव निवासी राम पूजन (50) मुस्तफाबाद सरैया बाजार में जन सुविधा केंद्र चलाते थे। बुधवार सुबह करीब दस बजे वह साइकिल से अपने घर से दुकान जा रहे थे। जैसे ही वह गांव के मोड़ के पास पहुंचे, कादीपुर की ओर से तेज रफ्तार में आ रही बाइक ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में साइकिल सवार राम पूजन और बाइक चला रहे मुस्तफाबाद सरैया निवासी अनुराग (20) गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कादीपुर पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने राम पूजन को मृत घोषित कर दिया। वहीं गंभीर रूप से घायल अनुराग को प्राथमिक उपचार के बाद जिला मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया, लेकिन रास्ते में उसकी भी मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बाइक सवार युवक ने हेलमेट नहीं पहन रखा था। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। प्रभारी निरीक्षक दीपेंद्र विक्रम सिंह ने बताया कि दोनों शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। हादसे के बाद दोनों परिवारों में कोहराम मचा हुआ है।




## शादी तय होने से नाराज युवकों ने युवती को दी जान से मारने की धमकी

**महराजगंज, रायबरेली।** थाना क्षेत्र के ग्राम पूरे बल्दी मजरे खैरा निवासी एक युवती ने कुछ लोगों पर फोन कर जान से मारने की धमकी देने, अश्लील फोटो-वीडियो वायरल करने की धमकी देने तथा घर पहुंचकर गाली-गलौज और मारपीट करने का आरोप लगाया है। मामले में पीड़िता ने थाना महराजगंज में लिखित तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। प्रार्थिनी कांक्षी पुत्री सुरेश कुमार यादव ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उसकी शादी पूरे चरी पहाड़पुर निवासी मोनू यादव पुत्र गंगा प्रसाद यादव के साथ तय हुई है। आरोप है कि इसी रंजिश को लेकर प्रदीप यादव पुत्र जगदेव यादव निवासी पूरे चरी पहाड़पुर, अंकित गौतम पुत्र सहदेव गौतम निवासी सारीपुर, मुकेश पासी पुत्र राम किशोर पासी निवासी पहाड़पुर तथा कुछ अज्ञात लोग लगातार फोन कर उसे और उसके होने वाले पति को जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। साथ ही गंदे फुटेज व वीडियो वायरल करने की भी धमकी दी जा रही है। पीड़िता के अनुसार, उसने पहले भी थाना महराजगंज में शिकायत दी थी। आरोप है कि उसी रात करीब 11 बजे आरोपी अपने कुछ साथियों के साथ उसके घर पहुंचे और गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। इतना ही नहीं, पीड़िता के भाई के साथ रास्ते में घेरकर मारपीट भी की गई और जान से मारने की धमकी भी दी गई किसी तरह पीड़िता का भाई अपनी जान बचाकर भाग निकला। घटना की सूचना डायल 112 पुलिस को दी गई, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। पीड़िता का आरोप है कि पुलिस के पहुंचने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से चले गए। पीड़िता ने पुलिस से मामले में सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। मामले में जगदीश यादव का कहना है कि मुकदमा पंजीकृत किया गया है जांच कर विधिक कार्रवाई की जाएगी

# दस मेधावी विद्यार्थियों का किया गया सम्मान



**रायबरेली।** जिला प्रशासन रायबरेली एवं एचडीएफसी बैंक के संयुक्त तत्वावधान में आज जिलाधिकारी के कलेक्ट्रेट कक्ष में जिले के तीन प्रमुख शिक्षा बोर्ड- यूपी बोर्ड, सीबीएसई बोर्ड और आईएससी बोर्ड के इंटरमीडिएट वर्ग में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले 10 मेधावी छात्र-छात्राओं को जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं उपहार भेंट कर सम्मानित करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया गया। जिसमें यूपी बोर्ड से नंदिनी गुप्ता (93.80 प्रति०), जया शुक्ला (93.40 प्रति०), वैष्णवी (92.60 प्रति०) एवं सीबीएसई बोर्ड से प्रभात चैरसिया व काजल यादव (97 प्रति०), शगुन यादव (96.06 प्रति०) तथा आईसीएसई बोर्ड से निष्ठा वर्मा (96.1 प्रति०), आदित्य कुमार शुक्ला व समृद्धि श्रीवास्तव (96 प्रति०), श्रेया श्रीवास्तव (95.75 प्रति०) शामिल है। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों ने अत्यंत प्रसन्नता व्यक्त करते हुए जिला प्रशासन एवं एचडीएफसी बैंक का आभार प्रकट किया। इस पहल का उद्देश्य जिले के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करना तथा शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु प्रेरित करना है। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी सराह अशरफ, एचडीएफसी बैंक के शाखा प्रबंधक शशांक श्रीवास्तव तथा उनके कार्यालय सहयोगी समरजीत एवं प्रशांत पाठक उपस्थित रहे।

## ईद-उल-अजहा (बकरीद) पर सार्वजनिक अवकाश 28 मई को

**रायबरेली।** जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका ने बताया है कि उत्तर प्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन अनुभाग की विज्ञप्ति के सार्वजनिक अवकाश की सूची के अनुसार 27 मई, 2026 (दिन बुधवार) को ईद-उल-अजहा (बकरीद) के अवसर पर सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया था जिसकी तिथि चन्द्र दर्शन के आधार पर परिवर्तनीय थी। उक्त के क्रम में उत्तर प्रदेश में दिनांक-28 मई 2026 दिन (गुरुवार) को ईद-उल-अजहा (बकरीद) मनाई जायेगी।

## तीन दिन से लापता ई-रिक्शा चालक का शव नाले के किनारे मिला

**दोस्तपुर, सुलतानपुर (वीओएल)।** स्थानीय थाना क्षेत्र में तीन दिन से लापता अधेड़ का शव सूखे नाले के पास मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस और क्राइम ब्रांच की टीमें मौके पर पहुंचीं और घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। प्रथम दृष्टया मामला हत्या का माना जा रहा है। मृतक की पहचान गोपालपुर खुर्द निवासी रामदयाल यादव (50) के रूप में हुई है। वह गांव से दोस्तपुर तक ई-रिक्शा चलाकर परिवार का पालन-पोषण करते थे। परिजनों के अनुसार रामदयाल तीन दिन पहले घर से निकले थे, लेकिन वापस नहीं लौटे। परिवार के लोगों ने रिश्तेदारों और परिचितों के यहां उनकी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। बुधवार को गांव से करीब 500 मीटर दूर सूखे नाले के पास शव पड़ा होने की सूचना मिली। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की पत्नी का करीब 10 वर्ष पहले निधन हो चुका है। परिवार में तीन बेटेकृगुड्डू यादव, शिवगिरी यादव और संतोष यादव उर्फ पिंटूकृऔर दो बेटियां हैं। पुलिस सर्विलांस और अन्य तकनीकी माध्यमों से जांच में जुटी है। सीओ विनय गौतम ने बताया कि घटना के खुलासे के लिए दो टीमें गठित की गई हैं और कुछ संदिग्ध लोगों से पूछताछ की जा रही है।



संक्षेप

### अवैध खनन एवं ओवरलोड वाहनों के खिलाफ प्रशासन की बड़ी कार्रवाई

देवरिया। जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने जनपद में अवैध खनन एवं बिना अनुमति संचालित वाहनों के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए परिवहन विभाग एवं खनन विभाग को संयुक्त अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। जिलाधिकारी के निर्देश के क्रम में बुधवार को एआरटीओ आशुतोष शुक्ला एवं खनन निरीक्षक जितेंद्र कुमार शर्मा के नेतृत्व में संयुक्त छापेमारी अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान बरियारपुर थाना क्षेत्र में अवैध खनन एवं ओवरलोड मिट्टी परिवहन में संलिप्त दो ट्रैक्टर-ट्रॉली पकड़ी गई। जांच में अनियमितता पाए जाने पर दोनों वाहनों को सीज करते हुए बरियारपुर थाने को सुपुर्द कर दिया गया। इसी क्रम में बरहज क्षेत्र में भी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली अवैध खनन कार्य में संलिप्त पाई गई, जिसे सीज कर संबंधित थाने को सुपुर्द किया गया। जिलाधिकारी ने अवैध खनन की गतिविधियों को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# कुशीनगर में निकाह गैंग का सनसनीखेज खेल

## दुष्कर्म से मतांतरण तक का आरोप, मुख्य आरोपी गिरफ्तार

जिला संवाददाता



**कुशीनगर।** जनपद के तमकुहीराज क्षेत्र से सामने आई एक युवती की दर्दनाक कहानी ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया है। भरोसा, प्यार और निकाह के नाम पर शुरू हुआ रिश्ता आखिरकार ब्लैकमेल, दुष्कर्म,

- युवती बोली: मुझे बेचने की हो रही थी तैयारी
- कुशीनगर में युवती की दहला देने वाली आपबीती

धर्मांतरण और कथित सौदेबाजी की खौफनाक साजिश में बदल गया। पीड़िता ने जो आरोप लगाए हैं, उसने पुलिस महकमे तक को हिला दिया है। पीड़िता के मुताबिक करीब दो वर्ष पहले बाजार जाते समय उसकी मुलाकात सेवरही निवासी व्यवसायी पवन कुमार से हुई थी। आरोप है कि इसी मुलाकात के बाद उसे एक सुनियोजित जाल में फंसाया गया। व्यवसायी पवन कुमार ने युवती का परिचय तमकुहीराज क्षेत्र के मुन्नीपट्टी निवासी शादीशुदा जियाउद्दीन से कराया। शुरुआत दोस्ती से हुई, फिर मुलाकातों का सिलसिला बढ़ा और धीरे-धीरे युवती को भरोसे के ऐसे जाल में फंसा लिया गया, जहां से निकलना उसके लिए मुश्किल हो गया। युवती का आरोप है कि एक दिन जियाउद्दीन ने उसे बुलाकर नशीला पदार्थ खिलाया और बेहोशी की हालत में उसके साथ दुष्कर्म किया। इतना ही नहीं, इस दौरान अश्लील वीडियो भी बना लिया गया। बाद में उसी वीडियो को वायरल करने की धमकी देकर उसे लगातार ब्लैकमेल किया जाता रहा। बदनामी और डर के साये में युवती हर दिन मानसिक यातना झेलती रही।

**निकाह के बाद धर्मांतरण फिर बेचने की तैयारी**

मामला यहीं नहीं रुका। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि उसे फाजिलनगर ले जाकर निकाह के नाम पर कथित रूप से मतांतरण कराया गया और किराए के कमरे में रखा गया। इस दौरान आरोपी सऊदी अरब चला गया, लेकिन युवती उसकी गिरफ्त से पूरी तरह बाहर नहीं निकल सकी। करीब एक साल बाद जब आरोपी वापस लौटा तो उसने युवती का पासपोर्ट बनवाने के बहाने लखनऊ ले गया। यहीं कहानी ने सबसे खौफनाक मोड़ लिया। युवती का आरोप है कि उसने कुछ लोगों को उसकी ह्लहड्डीह्व और ह्लचेहरेह्व को लेकर बातचीत करते सुन लिया। यह सुनते ही उसके पैरों तले जमीन खिसक गई। मौका मिलते ही वह वहां से भाग निकली। पीड़िता के मुताबिक रेलवे स्टेशन तक उसका पीछा किया गया। वहां उसके साथ मारपीट भी की गई, लेकिन आसपास मौजूद लोगों ने हस्तक्षेप किया, जिसके बाद वह किसी तरह जान बचाकर अपने घर पहुंच सकी।

### पुलिस ने की त्वरित कार्रवाई

बताया जाता है कि घटना सामने आने के बाद पुलिस ने गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई तेज कर दी। पुलिस ने मुख्य आरोपी जियाउद्दीन को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि उसके भाई आलमगीर और पवन कुमार की तलाश में लगातार दबिश दी जा रही है। क्षेत्राधिकारी तमकुहीराज जयंत यादव का कहना है कि मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है। फरार आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। कहना ना होगा कि इस घटना ने एक बार फिर सवाल खड़ा कर दिया है कि आखिर भरोसे और रिश्तों की आड़ में चल रहे ऐसे खतरनाक खेलों पर लगाम कब लगेगी?

## ग्रापए संस्थापक बाबू बालेश्वर लाल की मनी पुण्यतिथि



**कुशीनगर।** ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के संस्थापक बाबू बालेश्वर लाल की 39 वी पुण्यतिथि कुशीनगर जनपद के सभी तहसीलों व ब्लाक इकाईयों के द्वारा धूमधाम के साथ मनाई गयी। ग्रापए तहसील पडरौना का कार्यक्रम नपा परिसर के साभागार में हुआ। बाबू बालेश्वर लाल के चित्र पर पुष्प अर्पित किया। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष ओम प्रकाश द्विवेदी, जिला अध्यक्ष शैलेश उपाध्याय, मण्डलीय मंत्री प्रभुनाथ गुप्त, जिला महासचिव अमरनाथ पाण्डेय, जिला उपाध्यक्ष मुकेशनाथ तिवारी, कोषाध्यक्ष सुधीर पाण्डेय, तहसील अध्यक्ष हरिशंकर चौबे, अशोक लाल श्रीवास्तव, मनोज पासवान, श्रीप्रकाश तिवारी, प्रदुम्मन दूबे ओमप्रकाश पाण्डेय, अजीत यादव, उपेन्द्र मिश्र आदि रहे।

ग्रापए तहसील इकाई तमकुहीराज तहसील इकाई ने ग्रापए के संस्थापक बाबू बालेश्वर लाल जी की पुण्यतिथि मनाई गयी। इस अवसर पर मंडल महामंत्री अजय कुमार सिंह, जिला उपाध्यक्ष पारसनाथ पांडेय, महामंत्री अंजनी सिंह, जिला संगठन मंत्री मनोज मिश्रा, आदि मौजूद रहे। तहसील ईकाई कप्तानगंज द्वारा रामकोला में बाबू बालेश्वरलाल की पुण्य तिथि मनाई गयी। इस अवसर पर तहसील अध्यक्ष फरेन्द्र पाण्डेय, ब्लाक प्रभारी राजीव गुप्ता, मोहन राव, दिग्विजय वर्मा, सुभाष गौतम, नर्वदा सिंह, गिरजेश गोविन्द राव, सोनू यादव, जितेन्द्र पाण्डेय आदि उपस्थित रहे। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन तहसील ईकाई हाटा ईकाई के द्वारा बाबू वालेश्वर लाल जी, 39 वीं पूण्यतिथि हर्षोल्लास के साथ मनायी गयी। इस अवसर पर रामरेखा सिंह, विद्यासागर सिंह, महामंत्री रणजीत सिंह, सत्यानंद मिश्र, पप्पू मिश्र, विनोद श्रीवास्तव आदि रहे। तहसील ईकाई कसया ईकाई के द्वारा ग्रापए कसया तहसील अध्यक्ष कृष्ण मोहन पाण्डेय की अध्यक्षता में बाबू बंशराज सिंह मेमोरियल पब्लिक स्कूल सखवनिया में आयोजित हुई। इस अवसर पर महासचिव डा. फैजुल हक, अशोक सिंह, रामचंद कुशवाहा, रामश्रय कन्नौजिया आदि रहे। तहसील ईकाई खड्डा ईकाई के द्वारा ग्रापए संस्थापक बाबू बालेश्वर लाल की पुण्यतिथि मनाई गयी। इस अवसर पर तहसील संयोजक संजय पाण्डेय, जिला सचिव लल्लन गुप्ता, महामंत्री नत्थू शर्मा, दीनानाथ जायसवाल, रविन्द्र विश्वकर्मा, प्रेम प्रकाश यादव, जिला सम्प्रेक्षक गिरजेश मल्ल, नागेन्द्र मिश्र, अजय तिवारी, आनंद कुशवाहा, विवेक कुशवाहा, धर्मेन्द्र गुप्ता, ओमप्रकाश भाष्कर आदि रहे। दुदही ब्लाक इकाई द्वारा बाबू बालेश्वर लाल की पुण्यतिथि मनाई गयी। इस अवसर पर अनुशासन समिति अध्यक्ष कामाख्या नारायण मिश्र, जिला सचिव अविनाश चन्द जायसवाल, ब्लाक प्रभारी कृष्णनंदन प्रसाद खरवार आदि रहे।

## चक मार्गों की पैमाइश और धारा 24 के सीमांकन के काम में तेजी



**कसया, कुशीनगर।** जिलाधिकारी कुशीनगर के निर्देशन में चक मार्गों की पैमाइश और धारा 24 के सीमांकन /पैमाइश के चल रहे विशेष अभियान के क्रम में उपजिलाधिकारी कसया डॉ संतराज सिंह बघेल ने तहसील व हाटा ब्लॉक के ग्राम जनुबी कछुइयां में डीह की भूमि का मामला उभय पक्षों को सुनकर

- एसडीएम कसया ने जनुबी कछुइयां में डीह की भूमि विवाद का कराया निस्तारण

निस्तारण कराया। बुधवार को राजस्व टीम के साथ गांव पहुंचे उपजिलाधिकारी श्री बघेल ने डीह की भूमि गाटा संख्या 136 के विवादित मामले का पक्षों को सुनकर निस्तारण कराया। जनुबी कछुइयां ग्राम में उप जिलाधिकारी के साथ राजस्व निरीक्षक अजय कुमार श्रीवास्तव लेखपाल रीमा सिंह ग्राम प्रशासक ग्रामवासी उपस्थित थे। इस विवादित चकमार्ग की समस्या को लेकर इस गांव के गणेश यादव जिलाधिकारी के समक्ष पहुंचे थे। एसडीएम श्री बघेल ने बताया की चकमार्ग की पैमाइश तथा धारा 24 की पैमाइश का अभियान चल रहा है जिसमें मेरे द्वारा भी प्रतिदिन क्षेत्र में जाकर एक अति विवादित चकमार्ग का निस्तारण कराया जाता है।

धारा 24 की पैमाईश जो कानूनगो करते हैं कि रेंडम जांच की जाती है। डीएम के निर्देशन में चल रहे चक मार्गों की पैमाइश और धारा 24 के सीमांकन /पैमाइश के काम में राजस्व विभाग के अधिकारी चिलचिलाती धूप की परवाह किए बिना अपने कर्तव्यों का निर्वाह कर रहे हैं।

# जनगणना कार्य में तेजी लायें: जिलाधिकारी

जिला संवाददाता

**देवरिया।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने बुधवार को गूगल मीट के माध्यम से अपने कार्यकक्ष में जनगणना 2027 के तहत घर घर सर्वेक्षण( मकान सूचीकरण )कार्यों की गहन समीक्षा की। समीक्षा के दौरान

- एक सप्ताह के भीतर कार्य पूर्ण करने के दिए निर्देश

उन्होंने सभी तहसीलदारों एवं खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिन अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा अब तक चार्ज ग्रहण नहीं किया गया है तथा कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है, वे तत्काल चार्ज लेकर जनगणना कार्य शुरू करें। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि घर घर सर्वेक्षण व मकान सूचीकरण का कार्य हर हाल में एक सप्ताह के भीतर पूर्ण कराया जाए। उन्होंने खंड शिक्षा अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि जो कर्मचारी चार्ज लेने अथवा कार्य करने में लापरवाही एवं हीलाहवाली करेंगे, उनके विरुद्ध प्रतिकूल प्रविष्टि की कार्रवाई की जाएगी। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने तहसीलवार प्रगति, कर्मचारियों की उपस्थिति तथा कार्य की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि जो कर्मचारी समय से कार्य प्रारंभ नहीं करेंगे अथवा निर्धारित अवधि में कार्य पूर्ण नहीं करेंगे, उनके एक दिन का वेतन रोकने की कार्रवाई भी की जाएगी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने एआरटीओ एवं खनन अधिकारी को आपसी समन्वय स्थापित करते हुए संयुक्त टीम बनाकर अवैध वाहनों एवं अवैध खनन में संलिप्त वाहनों के विरुद्ध सघन अभियान चलाने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि जनपद में अवैध गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए लगातार प्रवर्तन कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

जिलाधिकारी ने इस समीक्षा के दौरान ही खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिया कि कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में नामांकन के सापेक्ष सभी छात्राओं की उपस्थिति अनिवार्य रूप से सुनिश्चित की जाए और उनके पठन पाठन की समुचित व्यवस्था भी रही जाए।

आयोजित इस गूगलमीट में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राम शंकर, उप जिलाधिकारी, तहसीलदार, बेसिक शिक्षा अधिकारी, खंड शिक्षा अधिकारी गण जुड़े रहे।

### तहसील सदर का डीएम ने किया औचक निरीक्षण

देवरिया। जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने बुधवार को औचक रूप से तहसील सदर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने तहसील परिसर, न्यायालयों एवं विभिन्न कार्य पटलो का जायजा लेते हुए उपस्थित कर्मचारियों, अधिवक्ताओं एवं आमजन से संवाद कर व्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त की।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने तहसील परिसर एवं भवन की साफ-सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया तथा समुचित स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश दिए। इसके उपरांत उन्होंने तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार न्यायालयों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान तीन से पांच वर्ष पुराने वादों की पत्रावलियों को निकलवाया तथा इसमें से एक दो पुराने प्रकरणों का अवलोकन किया तथा संबंधित कर्मचारियों से प्रकरणों की स्थिति की जानकारी की।

जिलाधिकारी ने न्यायालयों के पेशकारों को निर्देशित किया कि फर्दकाम का सही अंकन नियमित रूप से किया जाए तथा पत्रावलियों का रखरखाव व्यवस्थित ढंग से सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने तहसील स्तरीय सभी पीठासीन अधिकारियों को पुराने वादों के शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए।

निरीक्षण के उपरांत जिलाधिकारी ने तहसील सभागार में तहसीलबार एसोशिएशन के पदाधिकारियों एवं अधिवक्ताओं के साथ संवाद की। उनकी समस्याएं एवं सुझाव सुने। उन्होंने अधिवक्ताओं से वादों के त्वरित निस्तारण में सहयोग करने की अपेक्षा की तथा कहा कि न्यायिक एवं राजस्व कार्यों में पारदर्शिता एवं समयबद्धता सुनिश्चित की जाए।

## श्रद्धपूर्वक याद किये गये पंडित नेहरू

**देवरिया।** भारत के प्रथम प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न पंडित जवाहरलाल नेहरू जी की पुण्यतिथि जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा टाउन हॉल स्थित कांग्रेस कार्यालय पर श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर कांग्रेसजनों ने पंडित नेहरू जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी तथा उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व को याद किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष विजय शेखर मल्ल ह्यरोशन ने कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरू आधुनिक भारत के निमार्ता थे। उन्होंने देश में लोकतंत्र, वैज्ञानिक सोच एवं औद्योगिक विकास की मजबूत नींव रखी। शिक्षा, विज्ञान एवं तकनीकी व्यवस्था को मजबूत करने में उनका योगदान अतुलनीय रहा। उन्होंने कहा कि पंडित नेहरू ने देश को एक मजबूत लोकतांत्रिक व्यवस्था देने के साथ-साथ विश्व स्तर पर भारत की अलग पहचान स्थापित की। आईआईटी, एम्स, बड़े बांधों एवं सार्वजनिक उपक्रमों की स्थापना कर उन्होंने आधुनिक भारत के निर्माण का कार्य किया। उन्होंने आगे कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरू के आदर्श, लोकतांत्रिक मूल्य एवं राष्ट्र निर्माण की सोच आज भी देशवासियों के लिए प्रेरणास्त्रोत है। कांग्रेस पार्टी उनके विचारों एवं सिद्धांतों को लेकर जनहित एवं देशहित में निरंतर कार्य करती रहेगी। इस अवसर पर अरविन्द शाही, सुनील कुमार तिवारी, भरत मणि त्रिपाठी, जुलेखा खातून, वरुण राय, संजीव कुमार मिश्रा, चन्दन वर्मा, माधव नाथ तिवारी, धर्मेंद्र कुमार पाण्डेय, शिव शंकर सिंह, मार्कण्डेय मिश्रा, रामप्रवेश सिंह, मनोज मणि, कुलदीप सिंह यादव, रत्नेश मल्ल पिंटू, जवाहरलाल चौहान, सत्य प्रकाश मणि, रीता देवी, उत्तेज मिश्रा, पन्नालाल पाठक, विनोद दुबे, ध्रुव प्रसाद आर्य, जवाहरलाल बरनवाल, सोहन मिश्रा, प्रताप दीक्षित, बनारसी लाल गोंड, चन्द्रिका मिश्रा, डॉ .सी.पी.चौहान, राजकुमार यादव सहित कार्यकर्ता मौजूद थे।

# सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी कार्यालय के भवन निर्माण कार्य का डीएम ने किया निरीक्षण

जिला संवाददाता

**देवरिया।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने बुधवार को प्रातः 10 बजे से पूर्व हीं चकरवाधूस स्थित निमार्णाधीन सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (एआरटीओ) कार्यालय भवन का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के

- गुणवत्ता एवं समयबद्धता के साथ कार्य पूर्ण करने के दिए निर्देश

दौरान उन्होंने निर्माण कार्यों की प्रगति एवं गुणवत्ता का जायजा लेते हुए संबंधित कार्यदायी संस्था को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जिलाधिकारी ने निर्माण कार्य के विभिन्न बिंदुओं का निरीक्षण करते हुए कहा कि कार्य में गुणवत्ता मानकों का पूरी तरह पालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा मानकों से समझौता कत्तई स्वीकार नहीं किया जाएगा निरीक्षण के दौरान बताया गया कि 10 करोड़ 61 लाख रुपये की लागत से निमार्णाधीन इस परियोजना में अब तक 7 करोड़ रुपये की धनराशि अवमुक्त की जा चुकी है तथा करीब 80 प्रतिशत भौतिक प्रगति पूर्ण हो चुकी है। शेष 3 करोड़ 61 लाख रुपये की धनराशि के लिए शासन को प्रस्ताव भेजा गया है।

कार्यदायी संस्था सीएनडीएस के अधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया कि शेष धनराशि प्राप्त होते ही अवशेष निर्माण कार्य को शीघ्रता के साथ पूर्ण कर लिया जाएगा।

इस पर जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि शासन स्तर पर समन्वय स्थापित कर अवशेष धनराशि शीघ्र प्राप्त की जाए तथा आवंटन प्राप्त होने के दो माह के भीतर ही निर्माण कार्य पूर्ण कर भवन हैंडओवर की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। निरीक्षण के समय डीएसटीओ मृत्युजंय चतुवेर्दी, *सीएनडीएस के परियोजना प्रबंधक मनीष चंद्र व स्थानिक अभियंता बी पी सिंह* सहित अन्य संबंधित अधिकारी, कर्मचारी गण आदि उपस्थित रहे।

### डीएम ने ईवीएम वेयरहाउस का किया निरीक्षण

देवरिया। जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने आज कलेक्ट्रेट परिसर स्थित ईवीएम वेयरहाउस का बाह्य मासिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत आवश्यक निर्देश दिए जिलाधिकारी ने वेयरहाउस में ईवीएम/वीवीपैट को सुरक्षित रखने से संबंधित सभी सुरक्षात्मक बिंदुओं की गहन पड़ताल की।

वेयरहाउस के फायर व्यवस्था, गार्ड व्यवस्था, डबल लॉक, सीलन आदि का जायजा लेते हुए उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रखी जाए तथा सीलन आदि न रहे।

उन्होंने निर्देशित किया कि गार्ड नियमित रूप से मुस्तैद रहें और अग्निशमन यंत्र समुचित रूप से क्रियाशील रहें। यह प्रत्येक दशा में सुनिश्चित किया जाए। किसी भी स्तर पर लापरवाही न हो, इस पर विशेष रूप से ध्यान दिया जाए।

निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) प्रेम नारायण सिंह, निर्वाचन विभाग से विजय पाण्डेय, निर्मल सहित अन्य कर्मीगण उपस्थित रहे।

## ग्रामीण विकास में ग्रामीण पत्रकार महत्पूर्ण कड़ी है: एसडीएम

बरहज, देवरिया। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के संस्थापक बाबू बालेश्वर लाल की 39वीं पुण्यतिथि पर बुधवार को कपरवार स्थित पीएडी पब्लिक स्कूल में श्रद्धांजलि सभा व विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें उनके विचारों को याद किया गया। अध्यक्षता बरहज तहसील अध्यक्ष सिंहासन यादव व संचालन जिला महामंत्री हरिश्चंद मिश्र ने किया। उनके चित्र पर माल्यार्पण, पुष्पांजलि व नमन कर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। मुख्य अतिथि उपजिलाधिकारी हरिशंकर लाल ने कहा कि वर्तमान का दौर सूचना का है। आधुनिक सूचना संसाधनों के दौर में पत्रकारीय दायित्व और महत्वपूर्ण हो गया है। ग्रामीण पत्रकार इसके महत्पूर्ण कड़ी है। तहसीलदार अरुण कुमार ने भी श्रद्धांजलि व्यक्त किया। प्रदेश उपाध्यक्ष कैप्टन वीरेंद्र सिंह ने संगठन की विशेषता बताते हुए कहा कि संगठन में शक्ति होती है और सभी पत्रकार साथियों को संगठित होने का सुझाव दिया। प्रदेश कार्य समिति सदस्य पौहारी शरण राय ने पत्रकारों के संबंध बनाए रखते हुए मानवीय आधार पर कार्य करना चाहिए किसी द्वेष भावना या जातिगत आधार पर नहीं का विचार रखा। जिलाध्यक्ष नागेंद्र नाथ शर्मा ने संगठन की स्थापना उसके प्रगति के बाबू बालेश्वर लाल के योगदान पर विस्तार से चर्चा करते हुए संगठन की मजबूती पर बल दिया। कार्यक्रम को प्रेमचंद्र मिश्र, आनंद मोदनवाल, अश्वनी कुमार द्विवेदी, रुद्रपुर तहसील अध्यक्ष मनिंद्र नारायण सिंह मोनू, सच्चिदानंद पांडेय, अजय पांडेय, जेपी श्रीवास्तव, ओम प्रकाश मिश्र, पवन पाठक, अरविंद सिंह, गंगा शरण पांडेय, सुरेश पांडेय, विनोद कुमार सिंह, पवन कुमार सिंह, कृष्ण चंद्र मिश्र, परमेश्वर दयाल मिश्र ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर संजय प्रजापति, सुधाकर पांडेय, गुड़िया मद्धेशिया आदि उपस्थित रहे।

## स्वास्थ्य शिविर में लोगों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

**बरहज, देवरिया।** नगर पालिका बरहज के अंतर्गत आने वाले ग्राम गौरा में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में क्षेत्र के लगभग 200 से अधिक ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें उचित परामर्श दिया गया। शिविर के दौरान उपस्थित भाजपा नेताओं ने समाज के जरूरतमंद और गरीब तबके की मदद करने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया। अमित जायसवाल ने कहा कि गरीबों और असहाय लोगों की मदद करना हमारा मुख्य ध्येय है। हम सभी इसके लिए पूरी तरह कृत संकल्पित हैं। अमरजीत सोनकर ने कहा कि समय-समय पर इस तरह के विशाल स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन आगे भी किया जाता रहेगा।

कोई भी व्यक्ति चिकित्सा और स्वास्थ्य लाभ से वंचित न रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रोफेसर अजय कुमार मिश्र द्वारा किया गया। उन्होंने इस मानवीय प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे शिविरों से ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ती है। शिविर को पूरी तरह सफल बनाने में क्षेत्र के कई गणमान्य नागरिकों और समाजसेवियों ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से रिंकू सिंह पूर्व नगर अध्यक्ष, भारतीय जनता पार्टी, प्रदीप जायसवाल, देवचंद सोनकर, विद्यानंद पांडेय, बृजमोहन गुप्ता, पवन मद्धेशिया, राकेश जायसवाल, भोलू गुप्ता मौजूद रहे।

अन्य संभ्रांत नागरिकों और युवाओं ने भी अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन किया और इस पुनीत कार्य को सफल बनाने में अपना बहुमूल्य योगदान दिया।

# इलाज नहीं, मौत का इंजेक्शन, मेडिकल स्टोर पर किसान की संदिग्ध मौत

जिला संवाददाता

**कुशीनगर।** जनपद के हाटा कोतवाली क्षेत्र से इंसानियत को झकझोर देने वाली घटना सामने आई है, जहां एक मेडिकल स्टोर कथित तौर पर ह्लमिनी अस्पतालह्व बन गया

- दस्त से तड़पता रहा किसान, मेडिकल स्टोर पर चलता रहा मौत का इलाज।
- मौत के बाद भी चलता रहा इलाज! हाटा में मेडिकल स्टोर पर बड़ा खेल

और इलाज के नाम पर एक किसान को हमेशा हमेशा के लिए मौत की दिन सुला दिया। आरोप है कि दस्त से पीड़ित 47 वर्षीय व्यक्ति को अस्पताल भेजने के बजाय पूरे दिन मेडिकल स्टोर पर बोतल और इंजेक्शन के सहारे रोके रखा गया। हालत बिगड़ती रही, पर इलाज चलता रहा और जब सच सामने आया, तब तक बहुत देर हो चुकी थी। मृतक रामकृपाल यादव हाटा क्षेत्र के रहने वाले थे और खेती-बाड़ी कर परिवार चलाते थे। शनिवार सुबह उन्हें दस्त की शिकायत हुई। परिजन भरोसे में आकर उन्हें बालेसर चौराहा स्थित विनोद पांडेय मेडिकल स्टोर ले गए। आरोप है कि वहां मौजूद कथित झोलाछाप ने डॉक्टर बनकर इलाज शुरू कर दिया। इंजेक्शन लगाए गए, ग्लूकोज चढ़ाया गया और पूरे दिन मरीज को मेडिकल स्टोर पर ही ह्लट्रीटमेंटह्व के नाम पर रखा गया। परिजनों का कहना है कि रामकृपाल की हालत लगातार बिगड़ रही थी। परिवार बार-बार बड़े अस्पताल ले जाने की बात कहता रहा, लेकिन मेडिकल संचालक भरोसा दिलाता रहा कि ह्लसब कंट्रोल में है।ह्व उधर मरीज जिंदगी और मौत से जूझता रहा। मृतक के पुत्र उमेंद्र यादव ने पुलिस को दिये गये तहरीर में आरोप लगाया है कि उनके पिता की मौत इलाज के दौरान ही हो चुकी थी, लेकिन मौत को छिपाने के लिए घंटों तक इलाज का नाटक चलता रहा। जब हालत पूरी तरह बिगड़ गई और परिजनों का दबाव बढ़ा, तब आनन-फानन में एंबुलेंस बुलाकर मरीज को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हाटा भेजा गया। लेकिन वहां पहुंचते ही डॉक्टरों ने जो बताया, उसने पूरे परिवार को तोड़ दिया। चिकित्सकों ने रामकृपाल



यादव को मृत घोषित करते हुए कहा कि उनकी मृत्यु काफी पहले हो चुकी थी। यह सुनते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई।

### शव लेकर परिजन मेडिकल स्टोर पहुंचे

रामकृपाल यादव की मृत्यु के जानकारी के बाद गुस्साए परिजन सीएचसी से शव लेकर दोबारा विनोद पांडेय मेडिकल स्टोर पहुंचे, लेकिन तब तक संचालक मेडिकल स्टोर बंद कर फरार हो गया था। आरोप है कि थोड़ी देर बाद मेडिकल संचालक की तरफ से 10 से 15 लोग मौके पर पहुंचे और परिजनों के साथ मारपीट की। यहां तक आरोप यह भी है कि मृतक के शव के साथ अभद्रता की गई। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी और तनाव का माहौल कायम हो गया।

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और किसी तरह हालात काबू में किए। परिजनों ने मेडिकल स्टोर संचालक, कथित झोलाछाप डाक्टर और मारपीट करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

### प्रशासन से सीधा सवाल

क्या मेडिकल स्टोर अब अस्पताल बन चुके हैं? आखिर किसकी शह पर मेडिकल स्टोर पर इलाज चल रहा है? कब तक झोलाछाप डाक्टर इलाज के नाम पर खुलेआम मौत बाटते रहेगे? बिना डिग्री मरीजों को इंजेक्शन और बोतल चढ़ाने की अनुमति किसने दी? मौत के बाद भी इलाज का नाटक क्यों चलता रहा? अगर समय रहते ही रामकृआल को अस्पताल भेजा जाता, तो क्या उनकी जिंदगी नही जान बच सकती थी? बेशक!

यह घटना सिर्फ एक मौत नहीं, बल्कि जिले में फल-फूल रहे अवैध इलाज के उस खतरनाक नेटवर्क का चेहरा है, जहां मेडिकल स्टोरों के पीछे ह्लझोलाछाप क्लीनिकह्व धड़ल्ले से चल रहे हैं और गरीबों की जिंदगी प्रयोगशाला बन चुकी है। अब देखना दिलचस्प होगा कि प्रशासन इस मौत पर कार्रवाई करता है या फिर कुछ दिनों बाद मामला फाइलों में दफन हो जाएगा और जिले में मौत का यह खेल पहले की तरह चलता रहेगा।

### विशेष किशोर पुलिस इकाई की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित

देवरिया। पुलिस लाइन देवरिया स्थित प्रेक्षागृह में विशेष किशोर पुलिस इकाई (एसजेपीयू) की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता क्षेत्राधिकारी नगर संजय कुमार रेड्डी ने की, जबकि संचालन संरक्षण अधिकारी जिला बाल संरक्षण इकाई जय प्रकाश तिवारी द्वारा किया गया। बैठक में जनपद के समस्त थानों पर नामित बाल कल्याण पुलिस अधिकारियों को विशेष किशोर पुलिस इकाई के कर्तव्यों एवं दायित्वों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। क्षेत्राधिकारी नगर ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे जेजे एक्ट के प्रावधानों के अनुरूप कार्य करें तथा निर्धारित एजेंडा बिंदुओं के साथ समय से बैठक में प्रतिभाग सुनिश्चित करें। संरक्षण अधिकारी जय प्रकाश तिवारी ने एजेंडा बिंदुओं की समीक्षा करते हुए कहा कि जनपद को बाल विवाह मुक्त एवं बाल श्रम मुक्त बनाने के लिए सभी विभागों एवं संबंधित संस्थाओं को आपसी समन्वय के साथ कार्य करना होगा।

## जनता दर्शन में दिखी डीएम की संवेदनशीलता

**देवरिया।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी की संवेदनशीलता, मानवीय दृष्टिकोण एवं जनसरोकारों के प्रति गंभीरता बुधवार को जनता दर्शन के दौरान देखने को मिली, जब एक दिव्यांग एवं असमर्थ फरियादी व्हीलचेयर पर सीधे उनके कार्यकक्ष में पहुंचा। फरियादी की स्थिति देखकर जिलाधिकारी ने तत्काल उसकी समस्या गंभीरता से सुनी और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। जनता दर्शन में पहुंचे गणेश तिवारी पुत्र देवनाथ तिवारी, निवासी ग्राम शेरवा बभनौली ने बताया कि वह पथरी की गंभीर समस्या से पीड़ित हैं, लेकिन आर्थिक अभाव के कारण ऑपरेशन नहीं करा पा रहा हैं। फरियादी की व्यथा सुन जिलाधिकारी ने तत्काल मुख्य चिकित्सा अधिकारी को बुलवाया और दिव्यांग फरियादी का मेडिकल कॉलेज देवरिया के चिकित्सालय में समुचित इलाज एवं ऑपरेशन कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि इलाज की पूरी प्रक्रिया प्राथमिकता के आधार पर कराई जाए तथा फरियादी को किसी प्रकार की असुविधा न होने पाए। उन्होंने कहा कि जरूरतमंद एवं असहाय लोगों की सहायता करना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है तथा पात्र व्यक्तियों को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।

## बाल कल्याण समिति के प्रयास से जरूरतमंद बालिका को मिला शिक्षा का सहारा

देवरिया। जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी के मार्गदर्शन में बाल कल्याण समिति (सीडब्ल्यूसी) एवं चाइल्ड हेल्पलाइन की पहल पर एक जरूरतमंद बालिका को शिक्षा से जोड़ते हुए कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में प्रवेश दिलाया गया।

अब बालिका को विद्यालय में निःशुल्क आवासीय शिक्षा, भोजन एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी बाल कल्याण समिति की अध्यक्ष डॉ. सावित्री राय ने कहा कि बच्चों को शिक्षा, सुरक्षा, पुनर्वास एवं विकास की मुख्यधारा से जोड़ना समिति की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि किसी भी जरूरतमंद बालक अथवा बालिका के हितों की रक्षा के लिए समिति सदैव संवेदनशील एवं प्रतिबद्ध है।

# प्रासंगिकता पर सवाल

अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप की अस्थिर नीतियों, नियम आधारित विश्व व्यवस्था को धता बताने, टैरिफ और सैन्य कार्रवाई के जरिए दुनिया को संकट में डालने, वैश्विक बर्बादी की कीमत पर अमरीकी हित साधने के कारण आज क्वाड ही नहीं बल्कि जी-7 सहित अनेक संगठनों की प्रासांगिकता पर सवाल खड़े हो गये हैं। ऐसे में अब क्वाड की जरूरत और इसमें अमरीका की भूमिका पर भी गंभीर सवाल है। क्वाड के विदेश मंत्रियों ने मंगलवार की बैठक के बाद जो संयुक्त वक्तव्य जारी किया उसमें यह बात सामने आई कि 19 वर्ष पुराना यह समूह अपनी प्रासंगिकता के लिए जूझ रहा है क्योंकि अमेरिका की विदेश नीति अमेरिका और पश्चिम एशिया के इर्द गिर्द सिमट कर रह गई है। निश्चित तौर पर चारों सदस्य देशों अमेरिका, भारत, जापान और ऑस्ट्रेलिया द्वारा जारी संयुक्त वक्तव्य की भाषा महतवपूर्ण खनिजों, समुद्री निगरानी, बंदरगाह अधोसंरचना और ऊर्जा सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में व्यावहारिक सहयोग का मेहनती एजेंडा पेश करने का वास्तविक प्रयास दर्शाती है ताकि क्वाड की व्यवहार्यता पर उठ रहे संदेह दूर किए जा सकें। इसे समूह के लिए एक उत्साहजनक संकेत माना जा सकता है। इसके बाद भी ठोस प्रगति नजर नहीं आती। उदाहरण के लिए इस बैठक का एक प्रमुख उद्देश्य



इन देशों के नेताओं के शिखर सम्मेलन की तारीख तय करना था, जो 2025 से अनिश्चितकाल के लिए टली हुई है। इस पर सवाल अब भी बरकरार है। एक तरह से देखें तो हिंद-प्रशांत में चीन की बढ़ती ताकत से मुकाबला करने के लिए बनाए गये क्वाड्रिलैटरल सिक्योरिटी डायलॉग (क्वाड) पर मंडराती अनिश्चितता, बदलती भू-राजनीतिक हकीकत को दर्शाती है। इनमें सबसे महत्वपूर्ण है अमेरिका और चीन के बीच द्विपक्षीय तनाव में कमी। इस महीने की शुरुआत में अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप और चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग की मुलाकात में यह साफ दिखाई दिया। सितंबर में चिनफिंग की वाशिंगटन यात्रा की योजना भी बनाई गई है। ताइवान की स्थिति इस घटनाक्रम के केंद्र में है। उसका एक स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में बने रहना हिंद-प्रशांत सुरक्षा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। फिर भी ट्रंप की यात्रा के दौरान चिनफिंग और चीनी प्रेस ने 'एक चीन' के सिद्धांत पर जोर दिया, जिसमें दावा किया जाता है कि ताइवान भी चीन का अभिन्न हिस्सा है। हालांकि अमेरिकी विदेश विभाग ने यह स्पष्ट किया है कि ताइवान के लिए अनौपचारिक राजनीतिक और सैन्य समर्थन की उसकी नीति में कोई बदलाव नहीं हुआ है, लेकिन व्हाइट हाउस से जो संकेत मिल रहे हैं, वे साफ करते हैं कि दोनों देश इस मामले पर अलग हैं। अगर इससे क्वाड की मूल महत्ता पर संदेह होता है तो ट्रंप ने हाल ही में रणनीतिक विदेश नीति पर जो विचार दिए हैं, उनसे यह बिंदु स्पष्ट होता है। इसे 'डोनरो डॉक्ट्रिन' कहा गया है जो 1823 की 'मुनरो डॉक्ट्रिन' पर आधारित है और असल में उसी का अपडेट है। यह अमेरिका को पश्चिमी गोलार्द्ध के प्रमुख सुरक्षा संरक्षक के रूप में स्थापित करता है। पश्चिम एशिया में युद्ध ने क्वाड देशों की चिंताओं को और बढ़ा दिया है। 28 फरवरी को ईरान के खिलाफ शुरू हुए अमेरिका, इजरायल के युद्ध ने एशिया-प्रशांत से पश्चिम एशिया की ओर अमेरिकी रक्षा बेड़े में उल्लेखनीय कमी ला दी है। ईरान के खिलाफ युद्ध में अमेरिका ने अपने महत्वपूर्ण गोला-बारूद का आधे से अधिक हिस्सा खर्च कर दिया है। इससे क्वाड सहयोगी विशेषकर जापान को इस बात की चिंता बहुत सता रही है कि दक्षिण चीन सागर और पूर्वी चीन सागर में अगर चीन ने हमला किया तो अपनी रक्षा के लिए वह अमेरिका पर भरोसा नहीं कर पाएगा। क्वाड की इस दुविधा में कुछ विडंबना भी है, खासकर ट्रंप के दूसरे कार्यकाल में। बहरहाल ट्रंप के रवैये से क्वाड का अस्तित्व संकट में है। लेकिन अगर क्वाड के अन्य सदस्य देश चीन के खिलाफ प्रभावी सुरक्षा डॉयलॉग के लिए अमरीका के बिना आगे बढ़ते हैं, तो यह चीनी आक्रामकता के खिलाफ केन्द्रीय विकल्प बन सकता है।

## विचार

जिस कर्म में भोगने की कामना होती है, जो अहंकार से किया जाता है तथा जो बहुत प्रयास से होता है, वह राजस कर्म है।

–गीता.

इस जगत में कोई संबंध नित्य नहीं है, अपनी देह का भी नहीं। तब स्त्री–पुरुष का साथ सदा नहीं रहेगा, यह क्या कहने की आवश्यकता है?

–महर्षि वेदव्यास.

अहिंसा में इतनी ताकत है कि वह विरोधियों को मित्र बना लेती है और उनका प्रेम प्राप्त कर लेती है।

–महात्मा गांधी.

जो मेरा धन चुराता है वो मेरी सबसे तुच्छ वस्तु ले जाता है।

– शेक्सपियर.

जो जीवों की हिंसा करता है, वह आर्य नहीं होता, सभी जीवों के प्रति अहिंसा का भाव रखने वाला ही आर्य कहलाता है।

–गौतम बुद्ध.

# केरल और तमिलनाडु में एआई मंत्रालय



संजय श्रीवास्तव

केरल के बाद तमिलनाडु में एआई मंत्री और मंत्रालय बनाने के बाद समकालीन राजनीति में इसको लेकर विमर्श तेज हो गये हैं, कुछ बड़े-छोटे देशों में एआई को शासन-प्रशासन, व्यवस्था में शामिल करने की कवायद बहुत पहले शुरू हो चुकी है, संभव है एआई के विकास और भारत को ग्लोबल एआई हब बनाने को प्रतिबद्ध केंद्र सरकार भी इस ओर रुख करे, तो क्या हैं इसके नफा-नुकसान?

केरल की शुरूआत के बाद तमिलनाडु के मंत्रिमंडल में भी एआई मंत्री की नियुक्ति ने एक नये चलन को आगे बढ़ाया है। तमिलनाडु और केरल में एआई के लिए जो समर्पित प्रशासनिक ढांचा तैयार हो रहा है, यह मंत्रालय उसे बनाने में सहयोग करेगा और उसके पूरा होने के बाद उसका पूरा कामकाज देखेगा। तकनीक के इस अभूतपूर्व युग में जब गवर्नेंस या शासन का स्वरूप, तौर तरीका बदल रहा है, यह फैसला समय की मांग और दूरदर्शी कदम है। केरल और तमिलनाडु में एआई मंत्रालय महज एक तकनीकी विंग के बतौर नहीं रहेंगे, इसे राज्य के उद्योग, वाणिज्य, सूचना प्रोद्यौगिकी और स्टार्टअप्स इत्यादि के साथ एकीकृत किया गया है ताकि इस क्षेत्र में सरकार की नीतियां सीधे जमीन पर काम कर सकें। साफ है कि भविष्य की सरकारें अब फाइलों और कागजों से आगे बढ़कर 'एल्गोरिद्म और डेटा-संचालित शासन' की ओर बढ़ रही हैं, जहां मुख्य ध्येय जनता को न्यूनतम समय में अधिकतम और पारदर्शी सेवाएं प्रदान करना है ताकि सार्वजनिक सेवाओं को लोगों तक पहुंचाने से पहले न सिर्फ उसका डेटा आधारित गहन अध्ययन करके निष्कर्ष निकाल, उससे जनता को बेहतर ढंग से जोड़ा जा सके बल्कि डीप-टेक के विकास को बढ़ावा भी मिले।

एआई सिर्फ टेक्नोलॉजी का विषय नहीं बल्कि आर्थिक, राजनीतिक और प्रशासनिक व्यवस्था का बड़ा हिस्सा बन सकता है। राज्य एआई का सही इस्तेमाल करके व्यवस्था में आमूलचूल बदलाव ला सकते हैं। एआई मंत्रालय का मूल उद्देश्य कृत्रिम बुद्धिमत्ता को केवल एक 'सॉफ्टवेयर टूल' या तकनीकी औजार के रूप में देखना नहीं बल्कि इसे सरकारी तंत्र और जनता की रोजमर्रा की जिंदगी का हिस्सा बनाना है। एआई मंत्रालय काम करेगा तो तमाम मंत्रालयों, विभागों में फाइलों का निस्तारण तेज होगा, सरकारी दफ्तरों के चक्कर काटने से मुक्ति डेटा प्रिडिक्शन से बजटीय आवंटन सटीक होगा, शिकायत निवारण त्वरित और पारदर्शी होगा। स्कूलों के प्रदर्शन और बुनियादी ढांचे की एआई-मैपिंग की जा सकेगी। एआई-बेस्ड स्मार्ट ट्रैफिक सिग्नलिंग से शहरों में जाम की समस्या का हल होगा तो सड़क दुर्घटनाओं में कमी आयेगी सुरक्षित



नागरिक वातावरण बनेगा, गंभीर बीमारियों की शुरूआती और सस्ती जांच सुलभ होगी। वर्तमान में एआई का नियमन इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अंतर्गत आता है लेकिन एआई केवल आईटी का ही तो मुद्दा नहीं है, यह स्वास्थ्य निदान, कृषि और रक्षा समेत कई महत्वपूर्ण क्षेत्रों को सीधे प्रभावित प्रभावित कर रहा है। एक समर्पित मंत्रालय होने से इन सभी क्षेत्रों के लिए एकीकृत नीतियां बन सकेंगी। समन्वय बढ़ेगा और नीतिगत गतिशीलता में तेजी आयेगी। इसके गठन से डेटा चोरी और एल्गोरिद्म के पूर्वाग्रहों से निपटने के लिए एक त्वरित प्रतिक्रिया तंत्र निर्मित करने में मदद मिलेगी। डीपफेक और साइबर खतरों पर भी नियंत्रण होगा। सूचना प्रोद्योगिकी और इलेक्ट्रॉनिक्स मंत्रालय से टकराव दूर करने, कृषि, स्वास्थ्य और शिक्षा में एआई का तेजी से क्रियान्वयन इत्यादि को नये दौर में केवल एक विशिष्ट तकनीकी मंत्रालय ही बेहतर तरीके संभाल सकता है।

**सामयिक**

भारत की विशाल जनसांख्यिकी के मद्देनजर एआई-स्किलिंग या कौशल विकास तथा वैश्विक एआई निवेश को आकर्षित करने के लिए एक केंद्रीय चेहरे या निकाय का होना अत्यंत आवश्यक है जो देश को कल 'ग्लोबल एआई सुपरपावर' बना सकता है, यह भी एआई के एक स्वतंत्र मंत्रालय की आवश्यकता को रेखांकित करता है। एआई की सर्वव्यापकता को देखते हुए भारत के केंद्र और अन्य राज्यों में भी एक स्वतंत्र एआई मंत्रालय या सुदृढ़ प्रशासनिक ढांचे की आवश्यकता पर नीतिगत स्तर पर विमर्श तेज होना लाजिमी है। यदि इससे तमाम समस्याओं के उत्तर मिलने की संभावना है, तो समकालीन राजनीति और प्रशासनिक व्यवस्था में इससे जुड़े कुछ सवालों पर बहस भी है। क्या देश में एआई का इस्तेमाल उस स्तर तक पहुंच गया है कि उसकी व्यापकता को व्यवस्था देने के लिये एक भारी भरकम मंत्रालय तथा पूर्णकालिक मंत्री की आवश्यकता है? क्या इस संदर्भ में दूसरे देशों ने जो प्रयोग किए हैं, उनसे सीख और देशी-विदेशी एआई तकनीकि विशेषज्ञों की राय ली गई है? क्या यह तय किया जा चुका है कि एआई मंत्री के कार्यों और और दायित्वों का निर्धारण हो चुका है? क्या केरल और तमिलनाडु के अलावा राज्य भी अगली सरकारों के गठन में इस चलन का अनुसरण करेंगे? क्या केंद्र को जिसके लिये आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में बहुत अधिक जिम्मेदारियां, कार्य और लक्ष्य हैं, किसी एआई मंत्रालय और एआई मंत्री की तत्काल आवश्यकता नहीं है?

ब्रिटेन, जापान और सिंगापुर जैसे देशों ने कनाडा की तरह प्रत्यक्ष रूप से 'एआई मंत्री' का पद नहीं बनाया, किसी को ऐसी जिम्मेदारी देने के बदले वहां उन्होंने अपने 'डिजिटल और प्रौद्योगिकी मंत्रालयों' के भीतर ही एआई के लिए विशेष टास्क फोर्स और उच्चस्तरीय सचिवालयी पदों का गठन किया है। क्या तमिलनाडु और केरल की सरकारें भी अपने विज्ञान, तकनीक अथवा प्रोद्यौगिकी इत्यादि मंत्रालय के अंतर्गत कोई नया प्रभाग खोलकर यह कार्य संपादन नहीं कर सकती थीं? क्या निकट भविष्य में केंद्र और राज्यों में पूरी तरह से नया 'एआई मंत्रालय' खोलने के बजाय, शुरूआती चरण में एक ताकतवर 'राष्ट्रीय एआई प्राधिकरण' या केंद्रीय मंत्रालय के भीतर ही एक स्वतंत्र 'एआई विभाग' बनाना अधिक व्योहारिक नहीं होगा? यह विभाग मंत्रालयों के बीच समन्वय का कार्य करेगा, तो जिससे गवर्नेंस में एआई का उपयोग बढेगा और लोकतांत्रिक जवाबदेही भी बहुत प्रभावित नहीं होगी। सवाल यह भी है कि एक नया मंत्रालय बनाने से मौजूदा आईटी मंत्रालय, विज्ञान एवं प्रोद्योगिकी मंत्रालय और नीति आयोग के बीच यदि प्रशासनिक टकराव पैदा होगा, तो उसे कैसे रोका जाएगा? लाख टके की बात कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता की तमाम तकनीक, तौर-तरीके, अनुप्रयोग बेहद कम समय में बदल जाते हैं जबकि सरकारी मंत्रालयों की निर्णय लेने की प्रक्रिया धीमी होती है। संयुक्त अरब अमीरात ने अक्तूबर 2017 में ही एक समर्पित 'एआई मंत्रालय' का गठन कर दुनिया का पहला एआई देश कहलाया तब महज 27 वर्ष की उम्र वाले ओमर सुल्तान अल ओलमा को दुनिया का पहला एआई मंत्री बनने का मौका मिला। इस मंत्रालय का लक्ष्य 2031 तक यूएई को एआई के वैश्विक केंद्र के रूप में स्थापित करना है। मंत्रालय बने दशक करीब आ गया लक्ष्य बस आधा दशक दूर है, अब मंत्रालय के कामकाज और उसके लक्ष्यपूर्ति की समीक्षा बेहतर बता सकेगी कि एआई मंत्रालय के गठन से कितना लाभ यूएई को मिला। बीते बरस सितंबर में अल्बानिया ने इससे एक कदम आगे बढ़कर 'दिएला' नामक एक वर्चुअल एआई अवतार या बॉट को सीधे अपने मंत्रिमंडल में शामिल किया। प्रधानमंत्री एडी रामा ने इसे 'स्टेट मिनिस्टर फॉर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस' का दर्जा देते हुए इसका मुख्य कार्य सरकारी ठेकों और टेंडरों में इंसानी पक्षपात और भ्रष्टाचार को शत-प्रतिशत समाप्त करना बताया था। अब जबकि दिएला के कामकाज की अर्धवार्षिकी हो चुकी है, तो इसके भी पद तथा कामकाज की सार्थकता की समीक्षा अपेक्षित है। सऊदी एआई इंफ्रास्ट्रक्चर और अरबी भाषा आधारित एआई मॉडल पर भारी निवेश कर रहा है। उसने एसडीएआईए नाम की संस्था बनाई है, जो देश की एआई नीति, नियम और योजनाओं को संभालती है, उसकी भी सफलता आंकनी होगी। इसके बाद हमें एआई मंत्रालय बनाने से पहले तय करना होगा कि 140 करोड़ आबादी को एआई युग के लिए कैसे तैयार किया जाए?

## सोशल मीडिया

प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में देश 'एक राष्ट्र एक समान कानून' की दिशा में मजबूती से आगे बढ़ रहा, यूसीसी संविधान में निहित समान अधिकार व न्याय की भावना का संकल्प है। केशव प्र. मौर्य.



अगले चुनाव में जनता भजापा को धो पटक कर हमेशा के लिए सुखा देगी। ये स्पष्ट किया जाये कि मुख्यमंत्री की समीक्षा बैठक में बिजली मंत्री आते नहीं या बुनाये नहीं जाते। अखिलेश यादव.



काम का पैमाना यह है कि मुल्क में कितने ऐसे लोग हैं जिनकी आंखों से आंसू बहते हैं और उसमें कितने के आंसू हमने पोछे हैं। कितने लोगों के आंसू हमने कम किये हैं। प्रियंका गांधी.



# तप-त्याग की महिमा

ईश्वर ने अपनी सर्वश्रेष्ठ कृति इंसान को कोई बुराई नहीं दी है, लेकिन फिर भी वह अपनी आदतों का शिकार हो जाता है। कई बार हमारी आदतें, हमारी प्रवृत्तियां जिसे हम खराब भाषा में लत भी कह सकते हैं, अगर उनका रचनात्मक उपयोग किया जाये, उनके पीछे भागने के बजाय उनका सदुपयोग कर सृजन में उपयोग किया जाये, तो वह दरअसल हमारी ताकत भी बन जाती हैं। हानिकारक आवेशों से मुक्त रहकर यदि मनोवृत्तियों का उपयोग किया जाये तो वे हानि पहुंचाने की बजाय हितकर ही सिद्ध होंगी। सर्वथा संसार त्यागियों की तो बात छोड़ दीजिए पर अधिकांश मनुष्यों को जो संसार में रहते हैं और जिनको भली बुरी सभी परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है। सभी मनोवृत्तियों से काम लेना आवश्यक होता है। इसलिए हमारा कर्तव्य यही है कि अपनी मनोवृत्तियों और इन्द्रियों को ऐसी ही सधी हुई अवस्था में रखें। मनुष्य की जो मनोवृत्तियां जन्म से ही दी गयी हैं, वे सब उपयोगी एवं महत्वपूर्ण हैं। यदि उनको ठीक प्रकार से प्रयोग में लाया जाये तो प्रत्येक व्यक्ति अत्यंत सुख-शांतिपूर्वक जीवन व्यतीत कर सकता है। हम देखते हैं कि दुर्भाग्यवश लोग उनका सदुपयोग करना नहीं जानते और उन्हें बुरे मार्ग से खर्च करके अपने लिए तथा दूसरों के लिए दुखों की सृष्टि करते हैं। हम देखते हैं कि कई मनोवृत्तियों की संसार में निन्दा होती है। कहा जाता है कि यह बातें पाप और दुख की जड़ है। काम, क्रोध, लोभ, मोह, अहंकार आदि को जी भर कर कोसा जाता है और कहा जाता है कि इन्हीं के कारण संसार में अनर्थ हो रहे हैं। इस प्रकार का कथन किस हद तक सही हैं इसका विचारवान पाठक स्वयं निर्णय कर सकते हैं। यदि काम बुरी वस्तु है, त्याज्य है, पापमूलक है तो उसका उपयोग न तो सत्पुरुषों को ग्राह्य हो सकता था और न बुरी बात का अच्छा परिणाम निकल सकता था। परन्तु इतिहास दूसरी ही बात सिद्ध करता है। ब्रह्मा, विष्णु, महेश, विवाहित जीवन व्यतीत करते हैं। व्यास, अत्रि, गौतम, वशिष्ठ, विश्वामित्र, याज्ञवल्क्य, भारद्वाज, च्यवन आदि प्रायः सभी प्रधान ऋषि सपत्नीक रहते थे और संतानोत्पादन करते थे। दुनिया में असंख्य पैगम्बर, ऋषि, अवतार महात्मा, तपस्वी, विद्वान, महापुरुष हुए हैं, यह सब किसी न किसी माता पिता के संयोग से ही उत्पन्न हुए थे। यदि काम सेवन बुरी बात है तो उसके द्वारा उत्पन्न हुए बालक भी बुरे ही होने चाहिए। बुरे से अच्छे की सृष्टि कैसे हो सकती है? कालोंच से सफेदी कैसे निकल सकती है? इन बातों पर विचार करने से स्पष्ट हो जाता है कि काम स्वयं कोई बुरी वस्तु नहीं है। परमात्मा ने अपनी सर्वश्रेष्ठ कृति मनुष्य में कोई बुरी बात नहीं रखी।

अंतर्दृष्टि

# पिताजी से मिले संस्कार!


व्यंग्यलोक

पिताजी से मुझे संस्कार मिले थे। उन्होंने मुझे शाखा में भी भेजा तथा स्वयं भी संस्कारों की सीख दी। उसका प्रभाव यह हुआ कि मैं लगभग चरित्रवान-सा बन गया था यानि मुझे मूल्यों से हटाना सरल नहीं था। मैं सिद्धान्तों पर अडिग रहता था। कई बार तो मेरी जिद के सामने बाद में पिताजी को भी दिक्कत होने लगी। उन्हें गुस्सा आता कि उन्होंने मुझे इतना जबरदस्त चरित्रवान क्यों बना दिया। वे कहते कि बेटा, थोड़ा व्यावहारिक बनने की भी आवश्यकता है। अन्यथा तुम्हें जीवन में भूखों मरने की नौबत आ सकती है। मैं कहता कि तो क्या हुआ, मूल्यों की रक्षा के लिए भूखों मर जाना भी श्रेष्ठ मानता हूँ। उन दिनों देश में भ्रष्टाचार का शुभारंभ हो चुका था। और राजनेता भ्रष्टाचार की होड़ लगा रहे थे। पिताजी ने मुझे अपने कमरे में बुलाया और कहा-बेटा! देख रहे हो देश की हालत क्या हो रही है? लोग इसे अपने चारों हाथ-पाँवों से लूट रहे हैं। मुझे एक पल गौर से देखो और अपने जीवन का रास्ता चुन लो। मैंने पिताजी को देखा-फटी धोती, तार-तार कुर्ता, टूटी चप्पलें तथा मोटे फ्रेम के चश्मे में वे भारतीय गरीब का पर्याय थे। मुझे लगा क्या ये इसी विपन्नता में मर जायेंगे। तभी चरित्र ने जोर मारा-जीवन में अपने सद्चरित्र से ही आदमी को अपनी जीविका चलानी चाहिए। जब पिताजी ने इस मूल्य को नहीं त्यागा तो मुझे इस विरासत को आगे बढ़ाना चाहिए। तभी मन का विरोधी बोला-भूखों मर जाओगे। जिन्दगी की रेस में बढ़ना है तो भ्रष्टाचार में लग जाओ। तभी पिताजी बोले-बेटा! तुम्हारे भीतर जो द्वंद्व चल रहा है उसे मैं समझता हूँ, लेकिन प्रैक्टिकल हुए बिना नैया पार नहीं लगेगी। मैं चरित्र की अपनी सारी शिक्षायें विड्रा करता हूँ। हो सके तो इस घर को भुखमरी से निकाल लो। उनकी आँखों में आंसू भरे थे। उनकी चाह को मैं भली प्रकार से समझ सकता था। मैं बोला-यह आप क्या कह रहे हैं पिताजी। चरित्र और सिद्धान्त मेरी रग-रग में समा चुका है। अब इसे आसानी से विड्रा नहीं किया जा सकता। जब पेट ईमानदारी से भर सकता है तो बईमानी की क्या आवश्यकता है? बेटा! अकेले पेट का सवाल नहीं है, अब जरूरतें इतनी बढ़ गयी हैं कि उसके अनुसार तुम नहीं बन पाये तो मुझे दुःख होगा। हालांकि गलती मेरी ही है। लेकिन बेटा पहले का जमाना वही था। नये जमाने को और नये मूल्यों को समझने की आवश्यकता है। मैं नहीं चाहता कि तुम भी मेरी ही तरह घुट-घुट कर मरो। चरित्र समय की आवश्यकता नहीं है। मैं आपका आशय समझ नहीं पा रहा? अभी समझाता हूँ बेटा। देखो चुनाव नजदीक है-मैं चाहता हूँ कि तुम राजनीति में चले जाओ। इसमें तुम जल्दी ही प्रेक्टिकल बन जाओगे। सारे चरित्र पर पानी फिर जायेगा। मेरी आत्मा को शांति मिलेगी तथा तुम अच्छा कमा-खा लोगे। इतना कहकर वे चले गये और मैं ठंडा पड़ गया। काटो तो खून नहीं। निश्चित नहीं कर पा रहा था कि राजनीति में जाऊँ या नहीं।



पूरन सरमा

# एक और खिताब लेकर लौटेंगी हमारी परियां





महिला टी-20 विश्व कप

आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप 12 जून 2026 से इंग्लैंड में खेला जायेगा। प्रबल संभावना है कि इस बार भारत की परियां इस फॉर्मेट में अपनी पहली खिताबी जीत दर्ज कर पायेंगी। यह विश्वास भरा अनुमान अकारण नहीं है। सबसे पहली बात तो यह है कि पिछले साल नवम्बर में 50-ओवर विश्व कप में ऐतिहासिक जीत दर्ज करने के बाद कप्तान हरमनप्रीत कौर के नेतृत्व वाली टीम का मनोबल जबरदस्त है और हौसले बुलंद हैं। इस समय टीम का फॉर्म शानदार है, टॉप आर्डर सेटल हो चुका है, मध्यक्रम में गहराई है और गेंदबाज अपनी लय में हैं- जैसा कि ऑस्ट्रेलिया में ऑस्ट्रेलिया पर टी-20 में 2-1 की ऐतिहासिक श्रृंखला जीत से स्पष्ट है। गौरतलब है कि भारत ने पिछले साल इंग्लैंड में भी इंग्लैंड को पहली बार इस फॉर्मेट में 3-2 से पराजित किया था। चूंकि विश्व कप इंग्लैंड में ही खेला जायेगा, इसलिए यह कहना शायद गलत न होगा कि भारतीय लड़कियां वहां की स्थितियों से परिचित हैं और जानती हैं कि किस मैदान पर किस कॉम्बिनेशन के साथ कैसा खेलना है?

भारत अपना पहला मैच 14 जून 2026 को पाकिस्तान के विरुद्ध खेलेगा। भारत को ग्रुप 1 में रखा गया है, जहां उसके साथ पाकिस्तान के अतिरिक्त ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका, बांग्लादेश और नीदरलैंड्स भी हैं, जिससे यह ग्रुप काफी प्रतिस्पर्धी हो जाता है, विशेषकर इसलिए कि हर ग्रुप में से टॉप दो टीमें ही सीधे सेमीफाइनल में पहुंचेंगी। दूसरे ग्रुप में भी छह टीमें हैं। ग्रुप 1 में से सेमीफाइनल में पहुंचने की दौड़ मुख्यतः भारत, दक्षिण अफ्रीका व ऑस्ट्रेलिया के बीच ही रहेगी, जबकि ग्रुप 2 में गत विजेता न्यूजीलैण्ड, इंग्लैंड व वेस्टइंडीज में सेमीफाइनल में पहुंचने का कड़ा मुकाबला रहेगा। एमिली कर का दावा है कि उनकी टीम न्यूजीलैण्ड अपने खिताब का बचाव करने में कामयाब रहेगी। यह दावा कितना खरा है, यह तो मैदान में मुकाबलों के बाद ही मालूम होगा, लेकिन इतना तय है कि मैच बहुत टक्कर के होने जा रहे हैं; क्योंकि महिला क्रिकेट में जबरदस्त सुधार आया है। आजकल जो महिला क्रिकेट में गजब के शॉट्स और अकल्पनीय फील्डिंग देखने को मिल रही है, वह अक्सर पुरुष क्रिकेट को भी फीका कर देती है।

हां, महिला क्रिकेट में गेंदबाजी का स्तर अब भी बहुत कमजोर है, विशेषकर तेज गेंदबाजी का। अभी तक सिर्फ. दक्षिण अफ्रीका की शबनम इस्माइल ही 130 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से गेंद फेंकने में कामयाब हुई हैं, लेकिन वह भी अब रिटायर हो चुकी हैं। एक बार चोट से उबरने के बाद मुहम्मद शमी गेंदबाजी की प्रैक्टिस कर रहे थे और पास में ही हमारी महिला टीम नेट्स कर रही थी। कोच ने शमी से कहा कि वह दो-चार कदम से महिला बैटर्स को गेंदबाजी करें ताकि वह रिद्म में आ सकें। शमी ने चार कदम के रनअप से स्मृति मंधाना को गेंद की, जो स्मृति की जांघ में इतनी जोर से लगी कि उन्हें कई सप्ताह तक क्रिकेट से दूर रहना पड़ा। इससे महिला व पुरुष क्रिकेट के स्तर में अंतर का अंदाजा लगाया जा सकता है। बहरहाल, भारत की महिला टीम को जो हाल में जो सफलताएं मिली हैं, उससे वह सभी फोर्मेट्स में एक मजबूत फोर्स बनकर उभरी है। भारतीय टीम की घोषणा से बहुत पहले ही टी-20 विश्व कप के लिए तैयारी शुरू हो गई थी।

नवम्बर 2025 में ओडीआई विश्व कप जीतने के बाद टीम ने दिसम्बर 2025 में श्रीलंका के साथ टी-20 श्रृंखला घर पर खेली और उसे 5-0 से जीता। यहीं से टी-20 विश्व कप की यात्रा आरंभ हो गई। इसके बाद भारत ने दो और टी-20 श्रृखंलाएं खेलीं- ऑस्ट्रेलिया को ऑस्ट्रेलिया में 2-1 से पराजित किया, लेकिन दुर्भाग्य से दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ यह स्कोर लाइन 1-4 से पलट गई थी, जिसके बारे में जेमिमा रोड्रिग्स का कहना है, 'कभी कभी असफलता आपको निरंतर जीत की तुलना में अधिक सबक देती है। इसने हमें रियलिटी चेक दिया। टीम इसे राइट स्पिरिट में ले रही है और सही से तैयारी करते हुए कड़ी मेहनत कर रही है। हम मजबूत वापसी करेंगी।' इसके बावजूद टीम इस बात से विश्वास अर्जित कर सकती है कि पिछले साल इंग्लैंड में उसने इंग्लैंड को पहली बार टी-20 श्रृंखला में 3-2 से पराजित किया था, जहां आगामी टी-20 विश्व कप खेला जाना है और इंग्लैंड में ही पहली बार युवा तेज गेंदबाज क्रांति गौड़ ने सबको अपनी लाइन-लेंथ से प्रभावित किया था। पूर्व तेज गेंदबाज झूलन गोस्वामी का कहना है कि खिलाड़ियों ने चैंपियनशिप सफलता का स्वाद चख लिया है, अब वह जीत को आदत बनाना चाहती हैं, इसलिए उत्साहित व प्रेरित हैं अपना पहला टी-20 विश्व कप खिताब जीतने के लिए।

**सारिम अन्ना.**

## आपकी बात

### स्टार्टअप से बढ़ेंगे रोजगार

तकनीकी प्रधान इस युग में स्टॉर्टअप कंपनियों ने लोगों के जीवन को आसान बनाने में महती भूमिका निभाई है। आज ये आम जनजीवन के लिए इतनी जरूरी हैं कि इनके विकास जीवन कठिन हो जायेगा। इसलिए सरकार को स्टाटॅअप कंपिनयों की मदद करनी चाहिए ताकि वे डूबने न पायें। अगर स्टॉर्टअप फेल होते हैं, तो इससे लोगों का भरोसा कमजोर होगा और देश तेजी से आगे बढ़ रहे स्टॉर्टअप के सामने चुनौतियों बढ़ेंगी। स्टॉर्टअप के महत्व और भारत की आर्थिक प्रगति में इनकी भूमिका को देखते हुए सरकार ने स्टॉर्टअप नीति लागू की है। आईआईटी और अन्य तकनीकी संस्थानों में स्टॉर्टअप को मदद के लिए, प्रौद्योगिकी एवं वित्तीय सहायता के लिए योजनाएं शुरू की गयी हैं। इसका परिणाम आज देश को एक बेहतर स्टॉर्टअप इको-सिस्टम के रूप में मिल रहा है। प्रौद्योगिकी के सहारे आइडिया के बाजीगरों ने तमाम स्टॉर्टअप खड़े किये। इनसे करोड़ों को लोगों को रोजगार मिला है और भारत की आर्थिक प्रगति की कहानी लिखने में आज स्टॉर्टअप सबसे आगे हैं। लेकिन हाल के वर्षों में स्टॉर्टअप को लेकर अनेक चिंताएं भी पैदा हुई हैं। अचानक स्टॉर्टअप के लुप्त हो जाने, लंबे समय तक घाटे में रहने और आक्रामक विस्तार के लिए अत्यधिक कर्ज लेने के कारण कई बार स्टॉर्टअप मुसीबत में आये हैं। यह भी कि स्टॉर्टअप जब शुरू होते हैं, तो सरकार उनको कई तरह के नियमों-कानूनों एवं रेग्युलेटरी कंप्लायंस में राहत देती है ताकि ये अपनी ऊर्जा का उपयोग प्रगति के लिए कर सकें। लेकिन जब स्टॉर्टअप बड़े हो जाते हैं, बिलियन डॉलर जितनी बड़ी कंपनी बन जाते हैं तब भी अगर वे नियमों-कानूनों को मानने में कोताही करते हैं, तो यह ठीक नहीं है। इसलिए यह समय की जरूरत है कि सरकार भी स्टॉर्टअप फ्रेंडली नीति बनाये और उनको सहयोग करे ताकि वे नियमों-कानूनों एवं रेग्युलेटरी गाइडलाइन का न्यूनतम पालन सुनिश्चित करें। इससे उनको बंद करने की नौबत नहीं आयेगी। हाल के वर्षों में स्टॉर्टअप कंपनियों ने निवेशकों को भी नुकसान किया है, बैंकों को भी नुकसान पहुंचाया और कई बार खुद ही संकट में फंस गयीं। जब कोई बड़ी कंपनी फेल होती है तो सिर्फ उस कंपनी का ही नुकसान नहीं होता है बल्कि देश को भी नुकसान होता है।

**वीरेन्द्र कुमार सिंह, लखनऊ.**

### स्थायी भर्तियां करे सरकार

उत्तर प्रदेश में सरकारी नौकरियों में खाली पदों पर भर्ती करने के बजाय प्रदेश सरकार सेवा प्रदाताओं के माध्यम से भर्तियां करती हैं। इससे जो युवा नौकरी में जाते हैं उनका दोहरा शोषण होता है। एक तो अधिकांश सरकारी सेवा प्रदाता कंपनियां युवाओं से घूस लेकर भर्तियां करती हैं, दूसरे उनको बहुत मामूली वेतन मिलता है और तीसरे उनकी नौकरी को भी हमेशा खतरा बना रहता है। यह स्थितियां इसलिए बनी हैं कि अगर सरकार सीधे संविदा पर भर्ती करे तो जो लोग एक बार भर्ती हो जायेंगे वे नौकरी में बने रहने के लिए यूनियन बनाकर शक्ति प्रदर्शन करेंगे, स्थायी करने की मांग करेंगे और फिर वेतन बढ़ाने और बात-बात पर हड़ताल भी करेंगे। कुछ लोगों की मनमानी के कारण आज पूरा युवा परिणाम भुगत रहा है। सरकार अपनी तरफ से संविदा नौकरियों पर भी भारी पैसा खर्च करती है, लेकिन सेवा प्रदाता कंपनी पूरा पैसा नहीं देती हैं। वह खुद भी मुनाफा काटती हैं, उसके कर्मचारी घूस लेते हैं और मामूली वेतन पर युवाओं को रखकर उनका शोषण करती हैं। युवाओं का शोषण रोकने और उनको अच्छा वेतन व सुविधाएं देने के लिए यह जरूरी है सरकार चाहे स्थायी नौकरी दे या संविदा पर रखे, लेकिन भर्तियां सीधे करें। भर्ती में बिचौलिया कंपनियों की कोई भूमिका नहीं होनी चाहिए। हां अगर सरकार को यह डर हो कि यूनियनबाजी होगी तो पहले से ही यह बांड भरा लेना चाहिए कि संविदा नौकरी संविदा ही रहेगी।

**महेश कुमार श्रीवास्तव, बहराइच.**

संक्षेप

## दुराचार के मामले में हुई 10 साल की सजा

**बांदा।** महिला से दुष्कर्म करने के मामले में अदालत ने अभियुक्त को 10 साल की सजा सुनाई है। साथ ही जुमार्ना भी लगाया है।अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज ने बताया कि थाना कोतवाली देहात क्षेत्र के अंतर्गत गुरेह में 31 जुलाई 2020 को गांव के ही चंद्रभान उर्फ डिप्टी पुत्र जग्गा उर्फ जगत प्रसाद तिवारी ने महिला के साथ दुराचार किया था। साथ ही किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी थी। महिला की तहरीर पर मुकदमा दर्ज करने में बाद आरोपी को जेल भेजा गया था। मुकदमे की विवेचना निरीक्षक रुकुम पाल सिंह ने संपादित की। विवेचना के क्रम में विवेचक ने प्रभावी विवेचना करते हुए आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया था। उपरोक्त मुकदमे में एसपी पलाश बंसल ने प्रभावी पैरवी कराई। लोक अभियोजक मनोज कुमार दीक्षित व रामकुमार सिंह ने न्यायालय में प्रभावी पैरवी की। साथ ही कोर्ट मोहर्रिर आरक्षी राकेश सिंह तोमर, पैरोकार आरक्षी देवीदयाल के प्रयासों से न्यायालय ने अभियुक्त चंद्रभान को 10 वर्ष के कठोर कारावास व पांच हजार 500 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। सजा के बाद अभियुक्त को जेल भेज दिया गया है।

## अभियोजन कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित

**बांदा।** जिलाधिकारी अमित आसेरी की अध्यक्षता में कलेक्टर सभागार में अभियोजन कार्यों की समीक्षा बैठक हुई। बैठक में लंबित प्रकरणों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण, प्रभावी पैरवी, अपराधियों को समयबद्ध सजा दिलाने को संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने, आमजन को त्वरित न्याय दिलाने के लिए अभियोजन कार्यों में निरंतर सुधार पर जोर दिया गया। बैठक में महिला अपराध एवं अन्य अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण किए जाने के लिए वादों में प्रभावी पैरवी करने के संबंध में आयोजन अधिकारियों को निर्देशित किया। बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज, अपर जिलाधिकारी कुमार धर्मेंद्र सहित ज्येष्ठ अभियोजन एवं सहायक अभियोजन अधिकारी उपस्थित रहे।

## यश प्रताप बने किसान मंच के जिलाध्यक्ष

**ललितपुर।** अपना दल (एस) की राष्ट्रीय अध्यक्षा एवं केंद्रीय मंत्री भारत सरकार श्रीमती अनुप्रिया पटेल की अनुमति तथा प्रदेश अध्यक्ष मान जाटव आर. पी. गौतम की प्रबल संस्तुति पर, अपना दल (एस) के जिलाध्यक्ष मनोहर पटेल द्वारा यश प्रताप सिंह को किसान मंच का जिलाध्यक्ष, ललितपुर मनोनीत किया गया है।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष मनोहर पटेल ने कहा कि यश प्रताप सिंह एक कर्मठ एवं जुझारू कार्यकर्ता हैं। उनसे अपेक्षा है कि वे पार्टी की रीति-नीति व निर्देशों का पालन करते हुए जिले में संगठन को मजबूती प्रदान करेंगे तथा किसान हितों की लड़ाई को धार देंगे।

## भरतकुंड सरोवर में डूबकर युवक की मौत, गांव में मातम

अयोध्या। भरतकुंड के पौराणिक सरोवर में बुधवार को बड़ा हादसा हो गया। जजवारा से तीन दोस्तों के साथ नहाने आए 19 वर्षीय विकास की डूबने से मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस और स्थानीय लोगों ने दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद शव को बाहर निकाला।

# बाइक की डिग्गी तोड़कर 5 लाख रुपये उड़ाने के मामले में मुकदमा दर्ज

जिला संवाददाता

**ललितपुर।** शहर में दिनदहाड़े हुई टप्पेबाजी की एक बड़ी वारदात ने पुलिस सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। कोतवाली सदर क्षेत्र के अंतर्गत तुवन मंदिर के पास अज्ञात चोरों ने एक युवक की बाइक की डिग्गी का लॉक तोड़कर उसमें रखे 5 लाख रुपये पार कर दिए। घटना उस समय हुई जब युवक बाइक का पंचर बनवा रहा था। वारदात की सूचना मिलते ही

- बैंक से नगदी निकालकर जा रहे युवक को बनाया निशाना

पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया और मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। अहिल्याबाई कॉलोनी निवासी बृजेश कुमार पुत्र मोहनलाल मंगलवार दोपहर अपने साथी अमित कुमार सैनी के साथ कंपनी बाग स्थित सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया शाखा पहुंचे थे। वहां अमित कुमार के खाते से 5 लाख रुपये नगद निकाले गए। दोनों युवक रकम को बाइक की डिग्गी में रखकर तुवन मंदिर की ओर जा रहे थे। बताया गया है कि दोपहर करीब 4.30 बजे तुवन मंदिर के मुख्य गेट के पास अचानक बाइक का अगला पहिया पंचर हो गया। इसके बाद बृजेश कुमार मंदिर की बाउंड्री के किनारे स्थित एक पंचर दुकान पर बाइक ठीक कराने लगे। पंचर बनवाने के दौरान हाथों में ग्रीस और मिट्टी लगने पर वह दुकान पर ही हाथ धोने लगे। इसी बीच अज्ञात बदमाशों ने मौका पाकर बाइक की डिग्गी का लॉक तोड़ दिया और उसमें रखे 5 लाख रुपये निकालकर फरार हो गए। जब बृजेश हाथ धोकर वापस लौटे तो डिग्गी खुली देखकर उनके होश उड़ गए। अंदर रखी पूरी रकम गायब थी। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली ललितपुर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ एफआईआर संख्या 0590/2026 दर्ज करते हुए बीएनएस की धारा 303(2) के तहत मुकदमा कायम किया है। मामले की जांच उपनिरीक्षक देवराज सिंह को सौंपी गई है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार बैंक परिसर और घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। आशंका जताई जा रही है कि बदमाश बैंक से ही युवकों का पीछा कर रहे थे और मौका मिलते ही वारदात को अंजाम दिया गया।

## बकरीद पर्व को सकुशल संपन्न कराने के लिए प्रशासन सतर्क

अयोध्या। ईद-उल-अजहा (बकरीद) पर्व के दृष्टिगत जनपद में शांति, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. गौरव ग्रोवर द्वारा संयुक्त रूप से फ्लैग मार्च किया गया। फ्लैग मार्च नगर के प्रमुख मार्गों, संवेदनशील क्षेत्रों एवं भीड़भाड़ वाले स्थानों से होकर निकाला गया। इस दौरान अधिकारियों ने आमजन से संवाद करते हुए आपसी सौहार्द एवं भाईचारे के साथ पर्व मनाने की अपील की। साथ ही लोगों को सुरक्षा व्यवस्था के प्रति आश्वस्त करते हुए अफवाहों से बचने एवं किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल प्रशासन को देने का अनुरोध किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद प्रशासन द्वारा पर्व को शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं।

# गौ माता की रक्षा हर सनातनी का कर्तव्य



**फतेहपुर।** सनातन धर्म के वरिष्ठ मार्गदर्शक पीठाधीश्वर शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती की पावन 'गविष्ठ यात्रा' गो-रक्षा यात्रा बुधवार को फतेहपुर जनपद के सुजानपुर ग्राम में भव्य और ऐतिहासिक रूप से पहुँची। यात्रा के आगमन पर पूरा क्षेत्र जय गोमाता एवं सनातन धर्म के नारों से गूँज उठा।स्वागत समारोह का नेतृत्व ग्राम प्रधान व गुलाबी गैंग लोकतांत्रिक की अध्यक्ष हेमलता पटेल (पूर्व विधानसभा प्रत्याशी ने किया। सैकड़ों ग्रामीणों तथा संगठन की महिलाओं ने शंकराचार्य का अभूतपूर्व स्वागत किया। समारोह के दौरान महाराज पर पुष्प वर्षा की गई और स्वागताध्यक्ष हेमलता पटेल ने अपने पति धर्मेंद्र कुमार के साथ उन्हें भगवान शिव की दिव्य प्रतिमा भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया।सुजानपुर के बारात शाला परिसर में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे, जहाँ शंकराचार्य ने गविष्ठ यात्रा के उद्देश्य और गो-रक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला।

उन्होंने कहा कि गोमाता की रक्षा प्रत्येक सनातनी का परम कर्तव्य है। शंकराचार्य के आह्वान पर उपस्थित हजारों श्रद्धालुओं ने एकजुट होकर गौरक्षा का सामूहिक संकल्प लिया।शंकराचार्य ने सुजानपुर विधानसभा में स्वागताध्यक्ष हेमलता पटेल पर भरोसा जताते हुए उन्हें संपूर्ण विधानसभा क्षेत्र में गौरक्षा मिशन की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी। इस जिम्मेदारी के अंतर्गत गौधाम का सर्वसहयोग से निर्माण कराकर गौरक्षा संदेश व संकल्प को जन-जन तक पहुँचाने का कार्य शामिल है।कार्यक्रम के सुचारु प्रबंधन के लिए वरिष्ठ संतों तथा क्षेत्रवासियों ने ग्राम प्रधान हेमलता पटेल की प्रशंसा की। शंकराचार्य ने भी जनहित कार्यों में उनके योगदान की सराहना करते हुए आशीर्वाद दिया। आयोजन स्थल पर श्रद्धालुओं के लिए शरबत, ठंडा पानी और नाश्ते की व्यवस्था की गई थी।इस अवसर पर जिला प्रभारी शिवाकांत तिवारी, उदित अवस्थी, धर्मेंद्र कुमार, मोहित वर्मा, सत्यम, सुमन, रानी, मधु, शनी, संयोगिता, पिंकी, रेखा, सुधा, राजरानी, दाताराम, शिवम, मुकुल, उत्कर्ष सहित गुलाबी गैंग की मातृशक्ति और क्षेत्रीय गणमान्य नागरिक व श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# गेहूं खरीद केंद्र पर बोरों की आपूर्ति और उठान हो : आयुक्त

**बांदा।** भारतीय किसान यूनियन ने गेहूं खरीद संबंधी समस्याओं पर आयुक्त का ध्यान आकृष्ट किया। इस पर आयुक्त ने भारतीय किसान यूनियन के मंडल पदाधिकारियो को आश्वस्त किया कि वह समस्याओं को दूर करेंगें। सभी जनपदों के अनेक खरीद केंद्रों पर बोरे पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध नहीं हैं, जिससे खरीद कार्य प्रभावित हो रहा है। साथ ही गेहूं का समय से उठान न होने के कारण खरीद प्रक्रिया बाधित है। तौल प्रक्रिया में भी अनियमितताओं की शिकायतें प्राप्त हो रही हैं। किसान यूनियन के पदाधिकारियों ने बताया कि बोरे की कमी एवं उठान में विलम्ब के कारण किसानों को कई-कई दिनों तक खरीद केंद्रों पर इंतजार करना पड़ रहा है। इससे उन्हें आर्थिक एवं मानसिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। किसानों ने मांग की कि सभी खरीद केन्द्रों पर पर्याप्त मात्रा में बोरे उपलब्ध कराये जाएं। गेहूं उठान एवं तौल प्रक्रिया को पारदर्शी एवं व्यवस्थित बनाया जाए। आयुक्त अजीत कुमार ने सम्भागीय खाद्य नियंत्रक, उप निबंधक एवं उपायुक्त सहकारिता, प्रबन्धक भारतीय खाद्य निगम, के साथ बैठक कर आवश्यक निर्देश दिये। बैठक में मंडल के समस्त खरीद केंद्रों पर तत्काल प्रभाव से बोरे की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने, समयबद्ध उठान सुनिश्चित करने को निर्देश दिया।

किसानों के साथ किसी भी प्रकार की अनियमितता, शोषण की शिकायत मिलने पर संबंधित अधिकारी, केंद्र प्रभारी के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की बात कही। बैठक में यह भी निर्देश दिये कि मंडल के समस्त जिलाधिकारियों से समन्वय स्थापित कर खरीद कार्य की दैनिक समीक्षा की जाए।

## सुंदरकांड पाठ, हवन और भंडारे के साथ संपन्न हुआ वार्षिक उत्सव

**फतेहपुर।** सिद्ध पीठ दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर पत्थर कता चौराहा में आज चतुर्थ वार्षिक वार्षिकोत्सव के अवसर पर भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें सर्वप्रथम मंदिर में लक्ष्मी नारायण भगवान की पूजा अर्चना के उपरांत सुंदरकांड पाठ हवन आरती एवं गीत संगीत की गई। उसके बाद भंडारे का प्रसाद वितरित किया गया इस मंदिर की स्थापना ब्रह्मलीन माता शीतला देवी एवं ब्रह्मलीन पिता राजनारायण जायसवाल पुत्र ब्रह्मलीन बाबा रामचंद्र जायसवाल द्वारा निर्मित लक्ष्मी नारायण मंदिर चतुर्थ वार्षिक उत्सव समारोह में आए हुए भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया इस मौके पर इस मौके पर अरुण कुमार जायसवाल तरुण कुमार जायसवाल अतुल जायसवाल देशराज यशपाल कमल इंजीनियर राजीव डॉक्टर सिद्धार्थ आरिनी आराध्या अदिति आदित्य राज अधिराज त्रिजल राज वैष्णवी एवं समस्त जायसवाल परिवार विद्या देवी शांति देवी नीलम साकेत गुप्ता एडवोकेट सीमा एवं नीरज जायसवाल बिना एवं दिलीप जायसवाल अक्षत प्रज्ञा अक्षरा राजपति जायसवाल शोभा जयसवाल संध्या रिशू शीलू डॉ श्वेता एवं डॉ संजीव कमलेश सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# मोबाइल विवाद में दबंगों का तांडव

जिला संवाददाता

**ललितपुर।** मोबाइल टूटने के मामूली विवाद ने सुबह हिंसक रूप ले लिया। कोतवाली महरौनी क्षेत्र के ग्राम भैंरा में दबंगों ने एक परिवार के घर में घुसकर लाठी-डंडों से मारपीट कर दी। इतना ही नहीं, जाते समय

- घर में घुसकर परिवार को पीटा, ट्रैक्टर के टायर काटे
- महरौनी के ग्राम भैंरा की घटना, महिला सहित चार नामजद आरोपियों पर मुकदमा दर्ज

आरोपियों ने कुल्हाड़ी से ट्रैक्टर के टायर काटकर भारी नुकसान भी पहुंचाया। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर महिला सहित चार लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

ग्राम भैंरा निवासी प्रीति पत्नी लखन ने थाना महरौनी में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि कुछ समय पूर्व उनके रिश्तेदार सैलू का मोबाइल गलती से टूट गया था, जिसे बाद में ठीक भी करा दिया गया था। बावजूद इसके इसी बात को लेकर आरोपियों ने रंजिश पाल ली। पीड़िता के अनुसार मंगलवार सुबह करीब 6 बजे गांव के विट्टू, उसका बेटा बलराम, बलराम की पत्नी बैजन्ती तथा साडूमल निवासी सैलू लाठी-डंडों से लैस होकर उनके घर पहुंचे। आरोप है कि सभी लोग गाली-गलौज करते हुए जबरन घर में घुस आए और परिवार के लोगों के साथ मारपीट शुरू कर दी।

सुबह-सुबह घर में हुई चीख-पुकार सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए।

लोगों को आता देख आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग निकले। पीड़िता ने आरोप लगाया कि भागते समय आरोपियों ने घर के बाहर खड़े ट्रैक्टर के टायर कुल्हाड़ी से काट दिए, जिससे आर्थिक नुकसान हुआ है।

घटना के बाद सहमा परिवार थाने पहुंचा और पुलिस को पूरी जानकारी दी।

पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए चारों नामजद आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115(2), 324(4), 333, 351(3) और 352 के तहत एफआईआर संख्या 0220/2026 दर्ज कर ली है।

# सरकार के वादे कागजों पर, काटी जा रही गायें: शंकराचार्य



**बांदा।** शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद ने बीते दिवस देर शाम शहर में प्रवेश किया। उनका जगह-जगह सनातनधर्मियों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। मीडिया से बात करते हुए सरकार पर गौ रक्षा के झूठे दावे करने का आरोप लगाया। कहा कि सरकार के वादे केवल कागजों पर हैं, जबकि जमीनी हकीकत में गायों की हत्या और दुर्दशा जारी है। बुधवार सुबह वह बबेरू कस्बा होते हुए फतेहपुर जनपद में प्रवेश कर गए।

शंकराचार्य ने कहा कि गौ रक्षा की यह मुहिम उनके पूर्वजों ने लंबे समय से चलाई है। वह इसका एक हिस्सा हैं। यह मुहिम 3 मई को गोरखपुर से शुरू हुई थी। उत्तर प्रदेश की सभी 403 विधानसभा सीटों से होते हुए लोगों को गौ माता की रक्षा के लिए प्रेरित करेगी। वर्तमान में, वे 118 से अधिक विधानसभाओं का दौरा करते हुए बुंदेलखंड के बांदा पहुंचे हैं। उन्होंने सरकार के गौ रक्षा के दावों पर सवाल उठाते हुए कहा कि यदि सरकार वास्तव में गौ रक्षा कर रही होती, तो उन्हें यह काम करने की आवश्यकता नहीं पड़ती। शंकराचार्य ने कहा कि सरकार दो हजार करोड़ रुपये के बजट और गायों के आराम से रहने का दावा करती है, लेकिन जब मौके पर जाकर देखा जाता है, तो गायें काटी जा रही हैं, मारी जा रही हैं और नोची जा रही हैं। कागजों पर स्थिति आनंदमय दिखती है, लेकिन 118 विधानसभाओं में उन्होंने जो देखा है, वह इसके विपरीत है।

जनपद में प्रवेश करते समय उन्होंने अतर्रा, नरैनी, सदर तहसील की सड़कों पर अन्ना गायों का विचरण करते देखा। सड़क किनारे बने कई गोशालाओं पर नजर गई जो संतोषजनक नहीं है। सनातन धर्म के लिए सरकार के काम करने के सवाल पर शंकराचार्य ने कहा कि कोई भी सरकार सनातन के लिए काम नहीं कर सकती, क्योंकि सरकार धर्मनिरपेक्ष होती है। आरोप लगाया कि जो लोग सनातन के लिए काम करने का दावा करते हैं, वे केवल सनातनियों के वोट हासिल करने और उन्हें धोखा देने के लिए ऐसा करते हैं। यह प्रमाणित हो चुका है कि ऐसे लोग सनातनी भावनाओं को जगाते हैं, वोट लेते हैं और फिर उन्हें भूल जाते हैं। सनातन को मानने वाला व्यक्ति भी अगर सत्ता में आता है, तो वह गाय को पशु कहना जारी रखता है। मौजूदा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि वे 10 सालों से सत्ता में हैं और हिंदुओं ने उन्हें बहुमत दिया है, फिर भी वे गाय को पशु की सूची से हटाकर मां का दर्जा नहीं दे पाए हैं।

## खाटूश्याम की पैदल यात्रा में थिरके भक्त



**बांदा।** शहर के महेश्वरी देवी मंदिर से खाटूश्याम की पैदल यात्रा निकाली गई। बढ़-चढ़ भक्तजन शामिल हुए। कानपुर सहित अन्य क्षेत्रों से आए भक्तों ने बाबा की यात्रा में सहभागिता की। तिंदवारी रोड़ स्थित पीताम्बर माई मंदिर जहां बाबा श्याम खाटूजी विराजमान हैं तक पैदल यात्रा पहुंची। महेश्वरी मंदिर से पैदल यात्रा में श्रद्धालु नृत्य करते हुए पहुंचे। खाटू श्याम मंदिर में निशान चढ़ाया गया। मंदिर के पुजारी राजू चतुर्वेदी व चन्दन मिश्रा ने पूजा अर्चना कराई। बाबा खाटूश्याम मंडल सेवा हर महीने के एकादशी पर यात्रा का आयोजन किया गया। यह यात्रा महेश्वरी देवी मंदिर से सुबह 6.30 बजे चलकर तिंदवारी रोड़ स्थित पीताम्बर जी मंदिर में स्थापित श्री खाटू श्याम मंदिर तक पहुंची। यात्रा का समय लगभग 2 घंटे रहा।

यात्रा का सफर लगभग 8 किलोमीटर रहा। इस मौके पर वीरेंद्र गुप्ता, राकेश गुप्ता, सुवीर तिवारी जीतेंद्र गुप्ता, अमित गुप्ता, पप्पू शिवहरे, संगीता शिवहरे, मनोज, शिव, विजय, मनोज, सीताराम. कुक्कू रहे।

## नेहरू की पुण्यतिथि में कांग्रेसियों ने उन्हें याद कर दी श्रद्धांजलि

**फतेहपुर।** जनपद देश के पूर्व प्रधानमंत्री पं० जवाहर लाल नेहरू की पुण्यतिथि में आज कांग्रेस पदाधिकारियों ने कांग्रेस कार्यालय ज्वालागंज में एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर उनके तैल चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।श्रद्धांजलि सभा में उनको याद करते हुए जिला अध्यक्ष महेश द्विवेदी ने कहा कि आश्चर्य तो तब होता है जब वो लोग पंडित जी की कुंडली खंगालते है जिन्हें अपनी खुद की तीसरी पीढ़ी का पता नहीं जब कि यह देश नेहरू जी का सदैव ऋणी रहेगा क्यों कि उन्होंने भारत को बनाने में अपना सर्वस्त्र न्योछावर कर दिया, ये भारत देश उनके हृदय में बसता था इसमें किंचित संदेह नहीं है। शहर अध्यक्ष आरिफ गुड्डा ने भी नेहरू जी की दूरदर्शिता की प्रशंसा करते हुए कहा कि आज उनके द्वारा बनाये गए अनगिनत संस्थान देश की तरक्की के वाहक हैं साथ ही उनका देश प्रेम पीढ़ी दर पीढ़ी हमारे दिलों में राष्ट्र प्रेम की भावना उत्पन्न करता है,, अर्थात उनके बारे में कुछ कहना सूर्य को रोशनी दिखाना जैसा है। सभा में पूर्व अध्यक्ष पप्पू पाल, इंजी देवी प्रकाश दुबे, आदित्य श्रीवास्तव, राम नरेश महराज, सहाब अली आदि ने भी अपने विचार साझा किए। श्रद्धांजलि सभा में मुख्य रूप से, राजीव लोचन निषाद, ओम प्रकाश कोरी, आरिफ खान, शकीला बानो, अजय बच्चा, कौशल कुमार शुक्ला, अकरम काले, राजीव श्रीवास्तव, अमीरउज्जमा खान, नजमी कमर, इन्द्रजीत लोधी, वकील खान, धर्मेंद्र सिंह, नाजिम राइन आदि लोग उपस्थित रहे।

# सरकारी जमीन पर कब्जे का आरोप

जिला संवाददाता

**ललितपुर।** मोहल्ला तालाबपुरा में सरकारी जमीन और निजी आवासीय प्लॉट पर कथित अवैध कब्जे का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। पीड़ित परिवार ने कुछ दबंगों और भूमाफियाओं पर सिंचाई विभाग की सरकारी भूमि तथा निजी प्लॉट पर कब्जा करने का आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र भेजकर निष्पक्ष जांच और कठोर कार्रवाई की मांग की है। साथ ही विरोध करने पर परिवार के खिलाफ झूठा मुकदमा दर्ज कराने का भी आरोप लगाया गया है।

तालाबपुरा निवासी सौरभ जैन पुत्र कोमलचन्द जैन द्वारा मुख्यमंत्री को भेजे गए शिकायती पत्र में बताया गया है कि उनकी मां मीना जैन के नाम पर आराजी संख्या 3147 में स्थित एक आवासीय प्लॉट वर्ष 2007 में खरीदा गया था। उक्त प्लॉट पर उनकी मां का वैधानिक स्वामित्व है। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि कुछ दबंग लोगों द्वारा संगठित रूप से उनके प्लॉट पर कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है। साथ ही

- विरोध करने पर परिवार पर दर्ज कराया मुकदमा

आरोप है कि इन लोगों ने पास स्थित सिंचाई विभाग की करीब 1100 वर्गफीट सरकारी भूमि पर भी अवैध कब्जा कर रखा है। पीडित का कहना है कि जब उनके परिवार ने इस कथित कब्जे का विरोध किया और प्रशासनिक अधिकारियों से शिकायत की, तब सिंचाई विभाग की टीम ने मौके पर जांच भी की थी। शिकायतकर्ता के अनुसार जांच में कब्जा अवैध पाया गया, लेकिन इसके बावजूद अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई। पीड़ित परिवार ने आरोप लगाया कि शिकायत करने से नाराज होकर विपक्षी पक्ष ने रंजिशन उनके खिलाफ कोतवाली ललितपुर में मुकदमा अपराध संख्या 501/2026 दर्ज करा दिया। यह मुकदमा बीएनएस की विभिन्न धाराओं के तहत पंजीकृत किया गया है। शिकायतकर्ता का कहना है कि यह कार्रवाई उन्हें दबाव में लेने और शिकायत वापस कराने के उद्देश्य से की गई है। मुख्यमंत्री को भेजे गए पत्र में सौरभ जैन ने मांग की है कि दर्ज मुकदमे की किसी उच्च स्तरीय एजेंसी से निष्पक्ष जांच कराई जाए तथा सिंचाई विभाग की सरकारी भूमि को अवैध कब्जे से मुक्त कराया जाए। साथ ही आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने की भी मांग की गई है।

## साइबर क्राइम सेल ने ऑनलाइन ठगी के 86 हजार रुपये वापस कर दिलायी राहत

जिला संवाददाता

**ललितपुर।** साइबर क्राइम सेल पुलिस ने ऑनलाइन ठगी का शिकार हुई एक पीड़िता की पूरी धनराशि वापस कराकर सराहनीय कार्य किया है। पुलिस की त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई से पीड़िता के चेहरे पर फिर मुस्कान लौट आई। एसपी मो. मुश्ताक के निर्देशन तथा अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन एवं पुलिस महानिरीक्षक झांसी परिक्षेत्र के मार्गदर्शन में साइबर अपराधों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत यह सफलता हासिल की गई। जिला चिकित्सालय निवासी वर्षा विलयम्स पुत्री ई.आर. विलियम्स के साथ ऑनलाइन माध्यम से 86,109 की वित्तीय धोखाधड़ी हुई थी। इस संबंध में पीड़िता द्वारा एनसीआरपी पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई गई थी। शिकायत प्राप्त होने के बाद साइबर क्राइम सेल पुलिस ने पीड़िता के बैंक स्टेटमेंट एवं अन्य दस्तावेजों का तकनीकी विश्लेषण किया। इसके बाद विभिन्न वित्तीय एजेंसियों, बैंकों एवं वॉलेट कंपनियों से संपर्क कर संबंधित खातों को होल्ड कराया गया।

पुलिस की सक्रिय कार्रवाई के चलते ठगी गई पूरी 86,109 की धनराशि नियमानुसार पीड़िता के खाते में वापस करा दी गई। धनराशि वापस मिलने पर पीड़िता ने एसपी एवं साइबर क्राइम सेल की प्रशंसा करते हुए आभार व्यक्त किया। इस कार्रवाई में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली अनुराग अवस्थी, साइबर क्राइम सेल के कांस्टेबल लोकेन्द्र सिंह एवं संदीप की विशेष भूमिका रही।

## स्वागतद्वार और लाइब्रेरी का शुभारंभ



**बांदा।** करीब दो लाख से लागत से बने स्वागत द्वार का उद्घाटन प्रधान के पिता ने फीता काटकर किया। प्रदेश सरकार द्वारा प्रत्येक गांव के प्रमुख मार्ग पर स्वागत गेट लगाए जाने के निर्देश पर विकासखंड बबेरू की ग्राम पंचायत कायल में करीब एक लाख 90 हजार रुपए की लागत का स्वागत गेट बनाया गया है। जिसका उद्घाटन ग्राम प्रधान सुनीता देवी व सचिव पूजा सिंह ने फीता काटकर किया। प्रदेश सरकार ने बच्चों के पढ़ने के लिए उच्च शिक्षा ग्रहण करने के लिए लाइब्रेरी बनाए जाने का निर्देश दिया जिस पर पंचायत भवन में ग्राम पंचायत इसे खोला है। जिलाधिकारी के निर्देश पर कालिंग सेंटर खोला गया है। साथ उनके बैठने के लिए उचित व्यवस्था है।

# कांग्रेस कार्यालय में मनायी गयी पं.जवाहर लाल नेहरू की पुण्यतिथि



**ललितपुर।** देश के प्रथम प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न पं.जवाहर लाल नेहरू की पुण्यतिथि बुधवार को जिला कांग्रेस कार्यालय में श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने नेहरू जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस दौरान दो मिनट का मौन रखकर उनके महान योगदान

- लोकतंत्र और भाईचारे को मजबूत करने का लिया संकल्प

को याद किया गया। आयोजित गोष्ठी में वक्ताओं ने कहा कि पं.जवाहर लाल नेहरू आधुनिक भारत के निमार्ता थे। उन्होंने देश को लोकतंत्र, धर्मनिरपेक्षता और वैज्ञानिक सोच की मजबूत नींव प्रदान की। उनके नेतृत्व में भारत ने शिक्षा, उद्योग, कृषि एवं विज्ञान के क्षेत्र में नई उपलब्धियां हासिल कीं। उन्होंने कहा कि नेहरूजी ने बड़े-बड़े बांध, सार्वजनिक उद्योग, आईआईटी, वैज्ञानिक संस्थान और शिक्षा केन्द्र स्थापित कर देश को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में ऐतिहासिक कार्य किए। उनका सम्पूर्ण जीवन देश की एकता, अखंडता तथा गरीब, किसान, मजदूर और युवाओं के उत्थान के लिए समर्पित रहा। उनका सपना था कि भारत शिक्षा, विज्ञान और भाईचारे के मार्ग पर आगे बढ़े तथा विश्व में एक मजबूत राष्ट्र के रूप में अपनी पहचान बनाए। उन्होंने आगे कहा कि वर्तमान समय में देश को पं.नेहरू के विचारों और आदर्शों को अपनाने की आवश्यकता है। लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए उनके सिद्धांत आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं। कांग्रेस कार्यकताओं ने संकल्प लिया कि वह नेहरूजी के बताए मार्ग पर चलकर समाज में प्रेम, सद्भाव और भाईचारे को मजबूत करेंगे। संचालन पूर्व जिला अध्यक्ष राकेश रजक ने किया। इस दौरान रामनरेश दुबे, रफीक अली, कुलदीप पाठक (एनएसयूआई), असलम खान, हीरालाल सेन, चीकू पठान, सीताराम राय, रामवरन राजपूत, वीरन सिंह सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# धूमधाम से मनायी गयी ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के संस्थापक बाबू बालेश्वर लाल की पुण्यतिथि

जिला संवाददाता



**महोबा।** ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के संस्थापक स्वर्गीय बाबू बालेश्वर लाल की पुण्यतिथि के अवसर पर जनपद मुख्यालय स्थित टूरिस्ट बंगला के सभागार में भव्य श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मंचासीन अतिथियों द्वारा बाबू बालेश्वर लाल के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के संस्थापक बाबू बालेश्वर लाल के संघर्षपूर्ण जीवन एवं पत्रकारिता में उनके योगदान पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान महंत देवी चरण शुक्ला, रेडक्रॉस सोसाइटी जनपद महोबा के चेयरमैन तथा वरिष्ठ पत्रकार डॉक्टर अभिषेक सक्सेना, भगवानदीन यादव, कैलाश तिवारी, अभिषेक द्विवेदी, विराग पचौरी, जयप्रकाश द्विवेदी, जमाल अहमद कादरी, संतोष पटेरिया, वहीद अहमद, पंकज गुप्ता सहित कई वरिष्ठ पत्रकारों एवं समाजसेवियों को जिलाध्यक्ष देवेंद्र अरजरिया द्वारा मां चंडिका देवी का चित्र एवं अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। वहीं पत्रकार राजू पटैरिया, कृष्णकांत उर्फ मोनू तिवारी, राकेश पटेरिया, इफ्तखार अली, सलमान खान एवं इकलाख अहमद को पत्रकारिता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य हेतु प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष देवेंद्र अरजरिया ने सभी अतिथियों एवं पत्रकार साथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सभी के सहयोग से आयोजन को गरिमामयी स्वरूप प्राप्त हुआ। कार्यक्रम का संचालन जिला संरक्षक एवं मान्यता प्राप्त पत्रकार बी डी बंसल तथा जिला महामंत्री अनिल बाबू सेन ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर तहसील अध्यक्ष इफ्तिखार अली, तहसील उपाध्यक्ष हनुमान शुक्ला, फैजान अली, नम्रता सोनी, कहकसां राजपूत, सलमान, ओमप्रकाश यादव, शान मोहम्मद, अरविंद अनुरागी, मुजीब खान, शहंशाह अहमद, अरबाज हाशमी सहित अनेक पत्रकार उपस्थित रहे।

## जॉइनिंग नहीं मिलने से अभ्यर्थी ने डीएम से लगायी गुहार

**ललितपुर।** जाखलौन क्षेत्र के एक युवक ने केन्द्रीय विद्यालय में जूनियर योग शिक्षक पद पर चयनित होने के बावजूद जॉइनिंग न दिए जाने का आरोप लगाते हुए जिला अधिकारी से न्याय की गुहार लगाई है। पीड़ित अभ्यर्थी ने डीएम को शिकायती पत्र सौंपकर पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराए जाने और नियुक्ति दिलाने की मांग की है। ग्राम कपासी, पोस्ट पिपरई निवासी अमर सिंह पुत्र शंकर ने जिला अधिकारी को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि

- विद्यालय प्रशासन पर टालमटोली करने का आरोप

केन्द्रीय विद्यालय में जूनियर योग शिक्षक पद के लिए आयोजित साक्षात्कार में उन्होंने भाग लिया था। उनका कहना है कि चयन प्रक्रिया पूरी होने के बाद उन्हें इस पद के लिए चयनित कर लिया गया था और इससे संबंधित प्रमाण भी उनके पास मौजूद हैं। पीड़ित अभ्यर्थी के अनुसार चयन की सूचना मिलने के बाद वह जॉइनिंग के लिए विद्यालय पहुंचे, लेकिन विद्यालय प्रशासन द्वारा उन्हें नियुक्ति नहीं दी गई। शिकायती पत्र में अमर सिंह ने अपने चयन से संबंधित दस्तावेज और प्रमाण उपलब्ध होने का भी दावा किया है। मामले को लेकर स्थानीय स्तर पर चचाओं का दौर जारी है। इस मामले को जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने स्वयं सुना और तत्काल संबंधित अधिकारी से जांच कर कार्यवाही के निर्देश दिये।

संक्षेप

## एमजी मैजिस्टर का 4X2 ऑटोमैटिक टॉप ट्रिम 40.99 लाख में लॉन्च

नई दिल्ली। जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने आज एमजी मैजिस्टर लॉन्च की जो भारत की पहली डी प्लस एसयूवी है। भारत की पहली डी+ एसयूवी के रूप में पेश की गई मैजेस्टर उन ग्राहकों के लिए तैयार की गई है, जो अपनी अगली एसयूवी में दमदार रोड प्रेजेंस, एडवांस्ड इंजीनियरिंग और बेहतरीन ऑल-टेरेन क्षमता चाहते हैं। एमजी मैजिस्टर 4X2 ऑटोमैटिक टॉप ट्रिम की कीमत 40.99(एक्स-शोरूम कीमत) लाख रखी गई है। एमजी मैजिस्टर 4ग्4 ऑटोमैटिक टॉप ट्रिम की कीमत 44.99 (एक्स-शोरूमकीमत)लाख रखी गई है।एमजी मेजस्टर हमारे पोर्टफोलियो में एक दमदार एसयूवी है।यह भारत की पहली डी प्लस एसयूवी है, जो ताकत, आराम, आधुनिक तकनीक और भरोसेमंदी का बेहतरीन मिश्रण देती है। अपने सबसे बड़े आकार, ऑफ-रोड दमखम और कई सेगमेंट-पहली सुविधाओं के साथ मैजिस्टर नए मानदंड स्थापित करती है।

## ट्रांसपोर्ट कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया ने वित्तीय परिणाम घोषित किये

नयी दिल्ली। ट्रांसपोर्ट कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड ने 31 मार्च 2026 को समाप्त चौथी तिमाही एवं वित्तीय वर्ष के अपने वित्तीय परिणामों की घोषणा की। वित्त वर्ष 2026 की चौथी तिमाही में गतिशील व्यावसायिक वातावरण में स्थिर प्रदर्शन और अनुशासित संचालन का प्रदर्शन किया है।साथ ही विविधीकृत पोर्टफोलियो, एकीकृत मल्टीमॉडल क्षमताओं और ग्राहक-केंद्रित दृष्टिकोण ने बाजार में हमारी स्थिति को और मजबूत किया है। टीसीआई ने वेयरहाउसिंग, मल्टीमॉडल मूवमेंट और सेक्टर-विशिष्ट लॉजिस्टिक्स समाधानों में सकारात्मक वृद्धि देखने को मिली। जिसमें हमारी 3पीएल, कोल्ड चेन और वेयरहाउसिंग सेवाएँ एफएमसीजी, उपभोक्ता टिकाऊ वस्तुएं, नवीकरणीय ऊर्जा, ई-कॉमर्स और क्विक कॉमर्स के ग्राहकों को सेवा प्रदान करती हैं। रेल, सड़क और तटीय शिपिंग में निरंतर निवेश–जैसे वेयरहाउस, हब, ट्रक और रेल कार कैरियर्स–हमारी दीर्घकालिक क्षमताओं को और मजबूत बना रहे हैं। साथ ही, हरित लॉजिस्टिक्स को बढ़ावा देने हेतु ईवी ट्रकों की संभावनाओं पर भी कार्य किया जा रहा है।

## सैमसंग ने 2026 विजन एआई टीवी लाइनअप पेश किया

नयी दिल्ली। सैमसंग इंडिया ने आज अपने पूरे 2026 विजन एआई टीवी लाइनअप के लॉन्च की घोषणा की, जिसमें माइक्रो आरजीबी, ओएलईडी, नियो क्यूएलईडी, द फ्रेम, मिनी एलईडी और यूएचडी टीवी शामिल हैं। इस लॉन्च के साथ सैमसंग अपने सभी मॉडलों में एआई-पावर्ड फीचर्स का विस्तार कर रहा है, जिससे भारत में ज्यादा उपभोक्ताओं को बेहतर तस्वीर, बेहतर साउंड और ज्यादा पर्सनलाइज्ड देखने का अनुभव मिलेगा। सैमसंग लगातार 20 वर्षों से दुनिया का नंबर 1 टीवी ब्रांड बना हुआ है सैमसंग के 4के और उससे ऊपर के टीवी लाइनअप में विजन एआई कंपेनियन (वीएसी) फीचर्स का यह विस्तार इस बात को दिखाता है कि कंपनी टीवी अनुभव में एआई को केंद्र में रखने पर जोर दे रही है। इसके जरिए एआई-पावर्ड देखने का अनुभव अब ज्यादा कैटेगरी, अलग-अलग स्क्रीन साइज और उपभोक्ताओं की जरूरतों तक पहुंच रहा है।

## अर्जेंटीना ने निकोटीन पर नया वैश्विक दृष्टिकोण अपनाया

नयी दिल्ली। अर्जेंटीना में एक बड़े नीतिगत बदलाव के साथ ई-सिगरेट और हीटेड टोबैको प्रोडक्ट्स पर लगाया गया प्रतिबंध अप्रैल-मई, 2026 से हटा लिया गया है। इसके साथ ही अर्जेंटीना उन बढ़ते हुए देशों की सूची में शामिल हो गया है, जो प्रतिबंध की बजाय स्मार्ट और प्रमाण पर आधारित रैगुलेशन को अपना रहे हैं। भारत में तम्बाकू नियंत्रण के ढांचे पर अभी भी विचार चल रहा है, लेकिन इस नए परिवर्तन को नजरंदाज करना मुश्किल है।अर्जेंटीना का यह फैसला चौंकाने वाला है। यहाँ पर 15 सालों से निकोटीन प्रोडक्ट्स के उपयोग पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा हुआ था, जिसके बाद ब्यूनस आयर्स ने इस कड़वी सच्चाई को स्वीकार किया कि प्रतिबंध से इन प्रोडक्ट्स के इस्तेमाल में कोई कमी नहीं आई।जिसका नतीजा यह हुआ कि न तो इन प्रोडक्ट्स पर कोई क्वालिटी कंट्रोल रह गया, न ही इन्हें बेचने के लिए उम्र का वैरिफिकेशन किया जाता था और न ही इसे ट्रेस करने की कोई व्यवस्था थी। इसलिए इन प्रोडक्ट्स का कालाबाजार फलने-फूलने लगा। अब सरकार ने प्रतिबंध की जगह एक व्यापक रैगुलेटरी ढांचा अपनाया है।

# सेंसेक्स में 142 अंकों की गिरावट




मुंबई। उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में बीएसई सेंसेक्स बुधवार को लगातार दूसरे दिन 142 अंक टूट गया जबकि एनएसई निफ्टी में मामूली छह अंक की गिरावट रही। पश्चिम एशिया में जारी अनिश्चितता के बीच निवेशकों के सतर्क रुख और विदेशी संस्थागत निवेशकों की ताजा पूंजी निकासी से बाजार नुकसान में रहा।

बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 141.90 अंक यानी 0.19 प्रतिशत टूटकर 75,867.80 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स ऊंचे में 76,224.68 अंक तक गया और नीचे में 75,748.21 अंक तक आया। सेंसेक्स में शामिल 20 शेयर बढ़त में रहे, जबकि 10 में गिरावट रही। वहीं, एनएसई का 50 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक निफ्टी 6.55 अंक यानी 0.03 प्रतिशत की मामूली गिरावट के साथ 23,907.15 अंक पर रहा। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में से एचडीएफसी बैंक, इन्फोसिस, आईटीसी, हिंदुस्तान यूनिलीवर, रिलायंस इंडस्ट्रीज और आईसीआईसीआई बैंक के शेयरों में प्रमुख रूप से गिरावट रही। दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाले शेयरों में पावर ग्रिड, इटर्नल, एनटीपीसी और टाटा स्टील शामिल हैं। अमेरिका-ईरान के बीच शांति समझौते को लेकर बनी अनिश्चितता और कच्चे तेल की ऊंची कीमतों से निवेशक धारणा सतर्क रही। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 3.24 प्रतिशत टूटकर 96.35 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। व्यापक बाजार में छोटी कंपनियों का बीएसई स्मालकैप सूचकांक 0.29 प्रतिशत की गिरावट पर रहा जबकि मझोली कंपनियों के मिडकैप सूचकांक में 0.52 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई। क्षेत्रवार सूचकांकों में शीर्ष 10 बैंक सूचकांक 0.90 प्रतिशत गिर गया जबकि निजी बैंक सूचकांक में 0.83 प्रतिशत और वित्तीय सेवा खंड में 0.64 प्रतिशत की गिरावट रही। वहीं पूंजीगत उत्पाद खंड में 3.21 प्रतिशत और उपयोगिता खंड में 2.39 प्रतिशत की तेजी रही। पश्चिम एशिया में व्याप्त अनिश्चितता के बीच निवेशकों के प्रतीक्षा करो और देखो की नीति अपनाने के कारण भारतीय शेयर बाजार में काफी हद तक नरमी रही। हालांकि, अमेरिका और ईरान के बीच निरंतर राजनयिक बातचीत के संकेतों ने बाजार धारणा को स्थिर करने और आक्रामक बिकवाली के दबाव को सीमित करने में मदद की। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने मंगलवार को 2,407.87 करोड़ रुपये के शेयर बेचे। सेंसेक्स मंगलवार को 479.26 अंक टूटकर 76,009.70 अंक पर और निफ्टी 118 अंक गिरकर 23,913.70 अंक पर बंद हुआ था।

# सोना 1100 रुपये गिरकर 1.61 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर, चांदी भी टूटी

नयी दिल्ली। कमजोर वैश्विक रुझानों के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बुधवार को सोने की कीमतें 1100 रुपये गिरकर 1.61 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम रह गईं।

विश्लेषकों के मुताबिक, अमेरिका-ईरान के बीच जारी तनाव और सुरक्षित निवेश के रूप में डॉलर की बढ़ती मांग के कारण निवेशकों ने सोने को लेकर सतर्क रुख अपनाया।

अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने कहा कि 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 1100 रुपये घटकर 161,300 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी टैक्स मिलाकर) रह गई। मंगलवार को बाजार बंद होने के समय इसकी कीमत 162,400 रुपये प्रति 10 ग्राम थी। चांदी भी 3,300 रुपये टूटकर 2,69,700 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी टैक्स मिलाकर) रह गई। पिछले सत्र में चांदी 2,73,000 रुपये प्रति



किलोग्राम पर बंद हुई थी। बुधवार को सोने की कीमतों में गिरावट जारी रही, क्योंकि अमेरिका-ईरान वार्ता को लेकर बनी अनिश्चितता के कारण कीमती धातुओं पर दबाव बना रहा। निकट भविष्य में किसी समझौते की उम्मीदें कम होने से ऊर्जा की कीमतों में बढ़ोतरी और वैश्विक व्यापार प्रवाह में संभावित रुकावटों को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं। इससे यह डर पैदा हो गया है कि महंगाई लंबे समय तक ऊंचे स्तर पर बनी रह सकती है। लगातार ऊंची महंगाई रहने की आशंका से यह उम्मीद मजबूत हुई है कि फेडरल रिजर्व लंबे समय तक अपनी सख्त मौद्रिक नीति जारी रख सकता है। यह सोने और चांदी जैसी कीमती धातुओं के लिए एक नकारात्मक कारक है। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में, हाजिर सोना 1.03 प्रतिशत गिरकर 4,461.02 डॉलर प्रति औंस रह गया, जबकि चांदी भी लगभग तीन प्रतिशत गिरकर 74.96 डॉलर प्रति औंस रह गई। हाजिर सोना 4,500 डॉलर प्रति औंस से नीचे कारोबार कर रहा है, जबकि चांदी दो प्रतिशत से ज्यादा टूटकर 75 डॉलर से नीचे आ गई है। दक्षिणी ईरान में अमेरिका के नए हमलों के बाद सुरक्षित निवेश विकल्प के रूप में डॉलर की मांग बढ़ने से डॉलर मजबूत हुआ है। यही कारण है कि मंगलवार को हुई गिरावट आज भी जारी रही।

## वैट में कमी की मांग, राजस्थान के पेट्रोल पंप संचालकों की एक जून से अनिश्चितकालीन हड़ताल की चेतावनी

जयपुर। राजस्थान पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन ने चेतावनी दी है कि यदि राज्य सरकार ने ईंधन मूल्य निर्धारण, आपूर्ति की कमी और डीलरों पर की जा रही प्रशासनिक कार्वाई से जुड़े उनके मुद्दों का समाधान नहीं किया, तो एक जून से राज्यभर में पेट्रोल पंप संचालक अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे।

एसोसिएशन की प्रमुख मांगों में मूल्य वर्धित कर में कमी भी शामिल है। मंगलवार को एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को पत्र लिखकर तत्काल हस्तक्षेप और एक जून से पहले बैठक की मांग की। एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह भाटी ने आरोप लगाया कि बार-बार पत्र और ईमेल भेजने के बावजूद प्रमुख सचिव स्तर पर कोई बैठक नहीं हुई। उन्होंने कहा कि सबसे बड़ी समस्या पेट्रोल और डीजल की आपूर्ति बाधित होना है। राज्य में कई पेट्रोल पंप रोजाना सूखे पड़े रहते हैं। एसोसिएशन के अनुसार, पेट्रोलियम कंपनियों ने मौखिक निर्देशों, व्हॉट्सएप संदेशों और मोबाइल संचार के जरिये ईंधन आपूर्ति पर सीमा तय कर दी है। डीलरों ने आरोप लगाया कि निर्धारित सीमा से अधिक ईंधन देने वाले पंप संचालकों पर बिक्री निलंबन और नोटिस जारी करने जैसी कार्रवाई की जा रही है, जिससे उपभोक्ताओं में भ्रम और पेट्रोल पंप पर भीड़ बढ़ रही है।

## आईटीआर-2 दाखिल करने की ऑनलाइन सुविधा शुरू

नयी दिल्ली। आयकर विभाग ने आकलन वर्ष 2026-27 के लिए आयकर रिटर्न-2 को ऑनलाइन दाखिल करने की सुविधा शुरू कर दी है। अब करदाता ई-फाइलिंग पोर्टल पर जाकर आईटीआर-2 ऑनलाइन भर सकते हैं। विभाग ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर जानकारी देते हुए कहा कि आकलन वर्ष 2026-27 के लिए आयकर रिटर्न-दो को ऑनलाइन दाखिल करने और एक्सेल सुविधा दोनों उपलब्ध करा दी गई हैं।

आईटीआर-2 उन व्यक्तिगत करदाताओं और हिंदू अविभाजित परिवारों (एचयूएफ) द्वारा भरा जाता है, जिनकी आय व्यवसाय या पेशे से नहीं होती, लेकिन उन्हें पूंजीगत लाभ से प्राप्ति होती है। इससे पहले 15 मई को विभाग ने आईटीआर-। और आईटीआर-4 को ऑनलाइन दाखिल करने की सुविधा शुरू की थी, जिनका इस्तेमाल छोटे और मझोले करदाता करते हैं। वित्त वर्ष 2025-26 की आय के लिए आयकर रिटर्न फॉर्म 30 मार्च को अधिसूचित किए गए थे। अब ऑनलाइन और एक्सेल सुविधा उपलब्ध होने से करदाता रिटर्न दाखिल करना शुरू कर सकते हैं। व्यक्तिगत करदाताओं के लिए आईटीआर-। और आईटीआर-2 दाखिल करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई, 2026 तय की गई है।

## बैंक ऑफ बड़ौदा कर रहा है बॉब इ पे पर बायोमैट्रिक भुगतान

लखनऊ। बैंक ऑफ बड़ौदा ने आज अपने यूपीआई भुगतान ऐप, बॉब इ पे पर तीन नई सुविधाएं - भुगतान के लिए मोबाइल ओएस-नेटिव बायोमैट्रिक ऑथेंटिकेशन, यूपीआई पिन सेट/रीसेट करने के लिए यूआईडीएआई-आधारित फेस ऑथेंटिकेशन तथा इंटरनेट ऑफ थिंग्स - आधारित भुगतान की पेशकश करने की घोषणा की। बॉब इ पे एक यूनिवर्सल यूपीआई ऐप है जो सभी बैंकों के ग्राहकों के लिए उपलब्ध है। आज के समय में ग्राहक बाधा रहित, सहज एवं सुरक्षित डिजिटल भुगतान की अपेक्षा रखते हैं। बॉब इ पे पर इन नई सुविधाओं की पेशकश के साथ, हम सुरक्षा को सुदृढ़ करते हुए उपयोगकर्ता अनुभव को सरल तथा बेहतर बना रहे हैं।

## अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया दो पैसे की मामूली तेजी के साथ 95.68 पर

मुंबई। रुपया बुधवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 2 पैसे की मामूली तेजी के साथ 95.68 (अस्थायी) पर रहा। अमेरिका और ईरान के बीच फिर से बढ़े तनाव और बातचीत में हो रही देरी के कारण निवेशकों ने सतर्क रुख अपनाया। विदेशीमुद्रा कारोबारियों ने बताया कि अमेरिकी मुद्रा की मजबूती और घरेलू बाजारों में कमजोर रुख ने भी रुपये पर दबाव डाला।

अब सबका ध्यान तीन से पांच जून के बीच होने वाली रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति की आगामी बैठक पर है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में, रुपया अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 95.60 पर खुला, और कारोबार के दौरान अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 95.79 के निचले पर आ गया। अंत में, रुपया 95.68 (अस्थायी) पर रहा, जो इसके पिछले बंद भाव से दो पैसे कम है। रुपया मंगलवार को 44 पैसे कमजोर होकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 95.70 पर बंद हुआ था। हमारा अनुमान है कि अमेरिका और ईरान के बीच फिर से बढ़े तनाव और पश्चिम एशिया में सैन्य कार्रवाई की चिंताओं के कारण रुपया नकारात्मक रुख के साथ कारोबार करेगा। हालांकि, कच्चे तेल की कीमतों में नरमी निचले स्तरों पर रुपये को सहारा दे सकती है। डॉलर-रुपया हाजिर कीमत 95.50 से 96.10 की दायरे में कारोबार करने का अनुमान है।

# विमान ईंधन की ऊंची कीमतों की वजह से घरेलू उड़ानों में 22 प्रतिशत की कटौती करेगी एयर इंडिया

नयी दिल्ली। एयरलाइन कंपनी एयर इंडिया ने विमान ईंधन (एविएशन टर्बाइन फ्यूल) की ऊंची कीमतों की वजह से बढ़ती परिचालन लागत के चलते अपनी घरेलू उड़ानों में अस्थायी रूप से 22 प्रतिशत तक कटौती करने का फैसला किया है। सूत्रों ने यह जानकारी दी।



कटौती का यह निर्णय टाटा समूह के स्वामित्व वाली एयरलाइन ने हवाई क्षेत्र संबंधी प्रतिबंधों और विमान ईंधन की बढ़ती कीमतों के कारण अंतरराष्ट्रीय उड़ानों में 27 प्रतिशत की कमी की घोषणा के दो सप्ताह बाद लिया है। विमान ईंधन की बढ़ती कीमतों के कारण विदेशी क्षेत्रों के लिए परिचालन लागत बढ़ गई है। एयर इंडिया हर सप्ताह लगभग 4,400 उड़ानों का परिचालन करती है, जिनमें करीब 3,600 घरेलू और 800 अंतरराष्ट्रीय सेवाएं शामिल हैं। कंपनी ने बुधवार को जारी बयान में कहा कि जून से अगस्त, 2026 के बीच चुनिंदा अंतरराष्ट्रीय सेवाओं में पहले घोषित बदलावों के साथ-साथ कुछ घरेलू मार्गों पर भी अस्थायी रूप से उड़ानों की संख्या घटाई गई है। सूत्रों के अनुसार, घरेलू उड़ानों में 20-22 प्रतिशत की कमी आएगी। करीब 3,600 साप्ताहिक घरेलू उड़ानों के आधार पर 22 प्रतिशत की कटौती से प्रति सप्ताह 790 से ज्यादा सेवाओं की कटौती होगी। एयर इंडिया के अनुसार, यह फैसला लगातार ऊंची ईंधन कीमतों के कारण परिचालन पर पड़ रहे दबाव को देखते हुए लिया गया है। कंपनी ने कहा कि मांग और परिचालन स्थितियों की लगातार समीक्षा की जाएगी और परिस्थितियां सामान्य होने पर उड़ानों की संख्या फिर बढ़ाई जा सकती है। एयरलाइन ने यह भी कहा कि जिन यात्रियों की उड़ानें प्रभावित होंगी उन्हें वैकल्पिक उड़ानों में समायोजन, बिना अतिरिक्त शुल्क तारीख बदलने की सुविधा या टिकट का पूरा पैसा वापस किया जाएगा। एयर इंडिया ने 13 मई को जून से अगस्त, 2026 के बीच चुनिंदा अंतरराष्ट्रीय सेवाओं में कमी करने की घोषणा की थी। एयरलाइन लगभग 100 विदेशी उड़ानों में कटौती करेगी और दिल्ली-शिकॉगो सहित सात मार्गों पर सेवाओं को अस्थायी रूप से निलंबित कर देगी, जिससे इसकी अंतरराष्ट्रीय क्षमता में 27 प्रतिशत तक की कमी आएगी।

# गेहूं उत्पादन 2025-26 सत्र में 2.29 प्रतिशत बढ़कर 12.06 करोड़ टन रहने का अनुमान

नयी दिल्ली। देश में बेमौसम बारिश एवं ओलावृष्टि के कारण हुए नुकसान के बावजूद गेहूं का उत्पादन फसल सत्र 2025-26 के दौरान 2.29 प्रतिशत बढ़कर 12.06 करोड़ टन रहने का अनुमान है। बुधवार को जारी सरकारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। यह अनुमान कृषि मंत्रालय के 2025-26 के मानसून की शुरुआत में लगाए गए 12.02 करोड़ टन उत्पादन के अनुमान के अनुरूप है। यह फसल सत्र 2024-25 में दर्ज 11.79 करोड़ टन गेहूं उत्पादन से अधिक है।

कृषि मंत्रालय ने जुलाई 2025-जून 2026 सत्र के लिए प्रमुख कृषि फसलों का तीसरा अनुमान जारी करते हुए कहा कि गेहूं का उत्पादन 12.06 करोड़ टन होने का अनुमान



है, जो एक साल पहले की तुलना में 27.12 लाख टन अधिक है। मंत्रालय का लगातार यह रुख रहा है कि बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि से स्थानीय स्तर पर हुए नुकसान के बावजूद देश का गेहूं उत्पादन स्थिर तथा मजबूत बना हुआ है। मंत्रालय का अनुमान है कि 2025-26 के लिए कुल खाद्यान्न उत्पादन बढ़कर 37.65 करोड़ टन रह सकता है जबकि एक साल पहले यह 35.77 करोड़ टन रहा था।

पेज एक का शेष

## भीषण गर्मी

संवेदनशीलता और करुणा के साथ एक-दूसरे का ध्यान रखें। प्रधानमंत्री ने कहा अत्यधिक गर्मी से होने वाली परेशानी, जैसे चक्कर आना, मतली या ज्यादा थकान लगे तो उसे बिल्कुल भी नजरअंदाज न करें। यदि आपके आसपास किसी व्यक्ति को अचानक बेहोशी जैसा लगे, वह कमजोरी महसूस करे या फिर अस्वस्थ दिखाई दे, तो उसे तुरंत किसी ठंडी और छायादार जगह पर ले जाएं। उसे पानी, ओआरएस या अन्य तरल पदार्थ दें, जिससे शरीर को राहत मिल सके।

## जेवर एयरपोर्ट

अनुकूल व्यवस्था का महत्वपूर्ण आधार बताते हुए कहा कि भवन स्वीकृति संबंधी प्रक्रियाओं को और अधिक सरल, पारदर्शी तथा समयबद्ध बनाया जाए। मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की समीक्षा करते हुए कहा कि ग्रामीण स्तर पर योजनाओं के प्रभावी संचालन के लिए पर्याप्त मानव संसाधन उपलब्ध कराया जाए। बैठक में बताया गया कि राज्य स्तर पर 136 रिक्त पदों में से 40 पदों पर चयन प्रक्रिया पूरी हो चुकी है तथा शेष 96 पदों के लिए विज्ञापन जारी किया गया है। जिला एवं विकासखंड स्तर पर 360 रिक्त पदों पर भर्ती प्रक्रिया संचालित है। मुख्यमंत्री ने लखनऊ में प्रस्तावित सीड पार्क और टेक्सटाइल पार्क परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए कहा कि इन परियोजनाओं को प्रदेश के कृषि और औद्योगिक विकास से जोड़ते हुए तेजी से आगे बढ़ाया जाए। बैठक में बताया गया कि सीड पार्क परियोजना के संबंध में अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं और प्रमुख बीज कंपनियों के साथ विचार-विमर्श किया गया है तथा आगे की कार्यवाही पर सहमति बनी है। मुख्यमंत्री ने डिफेंस कॉरिडोर परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश को रक्षा उत्पादन के क्षेत्र में अग्रणी राज्य बनाने के लिए निवेशकों को आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराया जाए। बैठक में बताया गया कि आइकॉन्स हिंदुस्तान एयरोस्पेस एंड डिफेंस सिस्टम प्राइवेट लिमिटेड की ओर से अलीगढ़ डिफेंस नोड में 125 करोड़ रुपये के निवेश का प्रस्ताव दिया गया है। तकनीकी मूल्यांकन समिति तथा भूमि आवंटन समिति द्वारा कंपनी के पक्ष में संस्तुति की जा चुकी है और आगे की प्रक्रिया प्रचलित है। मुख्यमंत्री ने जेवर अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के निकट प्रस्तावित एग्रीकल्चर एक्सपोर्ट हब तथा उन्नाव में एक्वा ब्रिज परियोजना की समीक्षा करते हुए कहा कि कृषि और मत्स्य आधारित उत्पादों को वैश्विक बाजार से जोड़ने के लिए आधुनिक प्रोसेसिंग और निर्यात सुविधाएं विकसित की जाएं। बैठक में बताया गया कि एग्री एक्सपोर्ट हब के लिए 50 एकड़ भूमि की आवश्यकता है, जबकि वर्तमान में 29 एकड़ भूमि चिन्हित की जा चुकी है। वहीं उन्नाव में एक्वा ब्रिज परियोजना के लिए 60 एकड़ भूमि चिन्हित कर ली गई है, जहां फिश प्रोसेसिंग, फीड प्लांट, पैकेजिंग और निर्यात संबंधी सुविधाएं विकसित की जाएंगी। मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना की समीक्षा करते हुए कहा कि युवाओं को स्वरोजगार और उद्यमिता से जोड़ने के लिए योजनाओं को और अधिक प्रभावी बनाया जाए। मुख्यमंत्री ने अर्बन चैलेंज फंड के अंतर्गत प्रस्तावित परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए कहा कि तेजी से बढ़ते शहरीकरण को देखते हुए आधुनिक नगरीय अवसंरचना का विकास सर्वोच्च प्राथमिकता पर किया जाए। मुख्यमंत्री ने स्टेट ट्रांसफॉर्मेशन कमीशन की बैठक में सीएम समीक्षा में शामिल परियोजनाओं को शीर्ष प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री कार्यालय में विशेष सेल गठित कर इन परियोजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए।

## निर्वाचन आयोग

बनाए गए नियमों से टकराव है तथा क्या यह मतदाता सूची संशोधन से जुड़े वैधानिक ढांचे का स्थान लेती है। हमारे विचार में दोनों प्रश्नों का उत्तर नहीं में है। न्यायालय ने कहा कि कानून स्वयं किसी भी समय विशेष पुनरीक्षण की अनुमति देता है, बशर्ते उसके कारण दर्ज किए जाएं और प्रक्रिया निर्वाचन आयोग के उपयुक्त समझे जाने के अनुसार अपनाई जाए। इसलिए केवल इस आधार पर इस अभ्यास को अवैध नहीं ठहराया जा सकता कि यह नियमित पुनरीक्षण की सामान्य प्रक्रियाओं से हर दृष्टि से मेल नहीं खाता। पीठ ने कहा हमारे विचार में विवादित एसआईआर आरपीए और नियमों का स्थान नहीं लेती। बल्कि यह अनुच्छेद 324 के तहत संवैधानिक दायित्व को धारा 21(3) द्वारा निर्धारित वैधानिक सीमाओं के भीतर प्रभावी बनाती है। इसलिए यह नहीं कहा जा सकता कि आयोग ने अपने वैधानिक अधिकारों का अतिक्रमण किया है। पीठ ने कहा कि वह इस बात से संतुष्ट है कि एसआईआर का उद्देश्य सीधे तौर पर स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों के संवैधानिक लक्ष्य से जुड़ा है। न्यायालय ने कहा निर्वाचन आयोग द्वारा दर्ज कारण - पिछली गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया के बाद चार दशकों से अधिक समय बीत जाना, इतने वर्षों में बड़े पैमाने पर नाम जोड़ा और हटाया जाना, तेजी से शहरीकरण, पलायन और इसके परिणामस्वरूप मतदाता सूचियों में दोहराव तथा त्रुटियों की संभावना, स्पष्ट रूप से इस मूलभूत शुचिता को बनाए रखने की दिशा में हैं। शीर्ष न्यायालय के अनुसार, एसआईआर समानुपातिकता की कसौटी पर खरा उतरता है और अपनाए गए उपायों का उद्देश्यों से तार्किक संबंध है।

## एशियन गेम्स

कारण सिंह ने हाल में एशियाई ओलंपिक परिषद (ओसीए) के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया था। उन्हें 2024 में चार साल के कार्यकाल के लिए चुना गया था जबकि वह 1991 से 2015 तक इस संस्था में महासचिव रह चुके थे।भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) के सचिव राजीव भाटिया ने कहा, गहरे दुख के साथ हम राजा रणधीर सिंह के निधन की दुखद खबर साझा कर रहे हैं जो आज 27 मई 2026 को स्वर्ग सिधार गए।

## 2031 तक

नागरिकों से मिलने वाली टिप्पणियां और परिवहन दूरी कम करने तक सभी गतिविधियों को पांच वर्षों के लिए 25,530 करोड़ रुपये के प्रावधान के साथ मंजूरी दी गई है। वैष्णव ने कहा कि राज्यों को सरकारी राशन की दुकानों तक खाद्यान्न पहुंचाने की लागत उठाने में मुश्किल हो रही थी लेकिन अब इस योजना के तहत उन्हें सहायता दी जाएगी। साथ ही एफपीएस वितरकों का पारिश्रमिक भी बढ़ाया जाएगा। उन्होंने यह स्पष्ट किया कि यह योजना मौजूदा पीडीएस ढांचे को प्रतिस्थापित नहीं करती है, बल्कि यह वितरण, लॉजिस्टिक, परिवहन, साज-संभाल और शिकायत निवारण व्यवस्था में संरचनात्मक सुधार लाने के उद्देश्य से तैयार की गई है। इसका मकसद अंतिम छोर तक सेवाएं सुनिश्चित करना और नुकसान को कम करना है। तकनीकी मोर्चे पर इस योजना के तहत कृत्रिम मेधा, मशीन लर्निंग , प्राकृतिक भाषा प्रसंस्करण और ब्लॉकचेन जैसी प्रौद्योगिकियों के इस्तेमाल का प्रस्ताव है। इसके तहत वास्तविक समय में निगरानी के लिए एकीकृत डेटाबेस, एआई आधारित शिकायत निवारण प्रणाली और राज्यों में नियंत्रण एवं निगरानी केंद्र स्थापित किए जाएंगे।

## नीट पेपर

था। अधिकारियों ने बताया कि एजेंसी ने पुणे स्थित कोचिंग सेंटर डॉ. अभंग प्रभु मेडिकल एकेडमी (एपीएमए) के भौतिक विज्ञान के शिक्षक तेजस हर्षदकुमार शाह को भी गिरफ्तार किया है। उनके अनुसार, शाह को गिरफ्तार आरोपी मनीषा हवलदार से नीट-यूजी 2026 के भौतिकी के लीक प्रश्न मिले थे। इसके साथ ही प्रश्नपत्र लीक मामले में अब तक गिरफ्तार लोगों की संख्या बढ़कर 13 हो गई है। सीबीआई के एक प्रवक्ता ने बयान में कहा, इस मामले में पूरी साजिश और उससे जुड़े नेटवर्क का पता लगाने के लिए जांच जारी है। सीबीआई अब तक 49 स्थानों पर छापेमारी कर चुकी है और कई आपत्तिजनक दस्तावेज, लैपटॉप तथा मोबाइल फोन जब्त किए हैं। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने 12 मई को मेडिकल प्रवेश परीक्षा राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा यानी नीट को प्रश्न पत्र लीक होने के आरोपों के बीच रद्द कर दिया था। यह परीक्षा तीन मई को हुई थी और पुनर्परीक्षा 21 जून को निर्धारित की गई है। सीबीआई ने शिक्षा मंत्रालय के तहत उच्च शिक्षा विभाग की लिखित शिकायत के आधार पर उसी दिन मामला दर्ज किया था। एजेंसी के प्रवक्ता ने बताया कि केंद्रीय जांच एजेंसी ने मामले की जांच के लिए विशेष टीम गठित कीं, देशभर में तलाशी अभियान चलाए और त्वरित गिरफ्तारियां कीं।

## विकास व

संरक्षण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए योजनाओं का क्रियान्वयन कर रही है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड अपनी प्राकृतिक संपदा और पर्यावरणीय संवेदनशीलता को सुरक्षित रखते हुए विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में राज्य वर्ष 2030 तक सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में लगातार प्रयासरत है। मुख्यमंत्री ने यह भी उल्लेख किया कि नीति आयोग की एसडीजी रैंकिंग में कभी दसवें स्थान पर रहने वाला उत्तराखंड अब देश के अग्रणी राज्यों में शामिल हो चुका है, जो जनसहयोग, प्रभावी नीतियों और प्रशासनिक समन्वय का परिणाम है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार शिक्षा, स्वास्थ्य, ग्रामीण विकास, जल संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण जैसे क्षेत्रों में निरंतर सुधार कर रही है, ताकि विकास का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच सके। कार्यक्रम में केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा ने कहा कि उत्तराखंड की उपलब्धियां सरकार की दूरदर्शी सोच और जनता के सहयोग का प्रमाण हैं। वहीं प्रमुख सचिव नियोजन एवं सीईओ सीपीपीजीजी डॉ. आर. मीनाक्षी सुंदरम ने राज्य में एसडीजी की प्रगति और विभिन्न उपलब्धियों पर विस्तृत जानकारी दी। जिलाधिकारी अंशुल सिंह ने कहा कि जिला प्रशासन समग्र विकास और आमजन के जीवन स्तर में सुधार के लिए पूरी प्रतिबद्धता से कार्य कर रहा है।

## फ्री वाई-फाई

कनेक्टिविटी ही भविष्य की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। ऐसे में प्रोजेक्ट गंगा कनेक्टेड गांव, समृद्ध यूपी के विजन को मजबूत आधार देगा। सरकार की कोशिश है कि डिजिटल सेवाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे और उत्तर प्रदेश तकनीकी रूप से आत्मनिर्भर राज्य के रूप में नई पहचान बनाए।

## लखनऊ में

कार में सवार होकर अपने कार्यालय पहुंचे। विपिन के मुताबिक, कार्यालय के सामने उन्होने संदीप को उतारा और कार पार्क करने लगे। संदीप कार से उतरकर मोबाइल पर बात करते हुए कार्यालय की तरफ बढ़ रहे थे तभी पीछे से एक सफेद रंग की बिना नंबर की अपाचे बाइक पर दो नकाबपोश बदमाश पहुंचे। बाइक चला रहे बदमाश ने हेलमेट पहना था जबकि पीछे बैठे बदमाश ने कपड़े से सिर और चेहरा ढका था। पीछे बैठा बदमाश बाइक से उतरा और संदीप पर एक के बाद एक कुल चार गोलियां चलाई। एक गोली संदीप के सिर, दूसरी सीने और तीसरी पेट पर लगी। संदीप लहूलुहान होकर फर्श पर गिरे इसके बाद बदमाश ने सिर में गोली मारी। चालक विपिन ने बताया कि पहले उन्हें लगा किसी चीज के फटने की आवाज है लेकिन जब संदीप की चीख सुनी तो कार से उतरे। इस बीच दोनों बदमाश फरार हो गए। गोली की आवाज सुनकर आसपास लोग एकत्रित हो गए। चालक ने कार से लहूलुहान हालत में उन्हें एपेक्स ट्रामा सेंटर पहुंचाया जहां इलाज के दौरान संदीप की मौत हो गई। पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) दक्षिण अमित कुमार आनंद ने बताया कि पत्नी की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर अज्ञात बदमाशों को चिन्हित करने के लिए टीम लगाई गई हैं। मोबाइल फोन और अन्य माध्यमों से रंजिश, लेनदेन और जमीन के विवाद के बिंदु पर जांच की जा रही है। हत्या का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है।




# राजस्थान ने हैदराबाद को दिया 244 रन का लक्ष्य

## आईपीएल : सूर्यवंशी ने 97 रन की पारी में 12 सिक्स लगाये, जुरेल की फिफ्टी

एजेंसी

मुल्लांपुर। राजस्थान रॉयल्स ने आईपीएल एलिमिनेटर में सनराइजर्स हैदराबाद को 244 रन का टारगेट दिया। मुल्लांपुर के महाराजा यादविंद्र सिंह स्टेडियम में राजस्थान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 8 विकेट पर 243 रन बनाए। वैभव सूर्यवंशी ने सिर्फ 29 गेंदों पर 334.48 की स्ट्राइक रेट से 97 रन बनाए। उन्होंने पारी में 12 छक्के और 5 चौके लगाए। वैभव एक कढछ सीजन में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाज भी बने। उन्होंने क्रिस गेल का 14 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा। गेल ने 2012 में 59 छक्के लगाए थे, जबकि सूर्यवंशी इस सीजन 65 सिक्स जमा चुके हैं। उनके अलावा ध्रुव जुरेल ने अपनी सबसे तेज फिफ्टी लगाई।




उन्होंने 20 गेंदों पर फिफ्टी पूरी की। जुरेल 51 रन बनाकर आउट हुए। उनकी पारी में चौके और 3 छक्के शामिल रहे। वहीं, हैदराबाद के लिए प्रफुल हिंगे ने सबसे ज्यादा 3 विकेट लिए। आखिरी ओवर में हैदराबाद ने शानदार वापसी करते हुए सिर्फ 5 रन दिए। नांद्रे बर्गर रन आउट हो गए, जबकि रवींद्र जडेजा आखिर तक 12 रन बनाकर नाबाद रहे। राजस्थान की टीम 20 ओवर में 243/8 के स्कोर तक पहुंची। नीतीश रेड्डी ने शानदार ओवर डालते हुए सिर्फ 5 रन दिए और जोफ्रा आर्चर का विकेट भी लिया। आर्चर लो फुलटॉस पर बड़ा शॉट लगाने गए, लेकिन गेंद लॉन्ग-ऑन पर गई जहां अभिषेक शर्मा ने बेहतरीन कैच पकड़ लिया। दासुन शनाका ज्यादा देर टिक नहीं सके और 5 रन बनाकर आउट हो गए। ईशान मलिंगा की शॉर्ट गेंद पर बड़ा शॉट लगाने की कोशिश में वह चूक गए और अभिषेक शर्मा ने लॉन्ग-ऑन पर आसान कैच पकड़ लिया। 16वें ओवर में रियान पराग की पारी का अंत हो गया।

चोट के बावजूद बल्लेबाजी कर रहे पराग ने शॉट खेलने की कोशिश की, लेकिन हेनरिक क्लासन ने लॉन्ग-ऑन पर आसान कैच पकड़ लिया। प्रफुल हिंगे ने उन्हें 12 गेंदों में 26 रन पर आउट किया। ध्रुव जुरेल ने सिर्फ 20 गेंदों में अर्धशतक पूरा किया, लेकिन अगली ही गेंद पर प्रफुल हिंगे ने उन्हें आउट कर दिया। जुरेल 21 गेंदों में 50 रन बनाकर नीतीश रेड्डी के हाथों कैच आउट हुए। 14 ओवर के बाद राजस्थान का स्कोर 192/3 है। युवराज सिंह भी सूर्यवंशी की बल्लेबाजी के मुरीद हो गए। उन्होंने लिखा, बॉस बेबी ने दुनिया के दिग्गजों का रिकॉर्ड तोड़ दिया! यकीन करना मुश्किल है, इस बच्चे को बल्लेबाजी करते देखना शानदार है। गेल का रिकॉर्ड तोड़ने पर केविन पीटरसन ने सूर्यवंशी को बधाई दी। ध्रुव जुरेल ने पैट कमिंस के ओवर में एक छक्का और दो चौके लगाए। इस ओवर में 17 रन बने। 12 ओवर के बाद राजस्थान का स्कोर 168/2 हो गया है। 11वें ओवर में यशस्वी जायसवाल 29 रन बनाकर आउट हो गए।

शिवांग कुमार की गुगली पर जायसवाल ने लॉन्ग-ऑफ के ऊपर शॉट खेलने की कोशिश की, लेकिन अभिषेक शर्मा ने कैच पकड़ लिया। सूर्यवंशी 97 रन बनाकर आउट हो गए। उन्होंने प्रफुल हिंगे की गेंद पर थर्ड मैन के ऊपर शॉट खेलने की कोशिश की, लेकिन आर स्मरण ने शानदार कैच पकड़ लिया। सूर्यवंशी ने सिर्फ 29 गेंदों में 97 रन की विस्फोटक पारी खेली, जिसमें 5 चौके और 12 छक्के शामिल रहे। सूर्यवंशी ने क्रिस गेल का एक सीजन में सबसे ज्यादा छक्के जमाने का 14 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा। गेल ने 2012 में 59 जमाए थे। सूर्यवंशी इस सीजन 65 छक्के जमा चुके हैं। सूर्यवंशी अपना अर्धशतक पूरा कर चुके हैं। सूर्यवंशी की विस्फोटक बल्लेबाजी जारी है। उन्होंने साकिब के ओवर में चौका और छक्का लगाकर राजस्थान का स्कोर 96/0 पहुंचा दिया। सूर्यवंशी 23 गेंदों में 71 रन पर हैं, जबकि जायसवाल 24 रन बनाकर उनका साथ दे रहे हैं।

पावरप्ले में राजस्थान रॉयल्स ने बिना विकेट खोए 80 रन ठोक दिए। शुरूआत में पैट कमिंस ने पहला ओवर 9 रन का डाला, लेकिन इसके बाद वैभव सूर्यवंशी ने गेंदबाजों पर हमला बोल दिया। सूर्यवंशी ने कमिंस के एक ओवर में 25 रन बटोरे और फिर सिर्फ 16 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा कर लिया। सूर्यवंशी ने सिर्फ 16 गेंदों में अर्धशतक जड़ दिया। उन्होंने साकिब हुसैन की स्लोअर गेंद पर डीप स्क्वायर लेग के ऊपर विशाल छक्का लगाकर अपना पचासा पूरा किया। यह छक्का स्टेडियम की तीसरी टियर तक जा पहुंचा। वैभव सूर्यवंशी ने तीसरे ओवर में कमिंस के ओवर में 25 रन ठोक दिए, जिसमें एक चौका और लगातार तीन छक्के शामिल रहे। सूर्यवंशी सिर्फ 10 गेंदों में 36 रन पर पहुंच गए हैं और कढछ के एक सीजन में 600 रन पूरे करने वाले सबसे युवा बल्लेबाज बन गए हैं।

# भारत की निगाहें टी20 विश्व कप से पहले इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला में लय हासिल करने पर

चेम्सफोर्ड (ब्रिटेन)। भारतीय महिला क्रिकेट टीम अगले महीने होने वाले महिला टी20 विश्व कप विश्व कप के लिए अपनी अंतिम तैयारी के तौर पर बृहस्पतिवार से यहां शुरू हो रही तीन मैच की श्रृंखला में मेजबान इंग्लैंड के खिलाफ अपनी निरंतरता दोबारा हासिल करने और सर्वश्रेष्ठ टीम संयोजन तय करने की कोशिश करेगी। टी20 विश्व कप 12 जून से शुरू हो रहा है और इस वैश्विक टूर्नामेंट को देखते हुए हरमनप्रीत कौर की टीम के लिए यह दौरा और भी ज्यादा अहम हो जाता है। भारतीय टीम ने पिछले एक साल में कई बार शानदार प्रदर्शन किया है, लेकिन लगातार लय बनाए रखने में उसे संघर्ष करना पड़ा है। टी20 विश्व कप के लिए भारत की तैयारियां मिली-जुली रही हैं। टीम ने पिछले साल दिसंबर में घरेलू मैदान पर श्रीलंका के खिलाफ 5-0 से शानदार जीत के साथ शुरुआत की थी। इसके बाद टीम ने ऑस्ट्रेलिया में इतिहास रचते हुए 2-। से टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला जीती, इस तरह उसने एक दशक में वहां पहली द्विपक्षीय सीरीज जीती।




ऑस्ट्रेलिया में मिली यह जीत उस टीम के लिए एक बड़ा कदम मानी गई जिसे अक्सर विदेशों में खासकर दबाव वाले हालात में संघर्ष करना पड़ता था। बल्लेबाजों का आक्रामक रवैया और गेंदबाजों की अनुशासित गेंदबाजी विश्व कप की तैयारियों के लिहाज से अच्छे संकेत थे। हालांकि इसके बाद दक्षिण अफ्रीका दौरे पर टीम की लय बिगड़ गई और भारत को।-4 से निराशाजनक हार का सामना करना पड़ा। वहां के हालात ने इस बड़े टूर्नामेंट से पहले टीम की कई कमियों को उजागर कर दिया। बल्लेबाजी में निरंतरता की कमी दिखी, मध्यक्रम मैच खत्म करने में संघर्ष करता रहा और गेंदबाजी आक्रमण भी अहम मौकों पर नियमित रूप से अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाया। पूरी सीरीज के दौरान भारतीय टीम लय में नहीं दिखी। इसलिए इंग्लैंड के खिलाफ यह सीरीज भारत को 14 जून को पाकिस्तान के खिलाफ अपने पहले टी20 विश्व कप मैच से पहले इन कमियों पर काम करने का मौका मुहैया कराएगी। तेज गेंदबाजी की जिम्मेदारी रेणुका सिंह ठाकुर, क्रांति गौड़ और अरुंधति रेड्डी के संभालने की उम्मीद है। इसके अलावा टीम प्रबंधन युवा खिलाड़ी नंदिनी शर्मा को भी कुछ मैच खेलने का मौका दे सकता है क्योंकि इस युवा गेंदबाज ने महिला प्रीमियर लीग में अपनी तेज गेंदबाजी के कौशल से सभी को प्रभावित किया था। भारत की तेज गेंदबाजों को दक्षिण अफ्रीका में संघर्ष करना पड़ा था और इंग्लैंड के हालात में सीम गेंदबाजी को मदद मिलने की उम्मीद है। ऐसे में मेहमान टीम की तेज गेंदबाजों को शुरुआत से ही ज्यादा अनुशासित और सतर्क रहना होगा।

हालांकि राधा यादव और यास्तिका भाटिया की अब वापसी हुई है जो दक्षिण अफ्रीका सीरीज में नहीं खेल पाई थीं जो टीम के लिए सकारात्मक पहलू है। भारत की पहली पसंद की विकेटकीपर भाटिया एसीएल चोट के कारण टीम से बाहर थीं। राधा की वापसी से स्पिन विभाग को अहम अनुभव मिलेगा जिसमें दीप्ति शर्मा, श्री चरणी और श्रेयंका पाटिल भी शामिल हैं। भारत को पिछले साल इंग्लैंड दौरे से भी आत्मविश्वास मिलेगा जब उन्होंने मेजबान टीम पर 3-2 से जीत हासिल करके इंग्लैंड की धरती पर अपनी पहली द्विपक्षीय टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला जीती थी। वहीं इंग्लैंड की टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ शानदार प्रदर्शन के बाद यह श्रृंखला खेल रही है। लेकिन उसे अपनी नियमित कप्तान नैट साइवर-ब्रंट की कमी खलेगी जो अपनी पिंडली की चोट से उबर रही हैं। लेकिन मेजबान टीम को स्टार बल्लेबाज डैनी वाट हॉज की वापसी से मजबूती मिली है जो हाल में मातृत्व अवकाश से लौटीं हैं।

## संक्षेप

### भारतीय महिला टीम ने ऑस्ट्रेलिया को हराया

पर्थ। भारतीय महिला हॉकी टीम ने एक गोल से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए आस्ट्रेलिया को चार मैचों की दोस्ताना श्रृंखला के दूसरे मैच में शूटआउट में 4-2 से हराकर 1-1 से बराबरी की। शानदार शुरूआत के बाद आस्ट्रेलिया ने दसवें मिनट में ओलिविया डोनेस के गोल के दम पर बढत बना ली। भारत ने कई मौके बनाये और पेनल्टी कॉर्नर अर्जित करके आस्ट्रेलिया को दबाव में रखा। भारत के लिये सुशीला चानू ने 46वें मिनट में बराबरी का गोल दागा। शूटआउट में भारत के लिये नवनीत कौर, इशिका चौधरी, अन्नु और रूतुजा पिसल ने गोल दागे। तीसरा मैच शुक्रवार को खेला जायेगा।

### सुमित अंतिल ने अपना ही विश्व रिकॉर्ड तोड़ा

बेंगलुरु। स्टार भारतीय पैरा एथलीट सुमित अंतिल ने बुधवार को यहां इंडियन ओपन अंतरराष्ट्रीय पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में पुरुषों की भाला फेंक एफ64 स्पर्धा में अपना ही विश्व रिकॉर्ड तोड़ दिया। हरियाणा के सोनीपत के रहने वाले दो बार के पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता 27 वर्षीय अंतिल ने भाले को 74.82 मीटर की दूरी तक फेंका जो उनके 73.29 मीटर के पिछले विश्व रिकॉर्ड से अधिक है। यह रिकॉर्ड उन्होंने 2022 एशियाई पैरा खेलों में बनाया था। अंतिल पिछले कुछ समय से अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी स्पर्धा में दबदबा बनाए हुए हैं और उन्होंने निकट भविष्य में 80 मीटर का आंकड़ा पार करने का लक्ष्य भी रखा है। उन्होंने 2020 और 2024 के पैरालंपिक खेलों में स्वर्ण पदक जीते हैं और 2023, 2024 और 2025 में विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप का खिताब भी अपने नाम किया है।

### ईशा सिंह ने विश्व रिकॉर्ड के साथ जीता स्वर्ण पदक

म्यूनिख। विश्व चैंपियनशिप की तीन बार की पदक विजेता ईशा सिंह ने बुधवार को यहां महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल फाइनल में 43 के विश्व रिकॉर्ड स्कोर के साथ दबदबा बनाते हुए आईएसएसएफ विश्व कप के दूसरे दिन स्वर्ण पदक जीतकर भारत का पदक का खाता खोला।

इक्कीस साल की ईशा ने पांच शॉट की 10 सीरीज में स्थानीय दावेदार और पूर्व विश्व चैंपियन डोरीन वेनेकैम्प को पांच शॉट से पछाड़ा। बुल्गारिया की मिरोस्लावा मिनचेवा ने कांस्य पदक जीता।

# शानदार जीत के साथ आशी शमशेरी सेमीफाइनल में

**आइटा सीएस-7 (अंडर-18) बालक व बालिका टेनिस टूर्नामेंट**

लखनऊ। सातवीं वरीय यूपी की आशी शमशेरी ने आइटा सीएस-7 (अंडर-18) बालक एवं बालिका टेनिस टूर्नामेंट में बालिका एकल में शीर्ष वरीय नीति संतोष दुबे के खिलाफ उलटफेर भरी जीत के साथ सेमीफाइनल में स्थान सुरक्षित किया। बुधवार को क्वार्टर फाइनल मुकाबलों के दौरान कई रोमांचक नतीजे देखने को मिले जिसमें बालक एकल में फैज किदवई, मेहर सिंह खोसला, वंशराज जलोटा व अनुरुद्ध कुमार ने जीत दर्ज कर अंतिम चार में प्रवेश किया। एसडीएस टेनिस अकादमी द्वारा लामार्टिनियर कॉलेज स्थित लामार्टिनियर लॉन टेनिस फैसिलिटी में आयोजित टूनार्मेंट में बुधवार को बालक व बालिका एकल तथा बालक युगल के क्वार्टर फाइनल खेले गए। बालिका एकल क्वार्टर फाइनल में सातवीं वरीय यूपी की आशी शमशेरी ने शीर्ष वरीय यूपी की नीति संतोष दुबे को सीधे सेटों में 6-1, 6-0 से हराया। उन्होंने आक्रामक सर्विस और शानदार बेसलाइन खेल का प्रदर्शन करते हुए प्रतिद्वंद्वी पर लगातार दबाव बनाए रखा। चौथी वरीय यूपी की ताशी किरण ने यूपी की आद्या भटनागर के खिलाफ 6-2, 6-0 से जीत दर्ज की। तीसरी वरीय यूपी की आइरा ने पांचवीं वरीय यूपी की ही श्रीप्रिया सिंघल को 6-0, 6-0 से शिकस्त दी। वहीं दूसरी वरीय मध्य प्रदेश की मनुस्मृति सिंह ने छठीं वरीय यूपी की वनीशा जादौन को 6-0, 6-1 से हराकर सेमीफाइनल का टिकट कटाया। बालक एकल क्वार्टर फाइनल में शीर्ष वरीय यूपी के फैज किदवई ने पांचवीं वरीय तेलंगाना के अंकित को 6-1, 6-1 से हराकर अपनी दावेदारी मजबूत की। तीसरी वरीय यूपी के मेहर सिंह खोसला ने कड़े मुकाबले में यूपी के रोहिन राज के खिलाफ 6-2, 6-4 से जीत दर्ज की। अन्य मुकाबलों में चौथी वरीय यूपी के वंशराज जलोटा ने आठवीं वरीय महाराष्ट्र के निपुन चौहान को 6-4, 6-1 से और दूसरी वरीय यूपी के अनुरुद्ध कुमार ने सातवीं वरीय यूपी के विराट सिंह को 6-3, 6-1 से पराजित कर सेमीफाइनल में स्थान सुरक्षित किया।

# प्रणय ने क्रिस्टी को हरा किया उलटफेर

एजेंसी

सिंगापुर। स्टार भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी एचएस प्रणय ने बुधवार को यहां कड़े मुकाबले में इंडोनेशिया के पांचवीं वरीयता प्राप्त जोनाथन क्रिस्टी को हराकर सिंगापुर ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल के दूसरे दौर में जगह बनाई। विश्व चैंपियनशिप 2023 और एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता 33 वर्षीय प्रणय ने एक घंटे से कुछ अधिक समय में दुनिया के पांचवें नंबर के इंडोनेशियाई खिलाड़ी पर 10-21, 21-12, 21-18 से जीत हासिल की।




क्रिस्टी के खिलाफ पिछले पांच वर्षों में यह प्रणय की पहली जीत है। इससे पहले उन्होंने 2021 इंडोनेशिया ओपन में क्रिस्टी को हराया था। प्रणय अब अगले दौर में सिंगापुर के पूर्व विश्व चैंपियन लोह कीन यू से भिड़ेंगे। ध्रुव कपिला और तनीषा क्रास्टो की भारतीय मिश्रित युगल जोड़ी भी वोंग टिएन सी और लिम च्यू सिएन की मलेशिया की जोड़ी को 21-14, 20-22, 21-13 से हराकर दूसरे दौर में पहुंच गई। किदांबी श्रीकांत और मालविका बंसोड़ पहले दौर में ही हारकर बाहर हो गए।

दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी और विश्व चैंपियनशिप 2021 के रजत पदक विजेता श्रीकांत को स्थानीय खिलाड़ी लोह कीन यू के खिलाफ 20-22, 21-19, 17-21 से शिकस्त झेलनी पड़ी। लोह कीन यू ने इस जीत के साथ पिछले हफ्ते भारतीय खिलाड़ी के हाथों मिली हार का बदला ले लिया। चोट के बाद वापसी कर रही मालविका भी चीनी ताइपे की लिन शियांग टी को कड़ी चुनाती देने के बावजूद 21-11, 19-21, 12-21 से हार गईं। प्रणय ने क्रिस्टी के खिलाफ धीमी शुरुआत की जिससे डोनेशियाई खिलाड़ी ने ब्रेक तक 11-5 की बढ़त बना ली। क्रिस्टी ने इसके बाद अपनी बढ़त को 16-9 तक पहुंचाया और फिर अगले छह में से पांच अंक जीतकर पहला गेम अपने नाम कर लिया। दूसरे गेम में प्रणय ने जोरदार वापसी की। उन्होंने ब्रेक तक 11-7 की बढ़त बनाई और फिर क्रिस्टी को कोई मौका नहीं दिया और दूसरा गेम जीतकर स्कोर 1-1 कर दिया। निर्णायक गेम में दोनों खिलाड़ियों के बीच प्रत्येक अंक के लिए कड़ी टक्कर देखने को मिली।

### एफआईएच में भारत की अगुआई करेंगी हरमनप्रीत

नयी दिल्ली। कप्तान और शानदार ड्रैग-फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह की अगले महीने होने वाली एफआईएच प्रो लीग के यूरोपीय चरण के लिए 24 सदस्यीय भारतीय पुरुष हॉकी टीम की कप्तानी करने के लिए बुधवार को वापसी हुई। एफआईएच प्रो लीग अगस्त में होने वाले विश्व कप से पहले तैयारी के लिए एक अहम टूर्नामेंट होगा। हरमनप्रीत ने निजी कारणों का हवाला देते हुए फरवरी में प्रो लीग का होबार्ट चरण नहीं खेला था। भारतीय टीम सात से नौ जून तक ट्रेनिंग और एक मैत्री मैच के लिए ब्रसेल्स जाएगी।

# फ्रेंच ओपन : सिनर व सबालेंका अगले दौर में

एजेंसी

पेरिस। शीर्ष रैंकिंग पर काबिज पुरुष खिलाड़ी यानिक सिनर और महिला खिलाड़ी आर्यना सबालेंका ने फ्रेंच ओपन टेनिस ग्रैंडस्लैम के अपने मुकाबलों में जीत दर्ज की जबकि दानिल मेदवेदेव पांच सेट तक चले मुकाबले में हारकर बाहर हो गए।

सबालेंका ने कोर्ट फिलिप-चैट्रियर पर जेसिका बुजास मानेरो को 6-4, 6-2 से हराया और रात के सत्र में खेलते हुए सिनर ने फ्रांस के वाइल्ड कार्ड खिलाड़ी क्लेमेंट टैबुर को 6-1, 6-3, 6-4 से बुरी तरह पराजित किया। महिला वर्ग में पिछले साल की उप विजेता रहीं अमेरिकी खिलाड़ी कोको गॉफ ने हमवतन टेलर टाउनसेंड पर 6-4, 6-0 की जीत के साथ की जबकि चार बार की मेजर विजेता नाओमी ओसाका ने लॉरा सीगमंड को 6-3, 7-6 (3) से पराजित किया।

लगातार तीसरे दिन पेरिस में तापमान सामान्य से काफी ऊपर चला गया और 35 डिग्री सेल्सियस (95 फारेनहाइट) तक पहुंच गया। असामान्य रूप से गर्म मौसम के कारण कोर्ट सामान्य से ज्यादा तेज हो गए। मेदवेदेव आमतौर पर ऐसे मौसम में अच्छा खेलते हैं,

लेकिन उन्हें 97वीं रैंकिंग वाले ऑस्ट्रेलियाई प्रतिद्वंद्वी एडम वाल्टन के से पांच सेट के मैच में हार का सामना करना पड़ा। वाइल्ड कार्ड धारी वाल्टन ने मेदवेदेव को 6-2,1-6, 6-1,1-6, 6-4 से शिकस्त दी।

# एशियाई इंडोर चैम्पियनशिप की मेजबानी करेगा भारत

एजेंसी

नयी दिल्ली। चंडीगढ अगले साल होने वाली एशियाई एथलेटिक्स रिले और भुवनेश्वर 2028 एशियाई इंडोर चैम्पियनशिप की मेजबानी करेगा। एशियाई एथलेटिक्स संघ (एएए) की कार्यकारी परिषद की हांगकांग में हुई बैठक में यह फैसला लिया गया।

यह बैठक 28 से 31 मई तक होने वाली एशियाई अंडर 20 चैम्पियनशिप से पहले आयोजित की गई थी। विश्व एथलेटिक्स के उपाध्यक्ष और हांगकांग में एएए की बैठक में भाग लेने वाले आदिले सुमरिवाला ने पीटीआई से कहा , भारत को एशियाई रिले की मेजबानी मिली है जो चंडीगढ में 2027 में होगी।



वहीं एशियाई इंडोर चैम्पियनशिप 2028 में भुवनेश्वर में होगी। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ ने पिछले साल दोनों टूर्नामेंटों की मेजबानी के लिये दावा किया था।

एशियाई रिले का पहला सत्र 2024 में बैंकॉक में हुआ जबकि दूसरा इस साल 20 . 21 जून को चीन में होगा। एशियाई इंडोर चैम्पियनशिप फरवरी 2028 में भुवनेश्वर के कलिंगा स्टेडियम में होगी इसी स्टेडियम में तीन से पांच मार्च 2028 के बीच विश्व इंडोर चैम्पियनशिप खेली जायेगी। भारत ने 2028 विश्व अंडर 20 चैम्पियनशिप और 2029 या 2031 में सीनियर विश्व एथलेटिक्स चैम्पियनशिप की मेजबानी की इच्छा भी जताई है।

### इगा स्वियातेक फ्रेंच ओपन के तीसरे दौर में

पेरिस। चार बार की चैम्पियन इगा स्वियातेक ने फ्रेंच ओपन महिला एकल के तीसरे दौर में प्रवेश कर लिया जिससे उनका यहां कैरियर रिकॉर्ड 42 . 3 हो गया। स्वियातेक ने 35वीं रैंकिंग वाली सारा बेजलेक को 6 . 2, 6 . 3 से हराया।

वह 2020, 2022, 2023 और 2024 में यहां खिताब जीत चुकी हैं। भीषण गर्मी के बीच 11वीं वरीयता प्राप्त बेलिंडा बेंचिच ने भी अगले दौर में जगह बना ली जिन्होने अमेरिका की कैटी मैकनैली को 6 . 4, 6 . 0 से हराया।


### निहाल सरीन ने ईस्पोर्ट्स विश्व कप के लिए किया क्वालीफाई

मुंबई। भारतीय ग्रैंडमास्टर निहाल सरीन ने चैंपियंस शतरंज टूर (सीसीटी) लीडरबोर्ड के जरिए पेरिस में होने वाले आगामी ईस्पोर्ट्स विश्व कप (ईडब्ल्यूसी) की शतरंज स्पर्धा के लिए क्वालीफाई कर लिया। ईस्पोर्ट्स और गेमिंग कंटेंट कंपनी एस8यूएल का प्रतिनिधित्व करने वाले सरीन अब तक इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करने वाले दूसरे भारतीय खिलाड़ी बन गए हैं और अपने साथी अरविंद चिदंबरम के साथ शामिल हो गए।

# रेयांश वेंकट ने शतरंज मास्टर्स में एकल बढ़त

एजेंसी

मुंबई। रेयांश वेंकट ने बुधवार को यहां मुंबई फिडे रेटेड अखिल भारतीय शतरंज मास्टर्स सत्र चार के मैच में श्रेयांस सोमैया को हराकर एकल बढ़त बना ली। काले मोहरों से खेलते हुए रेयांश (1906 रेटिंग अंक) ने अपने से बेहतर रेटिंग वाले रेयांश (1973) के हराया। इस जीत से रेयांश ने संभाावित छह में से छह अंक जुटाकर एकल बढ़त बना ली है। जान्हवी सोनेजी (1792) फॉर्म में चल रहे ध्रुव मुठे (1619) को हराकर 5.5 अंक के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर हैं।




शारदुल कदम आदित्य (1917) ने खराब शुरुआत के बाद वापसी करते हुए अहान कटारुका (1686) को हराया जबकि गौरांग भंडारी (1889) ने विहान राव (1725) से ड्रॉ खेला। कड़े मुकाबले में यश कपाड़ी (1854) और अमय दांडेकर (1657) की बाजी ड्रॉ रही जबकि कुश अजय अग्रवाल (1835) ने मान्या बलानी को हराया। वहीं दूसीर ओर भारतीयों के लिए नॉर्वे शतरंज का दूसरा दिन निराशाजनक रहा जिसमें विश्व चैंपियन डी गुकेश ने आर्मागेडन दौर में वेस्ली सो के सामने घुटने टेक दिए तो वहीं आर प्रज्ञानानंदा को शानदार फॉर्म में चल रहे फ्रांसीसी खिलाड़ी अलीरेजा फिरोजा से हार मिली।

# पाटीदार को टी-20 टीम में शामिल करने की मांग

एजेंसी

मुल्लांपुर। कुछ साल पहले धर्मशाला में ही खराब फॉर्म और चोट के कारण रजत पाटीदार भारतीय टीम से बाहर हो गए थे। इंग्लैंड के स्पिनरों ने मार्च 2024 में छह में से तीन मैचों में उन्हें आउट किया और एचपीसीए स्टेडियम पर ही आखिरी टेस्ट में उनकी जगह देवदत्त पडिक्कल को मिली। भले ही प्रारूप अलग हो लेकिन धौलाधर पहाड़ियों से घिरे इसी खूबसूरत स्टेडियम पर आईपीएल में धमाकेदार पारी खेलकर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू को लगातार दूसरी बार फाइनल में पहुंचाने वाले पाटीदार ने भारत की टी20 टीम में वापसी की




चर्चा छेड़ दी है। बतौर बल्लेबाज आईपीएल के इस सत्र में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले पाटीदार को भारत की टी20 टीम में शामिल करने की मांग होने लगी है। उन्होंने आईपीएल के पहले क्वालीफायर में गुजरात टाइटंस के खिलाफ 33 गेंद में नौ छक्कों की मदद से 93 रन बनाये थे। भारत ने सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में टी20 विश्व कप जीता लेकिन इस प्रारूप में भारत के पास इतने प्रतिभाशाली खिलाड़ी हैं कि लंबे समय से खराब फॉर्म में चल रहे सूर्यकुमार की टीम में जगह पर सवाल उठने लगे हैं। श्रेयस अय्यर के प्रशंसक उन्हें कप्तान बनते देखना चाहते हैं जबकि पाटीदार खेमा चाहता है कि वह अगली श्रृंखला के लिये टीम में रहें। अंबाती रायुडू ने ईएसपीएन क्रिकइन्फो से कहा , मैं दो तीन खिलाड़ियों को चुनकर उनके इर्द गिर्द टीम बनाता और रजत उनमें से एक है। आरसीबी के क्रिकेट निदेशक मो बोबाट ने पाटीदार की पारी के बारे में कहा , मैने एक बार उसे स्पिन बैशर कहा था और वह काफी नाराज हो गया था क्योंकि मैं कहना चाहता था कि वह स्पिनरों को ही पीटता है।

उन्होंने कहा , वह शायद मुझे कुछ साबित करना चाहता था। तेज गेंदबाजी हो या स्पिन, फ्रंटफुट हो या बैकफुट, जिस तरह से वह बेखौफ खेलता है , वह देखने में मजा आता है। पाटीदार ज्यादा सुर्खियों में रहने वाले कप्तान नहीं है चूंकि उनकी टीम में विराट कोहली जैसा सुपरस्टार है। वह अपने शानदार खेल से ही ध्यान खींच रहे हैं जिससे राष्ट्रीय चयनकर्ता भी प्रभावित हुए बिना नहीं रह सकेंगे। वहीं दूसरी ओर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ( आरसीबी ) के कप्तान रजत पाटीदार ने इंडियन प्रीमियर लीग के क्वालीफायर मुकाबले में गुजरात टाइटंस पर 92 रन की बड़ी जीत के बाद टीम की आक्रामक बल्लेबाजी और सकारात्मक रवैये की जमकर तारीफ की। पाटीदार ने 33 गेंदों की बेखौफ और विस्फोटक पारी में नाबाद 93 रन बनाकर मैच पर आरसीबी का दबदबा कायम किया। प्लेयर ऑफ द मैच बने पाटीदार ने कहा कि बल्लेबाजों ने जिस इरादे के साथ बल्लेबाजी की, वही टीम की सफलता की सबसे बड़ी वजह रही। आरसीबी ने पांच विकेट पर 254 रन बनाने के बाद टाइटंस को 162 रन पर आउट कर दिया। पाटीदार ने मैच के बाद कहा, यह हमारे लिए शानदार मुकाबला रहा। बल्लेबाजों ने जिस तरह दबदबे के साथ बल्लेबाजी की और शुरुआत से ही आक्रामक इरादा दिखाया, वह टीम के लिए काफी अच्छा रहा। उन्होंने कहा, कोई तय रणनीति नहीं थी, लेकिन हम मानसिक रूप से तैयार थे।

# जनसांख्यिकीय परिवर्तन का आकलन करेगी समिति

## अवैध प्रवासन की समस्या सीमावर्ती क्षेत्रों तक ही सीमित नहीं: गृह मंत्रालय



नयी दिल्ली। अवैध प्रवासन के कारण होने वाले जनसांख्यिकीय परिवर्तन केवल सीमावर्ती क्षेत्रों तक ही सीमित नहीं हैं, बल्कि उनका प्रभाव अब विस्तृत हो गया है, जो शहरी केंद्रों, औद्योगिक गलियारों, जनजातीय क्षेत्रों और अन्य सामाजिक एवं आर्थिक रूप से संवेदनशील क्षेत्रों को प्रभावित कर रहा है। सरकार की एक अधिसूचना में यह बात कही गयी है।

केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना में उच्चतम न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश न्यायमूर्ति प्रकाश प्रभाकर नावलेकर की अध्यक्षता में जनसांख्यिकीय परिवर्तनों पर एक उच्च स्तरीय समिति (एचएलसीडीसी) के गठन के संबंध में कहा गया है कि अवैध प्रवासन के कारण जनसांख्यिकीय परिवर्तनों से व्यापक चुनौतियां उत्पन्न हुई हैं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अवैध प्रवास और अन्य असामान्य कारणों से देशभर में हो रहे जनसांख्यिकीय परिवर्तनों का व्यापक आकलन करने के लिए समिति गठित करने की घोषणा की थी। नयी दिल्ली में मुख्यालय वाली इस समिति में जनगणना आयुक्त के साथ भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के पूर्व अधिकारी दुर्गा शंकर मिश्रा, भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के पूर्व अधिकारी बालाजी श्रीवास्तव सदस्य होंगे। साथ ही, डॉ. शमिका रवि भी सदस्य होंगी। यह समिति एक साल में अपनी रिपोर्ट देगी। शाह ने मंगलवार को कहा था, संयुक्त सचिव (विदेशी-1), गृह मंत्रालय, इस समिति के सदस्य सचिव होंगे। अधिसूचना में कहा गया है कि देश के कुछ क्षेत्रों में जनसांख्यिकीय परिवर्तन देखे गए हैं, जो सामान्य प्रजनन या मृत्यु दर के रुझानों के कारण नहीं हैं बल्कि अवैध प्रवासन, अनियमित जनसंख्या गतिशीलता और प्रशासनिक शिथिलता जैसे बाहरी असामान्य कारकों के कारण उभर रहे हैं। इसमें कहा गया, हालांकि ये बदलाव मुख्य रूप से सीमावर्ती जिलों में केंद्रित हैं, लेकिन इनका प्रभाव इन क्षेत्रों से आगे बढ़कर शहरी केंद्रों, औद्योगिक गलियारों, आदिवासी क्षेत्रों और अन्य सामाजिक और आर्थिक रूप से संवेदनशील क्षेत्रों को भी प्रभावित कर रहा है, जिससे सार्वजनिक सेवा, स्थानीय शासन, संसाधन वितरण और सामाजिक सामंजस्य पर गंभीर प्रभाव पड़ रहा है। अधिसूचना में कहा गया है कि मौजूदा संस्थागत ढांचा इस तरह के जनसांख्यिकीय बदलावों का समन्वित, साक्ष्य-आधारित और समयबद्ध मूल्यांकन करने तथा उन पर कार्वाई करने के लिए पर्याप्त रूप से तैयार नहीं है। इसमें कहा गया है, ...इसलिए, भारत सरकार गृह मंत्रालय के अधीन जनसांख्यिकीय परिवर्तनों पर एक उच्च स्तरीय समिति गठित करने का संकल्प लेती है, जो देश भर में हो रहे ऐसे जनसांख्यिकीय परिवर्तनों की प्रकृति, कारणों और परिणामों का वैज्ञानिक अध्ययन करेगी और उचित नीतिगत, प्रशासनिक और कानूनी उपायों की सिफारिश करेगी। समिति को अवैध प्रवासन सहित जनसांख्यिकीय परिवर्तनों से उत्पन्न चुनौतियों पर व्यापक विचार-विमर्श करने के बाद एक वर्ष के भीतर अपनी रिपोर्ट सौंपने का कार्य सौंपा गया है। यह समिति जनसांख्यिकीय परिवर्तनों के संभावित कारणों का अध्ययन करेगी, जैसे कि प्रजनन दर में भिन्नता, सीमा पार आवागमन, आर्थिक अवसर और अन्य सामाजिक-पर्यावरणीय कारक, साथ ही परिवर्तनों के पीछे अंतर्निहित कारक, जिनमें अवैध प्रवासन, असामान्य बसावट पैटर्न और नियोजित प्रवासन शामिल हैं।

# तमिलनाडु के मुख्यमंत्री विजय ने की प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात



नयी दिल्ली। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री सी. जोसेफ विजय ने बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। राज्य में विधानसभा चुनाव के बाद इस महीने की शुरुआत में तमिलनाडु के मुख्यमंत्री का पदभार संभालने के बाद विजय की प्रधानमंत्री से यह पहली मुलाकात है। प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि तमिलनाडु के मुख्यमंत्री विजय ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। राज्य सरकार ने एक बयान में कहा कि मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री विजय ने प्रधानमंत्री मोदी से मेकेदातु बांध मुद्दा, मछुआरों की गिरफ्तारी और तमिल प्रार्थना गीत विवाद सहित राज्य से संबंधित अन्य मामलों पर चर्चा की। बयान के मुताबिक, मुख्यमंत्री ने कावेरी नदी पर मेकेदातु बांध परियोजना के लिए कर्नाटक द्वारा भूमि पूजन समारोह की घोषणा पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि यह कदम कावेरी जल विवाद न्यायाधिकरण (सीडब्ल्यूडीटी) के अंतिम निर्णय और उच्चतम न्यायालय के फैसले के खिलाफ है। बैठक के दौरान, विजय ने प्रधानमंत्री से तमिलनाडु के मछुआरों की तत्काल रिहाई सुनिश्चित करने के लिए कड़े कदम उठाने का भी आग्रह किया।

## संक्षेप

### प्रश्नपत्र लीक मामलों पर चुप्पी तोड़ें पीएम : कांग्रेस

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने परीक्षा प्रश्नपत्र लीक के मुद्दे पर सरकार के खिलाफ हमला तेज करते हुए बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से अपनी चुप्पी तोड़ने, अक्षम शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के खिलाफ कार्रवाई करने और प्रश्नपत्र लीक को कतई बर्दाश्त नहीं करते हुए सख्त कानून लागू करने की मांग की। कांग्रेस नेता कन्हैया ने नीट प्रश्नपत्र लीक, उसके बाद परीक्षा रद्द होने और सीबीएसई की ऑन स्क्रीन मार्किंग (ओएसएम) प्रणाली को लेकर जारी विवाद पर सरकार पर हमला बोला और आरोप लगाया कि सरकार एक भी परीक्षा ठीक से आयोजित करने में सक्षम नहीं है। सभी महत्वपूर्ण परीक्षाएं आयोजित करने की जिम्मेदारी राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी को सौंपी गई है, जिस पर बार-बार सवाल उठाए जाते हैं। कुमार ने कहा कि एनटीए के निदेशक अभिषेक सिंह की पृष्ठभूमि की जांच से यह सामने आ जाएगा कि वह सत्ता में बैठे लोगों के कितने करीब हैं और सरकार में लोगों के साथ उनके क्या राजनीतिक संबंध हैं। कुमार ने सवाल किया कि ऐसे अधिकारियों को राजनीतिक लाभ के लिए महत्वपूर्ण पदों पर क्यों नियुक्त किया गया और विफलता के बाद उनके खिलाफ कोई कार्वाई क्यों नहीं की गई? नरेन्द्र मोदी, देश के युवाओं के सपनों को तोड़कर उन्हें विकसित भारत का तमाशा दिखा रहे हैं।

# कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने राज्यपाल से मुलाकात का समय मांगा

बेंगलुरु। कर्नाटक में अगले दो दिन में सत्ता परिवर्तन की तेज होती अटकलों के बीच मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने राज्यपाल थावरचंद गहलोत से 28 मई को मिलने का समय मांगा है। मुख्यमंत्री कार्यालय के सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी।

यह अटकलें जोर पकड़ रही हैं कि सिद्धरमैया बृहस्पतिवार को इस्तीफा दे सकते हैं, जिससे उनके उपमुख्यमंत्री डी. के. शिवकुमार के कर्नाटक का अगला मुख्यमंत्री बनने का रास्ता साफ हो जाएगा। मुख्यमंत्री के करीबी एक उच्च पदस्थ सूत्र ने पीटीआई-भाषा से कहा कि हां, उन्होंने कल राज्यपाल से मिलने का समय मांगा है। कांग्रेस के सूत्रों के अनुसार सिद्धरमैया राज्यपाल गहलोत को अपना इस्तीफा सौंप सकते हैं। कांग्रेस आलाकमान राहुल गांधी और पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सिद्धरमैया और शिवकुमार के साथ घंटों चर्चा की और उनसे अलग-अलग भी मुलाकात की। पार्टी अगले महीने होने जा रहे राज्यसभा चुनावों के बाद राज्य में संभावित सत्ता परिवर्तन पर अपना फैसला ले सकती है।

# नेहरू का दूरदर्शी नेतृत्व सदैव हमारा मार्गदर्शन करता रहेगा



नयी दिल्ली। कांग्रेस ने बुधवार को पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी और इस मौके पर लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा कि नेहरू का दूरदर्शी नेतृत्व हमेशा हमारा मार्गदर्शन करता रहेगा।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने शांतिवन स्थित नेहरू के स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की। राहुल गांधी ने एक्स पर पोस्ट कर कहा कि देश के प्रथम प्रधानमंत्री, पंडित जवाहरलाल नेहरू जी की पुण्यतिथि पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि। आधुनिक भारत की मज़बूत नींव रखते हुए उन्होंने एक समावेशी, सौहार्दपूर्ण और प्रगतिशील भारत के निर्माण के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित किया। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता, लोकतांत्रिक सिद्धांतों, संवैधानिक अधिकारों, सामाजिक न्याय और वैज्ञानिक दृष्टिकोण पर आधारित उनका दूरदर्शी नेतृत्व सदैव हमारा मार्गदर्शन करता रहेगा। खरगे ने एक्स पर पोस्ट कर कहा कि आधुनिक भारत की मजबूत नींव रखने वाले, लोकतांत्रिक मूल्यों के अडिग प्रहरी, वैज्ञानिक सोच, औद्योगिक विकास और आर्थिक आत्मनिर्भरता के मार्गदर्शक, विविधता में एकता के विचार को जन-जन तक पहुंचाने वाले, भारत रत्न पंडित जवाहरलाल नेहरू जी की पुण्यतिथि पर उन्हें कोटि-कोटि नमन। उन्होंने कहा कि उनकी दूरदर्शी सोच, संस्थाओं के निर्माण की प्रतिबद्धता और प्रगतिशील नेतृत्व ने भारत को विश्व मंच पर नई पहचान दिलाई। पंडित नेहरू के अमूल्य योगदान के बिना 21वीं सदी के भारत की कल्पना अधूरी है।

# भाजपा प्रायोजित महंगाई की आग से जनता के पसीने छूट रहे : खरगे



नयी दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की बढ़ती गर्मी के मद्देनजर लोगों से सावधानी बरतने की अपील की आलोचना करते हुए बुधवार को कहा कि गर्मी तो बर्दाश्त हो जाएगी, लेकिन भाजपा प्रायोजित महंगाई की आग से जनता के पसीने छूट रहे हैं।

उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी से सवाल किया कि अपनी सरकार की लूट पर भी कभी कुछ बोलिए? खरगे ने एक्स पर पोस्ट कर कहा, गर्मी तो झेल लेंगे, पर भाजपा प्रायोजित महंगाई की आग से आम जनता के पसीने छूट रहे हैं। अपनी सरकार की लूट पर भी कभी कुछ बोलिए, मोदी जी ? उनका बयान प्रधानमंत्री मोदी की उस अपील के बाद आया, जिसमें उन्होंने देशवासियों से भीषण गर्मी के बीच ज्यादा से ज्यादा सावधानी बरतने और पर्याप्त पानी पीते रहने के लिए कहा है। प्रधानमंत्री ने एक्स पर पोस्ट कर कहा कि बच्चे, बुजुर्ग और धूप में काम करने वाले लोग इस भीषण गर्मी में सबसे अधिक प्रभावित होते हैं। समय रहते ध्यान न देने पर यह स्थिति लू लगने (हीटस्ट्रोक) जैसी गंभीर समस्या का रूप ले सकती है। ऐसे समय में आपकी सतर्कता और देखभाल किसी का जीवन बचा सकती है।

उन्होंने कहा कि देश के अलग-अलग हिस्सों में तापमान लगातार बढ़ रहा है और इसके साथ ही दैनिक जीवन में गर्मी से होने वाली कई कठिनाइयां भी बढ़ रही हैं। मैं सभी देशवासियों से आग्रह करता हूं कि जितनी अधिक सावधानी बरत सकें, अवश्य बरतें। कृपया पर्याप्त मात्रा में पानी पीते रहें, घर से बाहर निकलते समय पानी साथ रखें। ऐसे मौसम में आपकी संवेदनशीलता भी बहुत बड़ा सहारा बन जाती है।

# ईडी अधिकारियों के वाहन पर हमला

तिरुवनंतपुरम। केरल के पूर्व मुख्यमंत्री पिनराई विजयन के आवास के बाहर बुधवार को उस समय हिंसा भड़क उठी, जब प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारी छापेमारी की कार्वाई पूरी कर परिसर से बाहर निकल रहे थे। विजयन के आवास के बाहर कथित तौर पर मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के कार्यकर्ताओं ने कम से कम तीन वाहनों पर हमला किया, जिनमें ईडी के अधिकारियों को ले जा रहा वाहन भी शामिल था।

इस दौरान पुलिस हिंसक भीड़ को रोकने में विफल रही। समाचार चैनलों पर प्रसारित दृश्यों के अनुसार माकपा के कथित कार्यकर्ता और पार्टी के सहयोगी संगठनों के कार्यकर्ता विजयन के किराए के घर के बाहर जमा हुए और उन्होंने छापेमारी के खिलाफ प्रदर्शन किया। जैसे ही छापेमारी में शामिल ईडी के अधिकारी और केंद्रीय सुरक्षाकर्मी विजयन के घर से निकले, प्रदर्शनकारियों ने उनके वाहनों को घेरकर रास्ता रोक दिया और उन पर पत्थर व ईंटें फेंकनी शुरू कर दीं। इससे गाड़ियों के शीशे बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। बड़ी संख्या में मौजूद प्रदर्शनकारियों ने ईडी और केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए वाहनों पर लातें मारीं, खिड़कियों और शीशे पर मुक्के मारे और डंडे बरसाए तथा उन पर अंडे भी फेंके। खबरों के मुताबिक, वाहनों के चालकों में से एक घायल हो गया। इसके बाद ईडी के अधिकारी प्रदर्शनकारियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराने के लिए थंपानूर थाने गए। पुलिस और केंद्रीय सुरक्षा कर्मियों को भीड़ को नियंत्रित करने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी। घटना के दौरान जिस वाहन को निशाना बनाया गया उसमें महिला अधिकारी भी सवार थीं। इससे पहले, जब विजयन के आवास पर ईडी की छापेमारी जारी थी, तब आक्रोशित माकपा कार्यकर्ताओं ने परिसर के बाहर तैनात सुरक्षाकर्मियों पर हेलमेट, प्लास्टिक की बोतलें और पत्थर फेंके।

# यूसीसी विधेयक किसी धर्म के खिलाफ नहीं : राजग

गुवाहाटी। असम विधानसभा में सत्तारूढ़ राजग का प्रतिनिधित्व करने वाले विधायकों ने बुधवार को कहा कि दो दिन पहले सदन में पेश किया गया समान नागरिक संहिता (यूसीसी) विधेयक महिलाओं के अधिकारों की सुरक्षा के उद्देश्य से है और यह किसी धर्म या धार्मिक प्रथा के खिलाफ नहीं है। विधायकों ने सदन में इस प्रस्तावित कानून को एक ऐतिहासिक कदम बताया और जोर देकर कहा कि राज्य के जनजातीय समुदायों को इस विधेयक के दायरे से बाहर रखा गया है, जिससे उनकी पारंपरिक कानून व्यवस्था यथावत बनी रहेगी। राजग विधायक नयी विधानसभा के पहले सत्र के अंतिम दिन इस विधेयक पर चर्चा के दौरान बोल रहे थे, जिसे पारित करने के लिए सदन में रखा गया है। भाजपा विधायक और पूर्व मंत्री पीयूष हजारिका ने सभी वर्गों से इस विधेयक का समर्थन करने की अपील की और दावा किया कि यह किसी धर्म या धार्मिक प्रथा के खिलाफ नहीं है। असम सरकार ने सोमवार को यूसीसी विधेयक सदन में प्रस्तुत किया था।

## इंटरटेनमेंट...

# अक्षय कुमार ने लिया भोजपुरी का सहारा



**मुंबई**। फिल्म वेलकम टू द जंगल का गाना घिस घिस घिस आज रिलीज हो चुका है। ये एक भोजपुरी गाना है, जिसमें अक्षय कुमार भोजपुरी एक्ट्रेस अक्षरा सिंह संग, वल्गर और डबल मीनिंग लिरिक्स पर थिरकते दिखे हैं। जाहिर तौर पर लगातार फ्लॉप फिल्में दे रहे अक्षय कुमार अब इस नई स्ट्रेटेजी के साथ भोजपुरी ऑडियंस को टारगेट करते हुए भोजपुरी स्टार्स का सहारा ले रहे हैं। अक्षय कुमार ने आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट से फिल्म वेलगम टू द जंगल गाने की एक झलक शेयर की है। गाने के कैप्शन में अक्षय कुमार ने लिखा है, फटेगा स्पीकर और ब्रेक होगा पूरा डांस फ्लोर। घिस घिस घिस सॉन्ग आज रिलीज हो रहा है। अक्षय कुमार लंबे समय से एक हिट फिल्म की तलाश में हैं। उनकी इस साल रिलीज हुई फिल्म भूत बंगला बॉक्स ऑफिस पर कोई खास कमाल नहीं दिखा सकी है। इससे पहले 2025 में आई उनकी फिल्में कनप्पा, स्काई फोर्स, हाउसफुल 5 और जॉली एलएल बी 3 भी कोई खास इम्पैक्ट नहीं छोड़ सकीं। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या अक्षय कुमार अब हिट की तलाश के लिए भोजपुरी स्टार्स और भोजपुरी गानों का सहारा ले रहे हैं। फिल्म वेलकम टू द जंगल गाने का टाइटल है, घिस घिस घिस। गाने की लिरिक्स में रगड़के नहला देब साबुन से, होंठवा पे काटे जैसे मधुमक्खी, रगड़े जवानी जैसे भर-भर के, जैसे बोल इस्तेमाल किए गए हैं। गाने को विक्रम मोन्तरोज, सुप्रिया पाठक ने आवाज दी है, जबकि इसकी लिरिक्स अभिनव शेखर ने लिखी है। नोरा फतेही और संजय दत्त भी एक ऐसे ही बोल वाले गाने सरके चुनरिया तेरी के चलते विवादों में हैं।

> ❍ रगड़के नहला देब साबुन से, ऐसे ही गाने से फंसे नोरा-संजय

दोनों के खिलाफ शिकायतें दर्ज कर समन भी किया गया और महिला आयोग द्वारा दोनों को फटकार भी लगाई गई है। महिला आयोग के सामने पेश हुए संजय दत्त और नोरा फतेही दोनों ने कहा कि उन्हें लिरिक्स की जानकारी नहीं थी। आयोग के सामने माफी मांगते हुए 50 आदिवासी बच्चों की शिक्षा की जिम्मेदारी उठाई। वहीं दूसरी तरफ नोरा ने ऐलान किया कि वो अब से आइटम सॉन्ग में काम नहीं करेंगी। विवाद के बाद इस गाने को डिलीट किया गया था।

# रणवीर सिंह को फिल्म वर्कर्स एसोसिएशन ने किया बैन



**मुंबई**। बॉलीवुड एक्टर रणवीर सिंह पर 'फेडरेशन ऑफ वेस्टर्न इंडिया सिने एम्प्लॉइज' ने बैन लगा दिया है। यह फैसला सोमवार शाम को फिल्म 'डॉन 3' को लेकर फिल्ममेकर और एक्टर फरहान अख्तर के साथ हुए विवाद के बाद लिया गया। दरअसल, रणवीर सिंह के अचानक इस फिल्म से बाहर होने के बाद फरहान ने वर्कर्स एसोसिएशन से इसकी शिकायत की थी। फरहान का कहना है कि फिल्म का प्री प्रोडक्शन शुरू हो गया था, इसके बाद रणवीर ने फिल्म छोड़ दी। इससे फिल्म मेकर्स को 45 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है। एफडब्ल्यूआईसीई ने मामले में रणवीर सिंह के खिलाफ नॉन-कोऑपरेशन डायरेक्टिव (असहयोग निर्देश) जारी कर दिया है।

> ❍ डॉन-3 छोड़ने पर फरहान ने शिकायत की

# एआई बिकनी वीडियो पर भड़कीं एक्ट्रेस रुक्मिणी वसंत

**मुंबई**। फेक एआई से बने वीडियो और तस्वीरों को लेकर साउथ एक्ट्रेस रुक्मिणी वसंत भड़क गई हैं। एक्ट्रेस ने कहा कि उनकी कई एआई-जनरेटेड तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। इन तस्वीरों को बनाने और फैलाने वालों के खिलाफ वह कानूनी और साइबर क्राइम कार्रवाई शुरू कर रही हैं। रुक्मिणी ने शनिवार को अपने एक्स अकाउंट पर एक नोट शेयर कर लिखा, ह्यमेरी टीम और मैंने सोशल मीडिया पर कुछ एआई से बनाई गई तस्वीरें देखी हैं, जिनके बारे में दावा किया जा रहा है कि वो मेरी हैं। मैं साफ कहना चाहती हूं कि ये तस्वीरें पूरी तरह फर्जी और बनाई गई हैं। इस तरह की एडिटेड तस्वीरें बनाना और फैलाना बहुत गैरजिम्मेदाराना है। यह किसी की प्राइवेसी का बड़ा उल्लंघन भी है। उन्होंने आगे लिखा, 'हम इस मामले को गंभीरता से ले रहे हैं। इन तस्वीरों को बनाने और फैलाने वालों के खिलाफ कानूनी और साइबर क्राइम कार्रवाई शुरू की जा रही है। मैं सभी लोगों से अपील करती हूं कि ऐसे कंटेंट को शेयर न करें और न ही उसे बढ़ावा दें।

> ❍ फेक कंटेंट फैलाने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की बात कही

# राजकुमार राव की पहली थिएट्रिकल फिल्म 'रफ्तार'




मुंबई। फिल्म में राजकुमार राव और कीर्ति सुरेश मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे। राजकुमार राव और साउथ एक्ट्रेस कीर्ति सुरेश स्टारर फिल्म 'रफ्तार' अब 16 अक्टूबर 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म को पहले जुलाई में रिलीज किया जाना था, लेकिन अब इसे दशहरे के लंबे वीकेंड पर दर्शकों के बीच लाने का फैसला किया गया है। फिल्म को अमेजन एमजीएम स्टूडियोज का समर्थन प्राप्त है। फिल्म का निर्माण पत्रलेखा ने अपने बैनर 'कम्पा फिल्म' के तहत किया है। यह पत्रलेखा और राजकुमार राव की बतौर निमार्ता पहली थिएट्रिकल फिल्म होगी। फिल्म का निर्देशन आदित्य निम्बालकर ने किया है। फिल्म के एग्जीक्यूटिव प्रोड्यूसर तरुण बाली हैं, जबकि कहानी और स्क्रीनप्ले रोहन नारुला ने लिखा है। फिल्म के वितरण की जिम्मेदारी पीवीआर आईनॉक्स पिक्चर्स संभालेगी। फिल्म में अनुराग ठाकुर, रोहन वर्मा, तान्या मानिकतला और रजत कपूर भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। 'रफ्तार' एक ड्रामा फिल्म है, जो महत्वाकांक्षा, सत्ता और सफलता की दौड़ में चुकाई जाने वाली भावनात्मक कीमत को दर्शाती है। कहानी भारत की तेजी से बढ़ती एड-टेक इंडस्ट्री की पृष्ठभूमि पर आधारित है, जहां एक स्टार्टअप की तेज सफलता और उसके बाद आने वाले उतार-चढ़ाव को दिखाया जाएगा।




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी** (पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com

C M Y K